
सुप्रभात
रांची, रविवार
23.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081    मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 339



12 सोनाक्षी ने हाथों पर रचाई जहीर के नाम की मेहंदी






## न्यूज डायरी

### सीएम आज जमशेदपुर में बांटेंगे परिसंपत्तियां

**रांची।** सीएम चंपई सोरेन एक दिवसीय दौरे पर रविवार को जमशेदपुर जायेंगे। वे घाटशिला में 100 करोड़ से ऊपर कई योजनाओं का शिलान्यास उद्घाटन और परिसंपत्ति का वितरण करेंगे। बुरुडीह डैम का निरीक्षण भी करेंगे। साथ ही वहां वृक्षों को रक्षा सूत्र बांध कर वृक्ष संरक्षित करने का संदेश देंगे। घाटशिला में आयोजित माझी परगना महाल आदिवासी पारंपरिक सुशासन व्यवस्था के 14 महासम्मेलन में शिरकत करेंगे।

### फोटोशूट के बहाने बुलाकर दो से गैंगरेप

**सिमडेगा।** एक नाबालिग समेत दो लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों की ओर से केस दर्ज कराने के बाद पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों लड़कियों को फोटोशूट के बहाने बुलाया गया था। पहले से परिचित होने के कारण ये लड़कियां फोटोशूट के लिए युवकों के साथ चली गयीं। जंगल ले जा कर दोनों से बारी-बारी से दुष्कर्म किया गया।

### मैनहर्ट घोटाला: सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**रांची।** मैनहर्ट घोटाला मामले में एसीबी में दर्ज पीइ की रिपोर्ट अब तक नहीं आने एवं मामले में एफआईआर दर्ज नहीं होने को लेकर दायर विधायक सरयू राय की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शनिवार को हुई। मामले में कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

### नहाने गयी दो छात्राओं की नदी में डूबने से मौत

**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र के कोयनारा जराकेल गांव के पास शनिवार को कोयनारा नदी में डूबने दो छात्राओं की मौत हो गयी। मृतकों में मुरहू थाना क्षेत्र के दरला जामटोली निवासी जीवन तिडू की पुत्री असरिता तिडू (15 ) और रनिया थाना क्षेत्र के कोयनारा जराकेल गांव की जेम्स कोनगाड़ी की बेटी जेनल रानी कोनगाड़ी (25) शामिल हैं। असरिता खूंटी के एसडीए स्कूल में नवीं कक्षा की छात्रा थी। वहीं जेनल रांची से बीएड कर रही थी। पुलिस दोनों शवों को नदी से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## नीट पेपर लीक मामला : बिहार ने सौंपी रिपोर्ट, झारखंड से भी जुड़े तार

# एक्शन में केंद्र , एनटीए के डीजी को को हटाया, हाईलेवल कमेटी बनायी

खबर मन्त्र टीम

**नयी दिल्ली, रांची।** नीट यूजी पेपर लीक के आरोपों के बीच केंद्र सरकार एक्शन में आ गयी है। केंद्र सरकार ने बड़ा एक्शन लेते हुए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के डीजी सुबोध कुमार सिंह को हटा दिया है। उनकी जगह प्रदीप सिंह खरोला को एनटीए का नया डीजी नियुक्त किया गया है। वहीं दूसरी तरफ 23 जून को होने वाली नीट-पीजी की प्रवेश परीक्षा स्थगित कर दी गयी है। नयी तारीख जल्द से जल्द अधिसूचित की जायेगी।

**दो माह में कमेटी देगी रिपोर्ट :** शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति बनायी है। समिति 2 महीने के भीतर रिपोर्ट सौंपेगी। समिति में 7 लोग शामिल हैं। कमिटी के चेयरमैन ईसरो के पूर्व चेयरमैन डॉ के राधाकृष्णन बनाये गये हैं। साथ ही हैदराबाद केंद्रीय विवि के कुलपति प्रोफेसर बीजे राव और एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक रणदीप गुलेरिया इस समिति में शामिल हैं। ये समिति परीक्षाओं की प्रक्रिया में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए स्ट्रक्चर पर काम करेगी।

**अबतक 13 गिरफ्तार:** वहीं शनिवार को बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) ने नीट पेपर लीक मामले में अपनी रिपोर्ट केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को सौंपी दी। इसमें इस मामले में अब तक गिरफ्तार चार परीक्षार्थियों समेत 13 आरोपितों के बयानों की प्रति दी गयी। पेपर लीक मामले के तार झारखंड से भी जुड़ गये हैं।

बिहार की जांच टीम ने देवघर में छह लोगों को हिरासत में लिया है। जांच टीम के सदस्य जांच करने रांची और हजारीबाग भी पहुंचे। अंदेशा है कि रांची से सभी जगहों पर भेजे गये थे प्रश्नपत्र।

(शेष पेज 11 पर)




### बिहार की टीम ने देवघर से छह को हिरासत में लिया

**बिहार इओयू** की जांच टीम ने नीट पेपर लीक केस में देवघर जिला से छह आरोपियों को हिरासत में लिया है। देवघर के देवीपुर थाना पुलिस के सहयोग से पटना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इन छह आरोपियों में चिंटू उर्फ बलदेव भी शामिल है। उसी के मोबाइल पर 5 मई को सुबह 9:00 बजे व्हाट्सएप के माध्यम से प्रश्न-पत्र और उत्तर उपलब्ध हुए थे। चिंटू ने ही बच्चों को प्रश्नों के उत्तर दिये थे और रटवाये थे। पटना की टीम जांच करने और मास्टरमाइंड सिकंदर यादवेंदु को दबोचने रांची भी पहुंची। रांची के बरियातू में घर है। उसे लालू प्रसाद का करीबी बताया जाता है। चारा घोटाले में जब लालू प्रसाद रांची जेल में थे, तब सिकंदर यादवेंदु उनसे अक्सर मुलाकात किया करता था। इस बार नीट पेपर लीक में वह मास्टरमाइंड है। सिकंदर यादवेंदु जूनियर इंजीनियर के पद पर बिहार में बहाल हुआ था। मूल रूप से वह समस्तीपुर का रहनेवाला है। पटना पुलिस ने देवघर एम्स के पास झुनु सिंह के मकान से पंकु कुमार, परमजीत सिंह, चिंटू उर्फ बलदेव कुमार, काजू उर्फ प्रशांत कुमार, अजीत कुमार और राजीव कुमार को हिरासत में लिया है। इनकी निशानदेही पर अन्य आरोपियों को हिरासत में लेने के लिए पुलिस विभिन्न जगहों पर छापेमारी की। इसीक्रम में देवघर से 6 आरोपी हिरासत में लिये गये।

## भगवान जगन्नाथ एकांतवास में



**रांची।** जेष्ठ मास की पूर्णिमा शनिवार को अपराह्न एक बजे देव स्नान महोत्सव मनाया गया। अधिक स्नान से प्रभु बीमार पड़ गये और 15 दिनों के एकांतवास में चले गये। इससे पूर्व शंख, घंट, भेर, ढाक एवं भक्तो के जय घोष के बीच गर्भ गृह से महाप्रभु जगन्नाथ, माता सुभद्रा और भाई बलभद्र को स्नान मंडप में लाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बारी बारी से तीनो विग्रहो को मंदिर के पुजारी रामेश्वर पाढ़ी, कोषतूभ मिश्रा, सरयू नाथ मिश्र, श्रीराम महंती ने स्नान कराया। इसके बाद महाप्रभु का नये वस्त्र पहनाये गये और उनका श्रृंगार किया गया। दो बजे बजे मंगल आरती के बाद मालपुआ, आम, बादाम, इलाइचीदाना का भोग लगाया गया। 3:00 बजे महाप्रभु की श्रृंगार कर 108 मंगल आरती हुई। साथ ही श्री जगन्नाथ अष्टकम, गीता का पाठ किया गया। 3:30 महाप्रभु को एकांतवास में ले जाया गया। 15 दिनों तक एकांतवास में रहेंगे। अब 06 जुलाई को नेत्रदान महोत्सव के दिन शाम के 4:30 बजे महाप्रभु स्वस्थ हो कर बाहर निकलेंगे और भक्तों को दर्शन देंगे। 07 जुलाई को रथ यात्रा शुरू होगी। शाम के 4:00 बजे रथ से भगवान भाई-बहनों के साथ मौसी बाड़ी को पहुंचेगा। पुनः 17 को घुरती रथ यात्रा में भगवान अपने धाम लौटेंगे।

# स्कूल में दूषित जल पीने से 20 बच्चे बीमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत के महुआमिलान ग्राम के डूरु टोले में स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में लगी पानी टंकी का पानी पीने से शनिवार को लगभग 20 बच्चे बीमार पड़ गये। खबर मिलते ही स्वास्थ्य उपकेंद्र महुआमिलान से सीएचओ विकास राणा, एएनएम विकाश लता मिंज, सहिया सुनीता देवी जांच करने स्कूल पहुंचे। मेडिकल टीम ने जांच के बाद बच्चों की स्थिति को खतरे से बाहर बताया। इससे परिजनों एवं प्रशासन ने राहत की सांस ली। सुबह प्रार्थना के बाद इन बच्चों ने टंकी का पानी पीया था। पानी के स्वाद में अंतर होने व बदबू आने की शिकायत शिक्षक शिवकुमार मुंडा से की। शिक्षकों ने जल मीनार की जांच की तो उन्हें भी पानी जहरीला होने का संदेह हुआ। टंकी के पानी के अंदर सफेद रंग का कुछ पदार्थ जमा दिखा। जब तक शिक्षक कुछ समझ पाते कई बच्चों ने उल्टी, दस्त व गले मे खुजली होने की शिकायत की। विद्यालय में हड़कंप मच गया। सभी बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा भेजा गया और परिजनों को खबर दी गयी। सभी बच्चों का इलाज चंदवा सीएचसी की मेडिकल टीम की निगरानी में ही चल रहा है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।



### पानी टंकी में विषाक्त पदार्थ मिलाये जाने की आशंका

शिक्षकों एवं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पानी टंकी में जिस प्रकार पदार्थ जमा है उससे प्रतीत होता है कि किसी शरारती तत्व के द्वारा पानी में कुछ विषाक्त पदार्थ मिलाया गया हो। उसके सेवन से ही बच्चों की तबीयत बिगड़ी है। लोगों ने बताया की टंकी के अंदर सफेद रंग का पदार्थ भी जमा मिला है जिसे एकत्र कर उन्होंने अधिकारियों को दी है। अधिकारियों ने बताया कि पानी व टंकी के अंदर से बरामद सफेद रंग के पदार्थ का सैंपल को जांच के लिए भेजा जायेगा। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि आखिर टंकी में किस चीज की मिलावट की गयी थी, जिससे पानी जहरीला हुआ।

# प्लेटफॉर्म टिकट जीएसटी के दायरे से बाहर : वित्त मंत्री

## दूध के डिब्बों पर जीएसटी 18 से घटा कर 12 फीसदी करने की सिफारिश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जीएसटी की 53वीं बैठक में भारतीय रेलवे की ओर से दी जाने वाली प्लेटफॉर्म टिकट जैसी सेवाओं को जीएसटी से छूट दी गयी। इससे प्लेटफार्म टिकट अब सस्ता होने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को जीएसटी काउंसिल मीटिंग की। बैठक के दौरान बताया गया कि इंडियन रेलवे की कई सेवाओं को जीएसटी के दायरे से बाहर कर दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अब प्लेटफॉर्म टिकट पर जीएसटी नहीं लगेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मैं करदाताओं को आश्वस्त करना चाहती हूं कि हमारा इरादा जीएसटी करदाता के जीवन को आसान बनाना है। हम कम से कम अनुपालन की दिशा में काम कर रहे हैं। (शेष 11 पर)

### मौद्रिक सीमा तय करने की सिफारिश



केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि सरकारी मुकदमों को कम करने के लिए जीएसटी परिषद ने विभिन्न अपीलीय प्राधिकरणों के समक्ष कर विभाग की ओर से अपील दायर करने के लिए एक मौद्रिक सीमा तय की है। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए 20 लाख रुपये, हाई कोर्ट के लिए एक करोड़ रुपये और सुप्रीम कोर्ट के लिए दो करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा तय करने की सिफारिश की है। इसके तहत यदि मौद्रिक सीमा जीएसटी परिषद की ओर से तय सीमा से कम है तो कर प्राधिकरण आमतौर पर अपील नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि परिषद ने यह भी सिफारिश की है कि अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करने के लिए पूर्व जमा की अधिकतम राशि सीजीएसटी और एसजीएसटी के लिए 25 करोड़ रुपये से घटाकर 20 करोड़ रुपये की जाये।

### कार्टन बॉक्स में जीएसटी घटाने की सिफारिश

जीएसटी परिषद की बैठक में दूध समेत सभी प्रकार के कार्टन बॉक्स पर जीएसटी को 18 फीसदी से घटाकर 12 प्रतिशत करने की सिफारिश की है। यहां जारी एक बयान में कहा गया है कि हिमाचल प्रदेश लगातार सेब के कार्टन बॉक्स पर जीएसटी में कमी की मांग कर रहा है और इस कटौती से बागवानों और उद्योग दोनों को लागत बचाने में मदद मिलेगी।




## रांची, मानगो, गिरिडीह और धनबाद की जलापूर्ति योजना को हैंडओवर लेने का आदेश

# 80 प्रतिशत पूरी हो चुकी पेयजल की योजनाओं को शुरू करने का निर्णय

**कांटाटोली फ्लाईओवर का काम 31 जुलाई तक पूरा करने का निर्णय**

**कोताही बरतने वाली कंपनियों को बर्खास्त करने का आदेश**

**लाभुकों को प्रोत्साहित करने के लिए आवास मेला लगाने का सुझाव**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने शनिवार को जुडको के अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहरी पेयजलापूर्ति की योजनाओं के तहत जिनका काम 70 से 80 प्रतिशत तक पूरा हो गया है, उनसे जलापूर्ति शुरू करा दी जाये, बशर्ते जलशोधन संयंत्र और इंटेक वेल बन गया हो। श्री राजकमल शनिवार को जुडको के सभागार में योजनाओं की समीक्षा करते हुये यह निर्देश दिया। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि कांटाटोली फ्लाईओवर का काम हर हाल में 31 जुलाई तक समाप्त कर अगस्त के प्रथम सप्ताह में उद्घाटन कराया जाये। उन्होंने रांची के रविंद्र भवन का भी काम अगस्त माह के अंत तक पूरा करने का निर्देश दिया। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए स्थानीय उपायुक्तों एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। सचिव ने कहा कि शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को आवास लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निकायों में आवास मेला लगाया जाये।

श्री राजकमल ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से समन्वय स्थापित कर आदित्यपुर की भांति रांची, मानगो, धनबाद एवं गिरिडीह की पेयजलापूर्ति संचालन के लिए जुडको को हैंडओवर लेने का आदेश दिया। सचिव ने रांची पेयजलापूर्ति फेज- एक के राइजिंग पाइप बिछाने के लिए वैकल्पिक मार्ग पर काम शुरूकर यथासंभव पेयजलापूर्ति शुरू की जाये। रांची में जहां जहां फ्लाईओवर नहीं बन रहा हो वहां पथ निर्माण विभाग से बात कर वहां फुटओवर ब्रिज बनाने की दिशा में पहल करने का आदेश दिया।

स्मीक्षा बैठक में सचिव ने धनबाद और जमषेदपुर में ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने के लिए संबंधित उपायुक्त से पत्राचार कर जमीन मुहैया कराने की पहल करने का निर्देश दिया। यह भी निर्देश दिया कि जो योजनाएं 80 प्रतिशत पूरी हो गयी हैं, उन्हें मानव शक्ति लगाकर शत प्रतिशत पूरा किया जाये।

विभागीय सचिव ने कड़ा रूख अपनाते हुये कहा कि जो संवेदक एजेंसियां निर्धारित समयावधि में निर्धारित कार्य नहीं कर पायीं हो उनसे स्पष्टीकरण पूछ कर जमानत राशि जब्त कर उन्हें बर्खास्त करने का भी काम किया जाये। साथ ही बर्खास्त कंपनियों की जगह पर नया टेंडर निकाला जाये। जुडको सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में नगर विकास सचिव अरवा राजकमल के साथ जुडको के पीडीटी गोपालजी, पीडीए अरविन्द कुमार मिश्र और पीडीएफ अमित चक्रवर्ती समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## आइपीसी की जगह बीएनएस लिखा जायेगा

# आइपीएस अफसरों को दी गयी भारतीय न्याय संहिता की जानकारी, एक जुलाई से होगी लागू



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एक जुलाई 2024 से आइपीसी अब भारतीय न्याय संहिता कहलायेगी। देशभर के सभी थानों में अब आइपीसी की धारा लागू नहीं होगी, बल्कि एक जुलाई से सभी मामले बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत दर्ज किये जायेंगे। झारखंड में पदस्थापित सभी आइपीएस अधिकारी भारतीय न्याय संहिता की पूरी जानकारी ले रहे हैं, ताकि आगे काम करने में आसानी हो। झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह खुद आइपीएस अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए खेलगांव स्थित पुलिस ट्रेनिंग पहुंचे, जहां अजय कुमार सिंह ने आइपीएस अधिकारियों को भारतीय न्याय संहिता की सभी खास बातें बतायी। शनिवार को चल रहे प्रशिक्षण सत्र में झारखंड के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों और राज्य में पदस्थापित सभी आइपीएस अधिकारियों को भारतीय दंड संहिता की धाराओं के बारे में जानकारी दी गई।

**ये होंगे बदलाव**

अभी तक हम हत्या की धारा को 302 के नाम से जानते थे जिसे आइपीसी की धारा 302 लिखा जाता था, लेकिन अब 302 की जगह हत्या का मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 103 के तहत दर्ज होगा। इस तरह अब हत्या के प्रयास के लिए धारा 307 की जगह धारा 109, मारपीट के लिए 323 की जगह 115, छेड़छाड़ के लिए 354बी की जगह 74, पीछा करने के लिए 354 की जगह 78, नाबालिग का अपहरण करने के लिए 363 की जगह 139 और बलात्कार के लिए 376 की जगह धारा 64 के तहत मामला दर्ज होगा।

भारतीय न्याय संहिता पर ट्रेनिंग की प्रक्रिया लोकसभा चुनाव से पहले ही शुरू कर दी गई थी। झारखंड पुलिस की सभी इकाइयों में तैनात अधिकारियों और कर्मियों को भारतीय न्याय संहिता पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आइपीएस अधिकारियों का प्रशिक्षण इसलिए भी बहुत जरूरी था, ताकि वे अपने जिलों में जूनियर पुलिसकर्मियों को भारतीय न्याय संहिता की जानकारी दे सकें। सभी आइपीएस अधिकारियों को भारतीय दंड संहिता से जुड़ी धाराओं के बारे में जानकारी दे दी गयी है।

अजय कुमार सिंह, डीजीपी, झारखंड

## खबर एक नजर में

### न्यायिक सेवा के आठ अधिकारियों की जिला न्यायधीश में नियुक्ति

**रांची।** झारखंड वरीय न्यायिक सेवा के आठ पदाधिकारियों की जिला न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति हुई है। यह नियुक्ति झारखंड हाईकोर्ट की अनुशंसा में न्यायिक सेवा में सीधी भर्ती के द्वारा की गई है। जिन अधिकारियों की जिला न्यायाधीश के पद नियुक्ति हुई है, उनमें रणधीर कुमार सिंह, प्रतीक चतुर्वेदी, पुर्णेन्दु कुमार शर्मा, आभाष कुमार, आशुतोष कुमार पांडेय, पुर्णेन्दु शरण, हरिओम कुमार, प्रीति कुमारी का नाम है।

### हाईकोर्ट में देवघर के पूर्व डीसी मंजूनाथ के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार

**रांची।** अगस्त 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर एयरपोर्ट पर रोकने के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज को निरस्त करने को लेकर देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शनिवार को हुई। हाई कोर्ट ने प्रार्थी मंजूनाथ के खिलाफ अगले आदेश तक पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखा है। मामले में कोर्ट ने कुछ बिंदुओं पर प्रार्थी से जवाब मांगा है। दरअसल, पूर्व की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि दिल्ली में दर्ज कराया गया जीरो एफआईआर झारखंड पुलिस को सौंप दिया गया है।

### धोखाधड़ी के मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल और शिकायतकर्ता अजय सिंह के बीच सुलह

**रांची।** फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े धोखाधड़ी मामले में फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल और शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के बीच सुलह हो गया। डिस्ट्रिक्ट लेवल सर्विस अथॉरिटी (डालसा) रांची में हुई सुनवाई में दोनों पक्ष अमीषा पटेल और अजय कुमार सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) से उपस्थित हुए। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले का निष्पादन होना है। चेक बाउंस मामले में उक्त दोनों पक्षों के बीच पहले ही सुलह हो चुका है। वहीं 9 मार्च को रांची सिविल कोर्ट में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अमीषा पटेल और शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के बीच पांच किस्तों में पूरा पैसा 2.75 करोड़ रुपये लौटाने की शर्त पर समझौता हुआ था। अमीषा पटेल अब तक शिकायतकर्ता को 1.51 करोड़ रुपये दे चुकी हैं। अब 1.24 करोड़ रुपए देना अभी बाकी है।

### झारखंड विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेगी आजाद समाज पार्टी : काशिफ रजा



**रांची।** आजाद समाज पार्टी (का०) के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने शनिवार को आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि आजाद समाज पार्टी झारखंड विधानसभा की सभी 81 सीटों पर चुनाव मजबूती से लड़ेगी। कार्यक्रम में नसीम साज, नईम खान, नागमणी रजक, रोहित भारती विशाल सिंह अदनान अंसारी जिब्रान आजाद,जिला अध्यक्ष ललित राम कृपा रजक विनोद प्रजापति विमलेश राम सहित भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के जिला स्तरीय नेता प्रवीण कुमार, चंद्रभूषण कुमार, पंकज कुमार, जय राम सिंह प्रशांत चौधरी सनोज कुमार और कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव 2024 में अल्पसंख्यकों का शत प्रतिशत वोट इंडी गठबंधन को मिला : उमैर खान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग, प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में हुई। बैठक में प्रदेश प्रभारी उमैर खान, झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर और विशिष्ठ अतिथि के तौर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मंजूर अहमद अंसारी मौजूद थे। बैठक का संचालन संगठन महासचिव अख्तर अली ने किया।

प्रदेश प्रभारी उमैर खान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक विभाग ने पार्टी व इंडिया गठबंधन के प्रति निष्ठा पूर्वक काम करते हुए अल्पसंख्यकों का शत-प्रतिशत वोट इंडिया गठबंधन को दिलाया। उन्होंने कहा अगामी विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यक उम्मिदवारों को सही भागीदारी मिले, इसके लिए इसी तरह सशक्त होकर काम करना है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान संगठन के कुछ पदाधिकारियों ने अपने दायितव निर्वहन सही से नहीं किया है, वैसे पदाधिकारियों को जल्द पदमुक्त किया जायेगा।



### लोस चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ा : मंजुर अंसारी

अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने कहा कि यह सही है कि झारखण्ड में कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा है और विधानसभा में और वेहतर करने का प्रयास किया जायेगा। विधानसभा में अकलियतों की भागीदारी इस बार बढ़े इसके लिए ऐसे विघानसभा जहां से जीत होगी उसे चिंन्हित किया जायेगा और आलाकमान को सारी रिपोर्ट सौंपा जायेगा। वहीं विशिष्ठ अतिथि मंजूर अहमद अंसारी ने कहा कि जिस तरह आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू ने मुसलमानों के लिए कई योजना का घोषणा की है, वैसे झारखण्ड में भी सरकार करे क्योंकि अल्पसंख्यकों की आबादी आंध्र प्रदेश से ज्यादा झारखण्ड में है।

### लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद मनमानी करने वाले नियंत्रित हुए : राजेश ठाकुर

**अल्पसंख्यकों का मामलों को खुद देखेंगे और बेहतर करने की दिशा में प्रयास करेंगे : राजेश ठाकुर**

बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस चुनाव परिणाम से देश में मनमानी करने वाले नियंत्रित हुए हैं। देश का माहौल बदला है। झारखण्ड में अल्पसंख्यकों को सम्मान मिला है। पहली बार 15 सूत्री गठन हुआ अल्पसंख्यक आयोग का गठन हुआ और 20 सूत्री में सम्मान जनक जगह दी गई है और भी जितने बचे हुए अल्पसंख्यकों का मामला है उसे अब खुद देखेंगे और क्या बेहतर किया जा सकता है इस पर कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के वादे, जिसकी जितनी आबादी उसको उतनी भागीदारी, का तात्पर्य है कि हर वो जगह जैसे,सरकारी/प्राइवेट नौकरी व अन्य सभी संस्थानों में भागीदारी। उन्होंने आगे कहा कि 20 वर्षो के बाद झारखण्ड में कांग्रेस को दो सीट मिली और लगभग सभी सीटों में वोट लाख दो लाख तक बढ़ा है।

### सुप्रिया श्रीनेत ने विस चुनाव को लेकर वर्चुअल बैठक की

**रांची।** कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने झारखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली के सोशल मीडिया विभाग के प्रभारी, चेयरमैन तथा स्टेट को-ऑर्डिनेटरस के साथ शनिवार को वीसी के जरिए बैठक की। बैठक में विधानसभा चुनाव पर चर्चा की तथा सभी राज्यों के लोकसभा के कामों की समीक्षा की। झारखंड से सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन गजेंद्र सिंह ने लोकसभा चुनाव के दौरान किए गए कार्यों का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपनी बातों और मेनिफेस्टो को जनता के बीच ले गये। मीटिंग में झारखंड प्रभारी अभय तिवारी, स्टेट को-ऑर्डिनेटरस क्रमशः नलिन मिश्रा, प्रशांत पांडेय तथा संजय कुमार भी मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त सैनिकों की पेंशन समस्याओं को लेकर 25 को सम्मेलन

**रांची।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रांची में 25 जून को सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में रिटायर्ड सैनिकों, विधवाओं एवं आश्रितों का जुटान होगा। इसमें पेंशन संबंधित समस्याओं के अलावा पारिवारिक एवं जमीन संबंधी समस्याओं पर विचार होगा। साथ ही वीर नारियों, विधवाओं तथा अनाथ बच्चों से संबंधित समस्याओं के अलावा भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं आश्रितों के कल्याणार्थ हेतु विचार एवं परामर्श पर विचार होगा। जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी, रांची की ओर से इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने और इसका लाभ उठाने की अपील की गई है।

## हेमंत सोरेन ने मांगा समय, हाई कोर्ट में 12 जुलाई को होगी अगली सुनवाई

**समन की अवहेलना**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे मामले को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई शनिवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट के संज्ञान आदेश को चुनौती दी गई है। हेमंत सोरेन की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई। कोर्ट ने आग्रह को मंजूर कर मामले की अगली सुनवाई 12 जुलाई को निर्धारित की। कोर्ट ने ईडी को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हेमंत सोरेन की ओर से ईडी द्वारा दर्ज शिकायतवाद को निरस्त करने का आग्रह किया गया। हेमंत सोरेन की ओर से कहा गया है कि ईडी के जिस समन पर नहीं गए थे उसका उन्होंने जवाब दे दिया था। इसके बाद वह समन लैप्स कर गया था। नए समन पर हेमंत सोरेन के ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे और समन का अनुपालन किया था। ईडी ने दुर्भावना से प्रेरित होकर उन्हें बार-बार समन जारी किया था।

**सीजेएम कोर्ट ने मामले में लिया था संज्ञान :** अवहेलना मामले में सीजेएम कोर्ट में ईडी ने शिकायतवाद दाखिल की गई थी। सीजेएम कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए हेमंत सोरेन को हाजिर होने का आदेश दिया था, लेकिन वे चार तिथियों पर सीजेएम उपस्थित नहीं हुए थे। हालांकि बाद में यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट स्थानांतरित हो चुका है।

## जेपीएससी 2016 से अनुशंसित दो अभ्यर्थियों को चार साल बाद डिप्टी कलेक्टर पद पर मिली नौकरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेपीएससी 2016 से अनुशंसित दो अभ्यर्थियों को झारखंड सरकार में चार साल बाद नौकरी मिल गयी। झारखंड प्रशासनिक सेवा में इन्हें नियुक्त किया गया है। दोनों अभ्यर्थी अनारक्षित कोटि के हैं। राज्य सरकार ने राजीव कुमार को उप समाहर्ता पद पर नियुक्त करते हुए पलामू जिला प्रशिक्षण के लिए आवंटित किया है। वहीं पवन कुमार को अनारक्षित कोटि के मूक एवं बधिर श्रेणी में परिक्ष्यमान उप समाहर्ता के रूप में औपबंधिक रूप से नियुक्त करते हुए साहेबगंज जिला में जिला प्रशिक्षण के लिए पदस्थापित किया गया है। अभ्यर्थियों की परिक्ष्यमान अवधि नियुक्ति की तिथि से दो वर्षों की होगी। संतोषजनक सेवा नहीं हुई तो सेवा समाप्त कर दी जा सकती है, अन्यथा सेवा बढ़ायी जायेगी। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है।

**वायुसेना में थे दोनों अभ्यर्थी**

दोनों अभ्यर्थियों ने जेपीएससी 2016 की नियुक्ति परीक्षा अनरीक्षित श्रेणी से दी थी और उर्तीण भी हुए थे। इसके बाद जेपीएससी ने इनकी नियुक्ति की अनुशंसा की थी। कार्मिक विभाग ने 29 जुलाई 2020 को अधिसूचना जारी की और 30 दिनों के अंदर उप समाहर्ता के पद पर योगदान देने को कहा था। यह भी निर्देश दिया गया कि निर्धारित तिथि के अंदर वे योगदान नहीं किए तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी। उस वक्त पवन कुमार और राजीव कुमार वायुसेना में एयरमेन पद पर कार्यरत थे लेकिन वायुसेना की ओर से विरमित नहीं किए जाने से वे झारखंड में योगदान नहीं दे सके। पूरे मामले में दोनों ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। ऐसे में मुख्यमंत्री झारखंड द्वारा यह निर्देश आया कि इस मामले में कोर्ट के फैसले आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाये। न्यायालय ने पवन कुमार और राजीव कुमार के पक्ष में फैसला सुनाया। हाईकोर्ट का आदेश आते ही कार्मिक विभाग ने इनकी नियुक्ति की संचिका बढ़ायी, जिस पर सहमति दे दी गयी।

## भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान रांची पहुंचे, आज आयेंगे हिमंता विश्व सरमा

**आज से 6 जुलाई तक एक वृक्ष मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम, बूथ स्तर पर होंगे वृक्षारोपण कार्यक्रम, लगाये जायेंगे लाखों पौधे**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार देर शाम रांची पहुंचे और सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा आज रविवार को रांची आ रहे हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 23 जून को आईसीएआर नामकुम परिसर में प्रातः 9 बजे पौधरोपण करेंगे। वहीं शिवराज सिंह 11 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी द्वारा आयोजित बैठकों में भाग लेंगे। वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा 9.30 बजे लीची बागान, जगन्नाथपुर में पौधारोपण करेंगे। कार्यक्रम के बाद विश्व सरमा प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे और बैठक में शामिल होंगे।

**विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर प्रदेश कार्यालय में बैठक**

पहली बार विधानसभा चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी के रांची आगमन पर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। रांची महानगर एवं ग्रामीण जिला के कार्यकर्ताओं द्वारा दोनों नेताओं का भव्य पारंपरिक स्वागत किया जायेगा। इसे लेकर शनिवार को प्रदेश कार्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी के लिए बैठक हुई। विभिन्न कार्यक्रमों के लिए राफिया नाज, गुरविंदर सेठी, प्रेम मित्तल, प्रदीप सिन्हा, दीनदयाल वर्णवाल,राजश्री जयंती, कुमार अमित,विनय जायसवाल, मुनेश्वर साहू, राकेश भास्कर, सत्यदेव मुंडा, शोभा यादव, उमेश रंजन साहू, सत्यनारायण सिंह, शशि भूषण भगत ,सुमन कुमार को जिम्मेवारी दी गयी है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## आजसू ने स्थापना दिवस, युवाओं को समर्पित-बलिदान दिवस के रूप मनाया

# संघर्ष से समझौता नहीं, बदलेंगे राज्य के हालात : सुदेश

**स्थापना दिवस**

**22 जून 1986 में हुई स्थापना, आजसू पार्टी ने पूरे किए 38 साल**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी ने युवाओं को समर्पित बलिदान दिवस के रूप में आजसू का स्थापना दिवस राज्यभर में मनाया। इस दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो तमाड़ और सिल्ली विधानसभा में आयोजित बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि बलिदान और संघर्ष हमारा स्वाभिमान है। हम सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर झारखंडी अरमानों को पूरा करने की दिशा में संकल्पबद्ध होकर कार्य करना है। राज्य की अस्मिता की रक्षा का दायित्व हमारे कंधों पर है।

बलिदान दिवस पर हम राज्य के युवाओं को झारखंड अलग राज्य आंदोलन के इतिहास से रूबरू कराने के साथ ही इस आंदोलन में अपनी महती भूमिका निभाने वाले आंदोलनकारियों को सम्मानित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता समाज और संगठन के प्रति सभी दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। गौरवशाली अतीत और संघर्ष से समझौता नहीं, हम बदलेंगे राज्य के हालात। बदली परिस्थितियों में हमें एक अच्छे और बेहतर झारखंड का निर्माण करना है। आजसू के कार्यकर्ताओं को अपने संघर्ष और एकजुटता को धार देना होगा।

मौके पर उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व, अभिमान और सम्मान का दिन है। दशकों से चले आ रहे अलग राज्य आंदोलन को आजसू के युवाओं ने अपने जोश, जज्बे और बलिदान के दम पर मुकाम पर पहुँचाने का काम किया। अब फिर से राज्य की मौजूदा राजनीतिक हालात को बदलने और झारखंड को विकास की पटरी पर वापस लाने के लिए हमें एक साथ काम करना है।

### आंदोलनकारियों को किया गया सम्मानित

बलिदान दिवस पर हर विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान झारखंड अलग राज्य आंदोलन में अतुल्य योगदान देने वाले सभी आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए क्षेत्र के युवाओं को आंदोलनकारियों ने अपने संबोधन के माध्यम से आंदलोन के महत्व और इतिहास की जानकारी दी। आजसू पार्टी की स्थापना 1986 में हुई थी और इसका 38 साल पूरे हो गये।

### अलग राज्य आंदोलन से अवगत हुए युवा

आजसू पार्टी द्वारा हर विधानसभा में मनाए गए बलिदान दिवस कार्यक्रम में वीडियो चित्रण के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को झारखंड अलग राज्य आंदोलन की पीड़ा, वेदना, संघर्ष, जुनून, जज्बे से अवगत कराया गया। इस वीडियो चित्रण को लेकर पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के वीर आंदोलनकारियों के बलिदान को हम कभी भी भुला नहीं सकते।

### वातावरण को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण को स्वच्छ रखने और वर्तमान के साथ-साथ आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर भविष्य देने के उद्देश्य से आजसू के कार्यकर्ताओं ने हर विधानसभा क्षेत्र में पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

स्पीड न्यूज

# 75 बेड वाले डॉ अभिषेक चाईल्ड केयर एंड मेटरनिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन आज

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** भालूबासा ओवरब्रिज से सटे काशीडीह बगान एरिया, साकची में 75 बिस्तरों वाले डॉक्टर अभिषेक चाइल्ड केयर एंड मेटरनिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन रविवार की शाम 7 बजे होगा। इस अस्पताल में नवजात बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए कुल 75 बेड हैं। इसमें से 50 बेड एनआइसीयू के हैं जो नवजात बच्चों के लिए इंसेंटिव केयर यूनिट की सुविधा देते हैं।

यह जानकारी अस्पताल के डायरेक्टर एवं झारखंड के चर्चित शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिषेक कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। फ्यूजन रेस्टोरेंट में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में डा कुमार के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति सिंह, श्वसुर एवं समाजसेवी हरेराम सिंह और बड़े पापा केएसपी सिंह के अलावा डॉक्टर सौम्या घोष और डॉक्टर प्रदीप कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

डॉ अभिषेक कुमार ने बताया कि उनके इस अस्पताल में आयुष्मान कार्ड होल्डरों के इलाज की सुविधा है। उन्होंने बताया पूर्व के चंद्रा कंपलेक्स स्थित 40 बेड वाले डा अभिषेक चाइल्ड केयर एंड मेटरनिटी हॉस्पिटल को अब पूरी तरह से नये और बेहद आधुनिक कैंपस में शिफ्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व के चंद्रा परिसर स्थित उनके पुराने हॉस्पिटल में 40 बेड की सुविधा थी जो आयुष्मान रोगियों से भरा रहता था और कई बार रोगियों को बेड के अभाव में वापस करना पड़ता था। ऐसे में आधुनिक टेक्नोलॉजी से युक्त और बेहद रोगी स्नेही सुविधाओं से लैस अस्पताल के नए कैंपस का तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 24 * 7 क्रिटिकल पेडियाट्रिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। उनकी टीम में पांच पीडियाट्रिक सर्जन एवं विशेषज्ञ शामिल हैं जो 24 घंटे रोगियों के लिए उपलब्ध रहेंगे। नये 5 फ्लोर वाले डॉक्टर अभिषेक चाइल्ड केयर एंड हॉस्पिटल को अगले 6 माह में बेड की संख्या 75 से बढ़ाकर 150 करने की योजना है। यानी अस्पताल में बेड की संख्या डबल कर दी जायेगी।

डॉ अभिषेक कुमार ने बताया कि उनके मन में कम आमदनी वाले परिवारों के प्रति बेहद सहानुभूति है इसलिए गरीब रोगियों के लिए अगले तीन माह में 25 से 30 बेड की जनरल वार्ड की सुविधा विकसित की जाएगी, जहां नाम मात्र के शुल्क पर बच्चे और गर्भवती महिलाएं भर्ती किये जा सकेंगे।

**अगस्त माह से मेडि क्लेम कवर वाले बच्चों और महिलाओं को मिलेगी इलाज की सुविधा :** उन्होंने एक सवाल पर कहा कि एक महीने के भीतर विभिन्न मेडिक्लेम के तहत भी यहां इलाज की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।






संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते डा अभिषेक कुमार (बीच में)। बायें से बैठे हैं हरेराम सिंह, डा सौम्य घोष, ज्योति सिंह और केएसपी सिंह तथा अस्पताल का भव्य भवन।

### कम लागत पर मिलेगी इंटरनेशनल लेवल की इलाज की सुविधा : हरेरामसिंह

अस्पताल के निदेशक हरे राम सिंह ने कहा कि यह अस्पताल पैसा कमाने से ज्यादा ग्रासरूट से जुड़े लोगों को कम दर पर इंटरनेशनल लेवल की चिकित्सा सुविधा देने के लिए बनाया गया है। हमें पूर्ण भरोसा है कि शहर वासियों को इस अस्पताल को भरपूर प्यार मिलेगा और यहां की सुविधाओं का लाभ लेंगे। डॉ अभिषेक चाइल्ड केयर एंड मेटरनिटी हॉस्पिटल के विस्तार के बाद अब शहर के लोगों को गंभीर प्रश्न गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की इलाज के लिए शहर से बाहर नहीं जाना होगा।

### एक नजर में अस्पताल की सुविधाएं

- 24 घंटे,सातों दिन इमजेंसी की सुविधा
- एनआइसीयू और पीआइसीयू की सुविधा
- मोड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- गाइनी,लेबर एंड मेटननिटी केयर
- जनरल वार्ड और केबिन की सुविधा
- सीटी स्कैन,एक्स-रे और अल्ट्रा साउंड की सुविधा
- पैथो लैब एंड फार्मेसी की सुविधा
- कैंटीन
- आयुष्मान (पीएम जय) के साथ सुचीबदध बच्चों के इलाज की सुविधा

### रेडक्रॉस भवन में अपर्ण का मेगा ब्लड डोनेशन कैंप आज

**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था 'अर्पण' द्वारा हरेक वर्ष की भांति 23 जून , रविवार को सुबह 8 बजे से संध्या 6 बजे तक साकची रेड क्रॉस भवन में आयोजित किया जा रहा है । संस्था के मुख्य संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले ने शहर के युवाओं को रक्तदान शिविर में आकर रक्तदान करने के लिए आह्वान किया है। जरुरतमंद रोगियों को एकत्र रक्त दिया जायेगा।

### महिला सम्मान पेंशन स्वीकृत प्रमाण पत्र बांटा



**जमशेदपुर।** शनिवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के आदेशानुसार कार्यालय प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व में 300 लोगों के बीच मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन एवं मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन स्वीकृत प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मौके पर बिरेन्द्र सिंह, अमित शर्मा, हरेराम सिंह, असीम पाठक, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित शर्मा, सुधीर सिहं, अभय सिंह, विजय नारायण सिंह, गौतम धर, काकुली मुखर्जी, राकेश सिंह, काशीनाथ प्रधान, गोल्डेन पाण्डेय, अमरचन्द्र झा आदि उपस्थित थे।

### हिंदुस्तान मित्र मंडल में शौर्य दिवस कार्यक्रम आज

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर का अंग सैन्य मातृसक्ति जमशेदपुर द्वारा आगामी रविवार 23 जून 2024 को सिदगोड़ा स्थित हिंदुस्तान मित्र मंडल के सभागार में संध्या 6 बजे शौर्य दिवस का आयोजन करेगी। यह आयोजन वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में शहर की मातृशक्ति और तरुणाई को बीच प्रखर जागरण के लिए किया जा रहा है। लगातार कई वर्षों से इस कार्यक्रम का आयोजन शहर में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बी डी एस एल महिला कॉलेज की विभागाध्यक्ष डॉ पुष्कर बाला, 93.5 रेड एफ एम से रेडियो जॉकी स्मिता कुमारी एवं अनुभवी मल्टीमीडिया पत्रकार अंतरा बोस रहेगी। वोही अतिथि डॉ त्रिपुरा झा, डॉ मेघा बंसल मानस, कवियत्री सोनी सुगंधा के साथ पद्मा शक्ति फाउंडेशन की संस्थापक पद्मा कुमारी मजूद रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंजुला करेंगी। मौके पर 3 महिलाएं जिन्होंने शहर को अपने कर्तृत्व से सींचा है उनका सम्मान भी होगा।

### आईएसडब्ल्यूपी की लड़कियां व रामकृष्ण के लड़के विजयी

**जमशेदपुर।** शनिवार को बास्केटबॉल की कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। इनमें पांच टीमें लड़कों की और तीन टीमें लड़कियों की थीं। लड़कों की टीम में रामकृष्ण मिशन स्कूल, सिदगोड़ा, आईएसडब्ल्यूपी, एसडीएसएम सिदगोड़ा, बारीडीह हाई स्कूल और सिस्टर निवेदिता इंग्लिश हाई स्कूल की टीमें शामिल रहीं। उधर, लड़कियों की टीम में रामकृष्ण मिशन स्कूल सिदगोड़ा, आईएसडब्ल्यूपी और सिस्टर निवेदिता इंगिल्श हाई स्कूल, बर्मा माइंस शामिल रहे। शनिवार को पुल ए के मैच में रामकृष्ण मिशन, सिदगोड़ा और आईएसडब्लूपी को रखा गया था जबकि पुल बी में बारीडीह हाई स्कूल, सिस्टर निवेदिता हाई स्कूल, एसडीएसएम स्कूल, सिदगोड़ा को रखा गया था। आज के मैच में आईएसडब्ल्यूपी की लड़कियों की टीम विजयी रहीं। इन्होंने रामकृष्ण मिशन स्कूल को 8-2 से हराया जबकि लड़कों की टीम के मैच में आरके मिशन, सिदगोड़ा ने आईएसडब्ल्यूपी को 15-14 से पराजित किया।

# मुख्यमंत्री आज घाटशिला में बुरुडीह डैम का लेंगे जायजा

- लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का करेंगे वितरण व योजनाओं का शिलान्यास
- डीसी और एसएसपी ने विधायक रामदास सोरेन संग लिया तैयारी का जायजा

खबर मन्त्र ब्यूरो


**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री, झारखण्ड चम्पाई सोरेन द्वारा 23 जून को घाटशिला के मउभंडार स्थित ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण व योजनाओं का शिलान्यास तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुरुडीह डैम का अवलोकन किया जाएगा। साथ ही पावड़ा में आयोजित माझी परगना महाल के सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

मुख्यमंत्री, झारखण्ड के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग कर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से माननीय विधायक घाटशिला रामदास सोरेन मौजूद रहे। इस दौरान जिले के वरीय पदाधिकारियों ने घाटशिला के मऊभंडार स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण के साथ-साथ पावड़ा में माझी परगना महाल सम्मेलन स्थल एवं बुरुडीह डैम का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लेते हुए मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान सुरक्षा और विधि व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण के क्रम में साफ-सफाई, गणमान्य व्यक्तियों एवं लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय की सुविधा, चिकित्सा सहायता, एंबुलेंस सेवा और आवश्यकता नुसार बैरिकेडिंग की समीक्षा कर दिशा निर्देश दिए। हर स्तर पर अधिकारियों को सुरक्षा और विधि व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी तरह की लापरवाही न हो, इसकी पुनर्समीक्षा का निर्देश दिया गया।

इस दौरान डीएफओ ममता प्रियदर्शी, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार, अपर उपायुक्त रोहित सिन्हा, निदेशक एनईपी अजय साव, एडीएम (एसओआर), डीसीएलआर, एसडीएम घाटशिला, डीटीओ, डीपीआरओ भी थे।





डैम का निरीक्षण करने जाते डीसी,एसएसपी और विधायक तथा बुरुडीह डैम का निरीक्षण कर लौटते अधिकारीगण।

## सिदगोड़ा टाउन हॉल परिसर में बास्केट बॉल कोर्ट का उद्घाटन

- खिलाड़ियों के जरूरत की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना जरूरी : सरयू राय
- सरयू राय जी ने जो कहा, वह करके दिखा दिया: हरभजन सिंह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर क्रीड़ा उद्यान, सिदगोड़ा द्वारा निर्मित बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन पूर्व ओलंपियन हरभजन सिंह ने शनिवार को किया। यह बास्केटबॉल कोर्ट जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की विधायक निधि से तैयार हुआ है।

कोर्ट का उद्घाटन करने के बाद पूरे ओलंपियन हरभजन सिंह ने कहा कि पिछले साल विधायक सरयू राय जी ने कहा था कि वह सालभर में बास्केटबॉल कोर्ट तैयार कर देंगे और उन्होंने ऐसा करके दिखा भी दिया। श्री राय को दिल से बधाई। उन्होंने वादा निभाया।

## बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ 1100 लोगों को करायेगा नि:शुल्क कांवर यात्रा

- कांवर यात्रा के लिए पंजीयन एक जुलाई से शुरु होगी : विकास सिंह
- मध्य प्रदेश के रीवा से आए कलाकार हर दिन देंगे प्रस्तुति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सावन के पावन माह में बाबा बैधनाथ सेवा संघ के द्वारा निःशुल्क कांवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है साकची के अग्रसेन भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बाबा बैधनाथ सेवा संघ के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने बताया कि सावन के पावन महीने में 1100 शिव भक्तों का जत्था निःशुल्क कांवर यात्रा में शामिल हो कर जमशेदपुर से सुल्तानगंज रवाना होगा। यात्रा में सोनारी, कदमा, बिस्टुपुर, साकची और मानगो के शिवभक्त शामिल होंगे । यात्रा में शामिल होने वाले लोगों का पंजीयन 1 जुलाई से आरंभ होगा । कांवर यात्रा में 18 वर्ष से अधिक एवं 60 वर्ष से कम उम्र के महिलाएं एवं पुरुष शामिल रहेंगे। पहले आओ पहले पाओ के तर्ज में पंजीयन का कार्य होगा। पंजीयन के बाद सभी कांवरियों को फोटो युक्त पहचान पत्र निर्गत किया जाएगा जिससे लोगों को धर्मशाला एवं बस में प्रवेश मिलेगा।



संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते विकास सिंह।

## धाड़ दिशोम पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था का दो दिवसीय 14वां महासम्मेलन शुरू

- आज सीएम करेंगे देशभर से आये संथाल प्रतिनिधियों को सम्बोधित

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**घाटशिला।** सिदु कान्हु मुर्मू फुटबॉल मैदान पावड़ा में माझी परगना माहाल धाड़ दिशोम पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था का दो दिवसीय 14वां महासम्मेलन शनिवार को देश पारगना बाबा बैजू मुर्मू ने झंडोतोल्लान कर शुभारंभ किया। विधिवत पूजा का अर्चना करते हुए महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। मौके पर देश परगना बाबा का स्वागत किया गया। माहाल का प्रोग्रेस रिपोर्ट प्रानिक बाबा मधु सोरेन और लेखा जोखा का पंचानन सोरेन दिया। महल के उद्देश्य पर दुर्गा चरण मुर्मू ने विस्तार से अपनी बाते रखी। तत्पश्चात पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था, रीति रिवाज, धर्म, संस्कृति, पूजा पद्धति, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक, रोजगार समाज में महिला सम्मान पर चर्चा हुई।



सम्मेलन में मंचस्थ अतिथिगण।

## डीबीएमएस कदमा में योग दिवस मनाया गया

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



**जमशेदपुर।** डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल में योग दिवस मनाया गया। कायाक्रम में कक्षा 7 के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से की गई। इसके पश्चात योगाभ्यास जैसे प्राणायाम, सूया नमस्कार, व्रजासन, ,ताडासन आदि कराया गया। बच्चों को इस अवसर पर दैनिक जीवन में योग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंध समिति की सचिव अनीता रामाकृष्णा, कोषाध्यक्ष भुवना कृष्णन, संयुक्त कोषाध्यक्ष अरुणा, प्रधानाध्यापिका गुरप्रीत भामरा, उप-प्रचार्या सुपर्णा राय, योग शिक्षक, लीना दत्ता, को-ऑडिनेटर्स एस दर्शीन आदि उपस्थित थीं।

# देश में 63 मिलियन लोग गंभीर सुनने की समस्या से पीड़ित, और मात्र 14% लोग लगाते हैं श्रवण यंत्र

- टाटा मेन हॉस्पिटल में है जांच एवं इलाज की सुविधा

डॉ विनायक बरुआ

**जमशेदपुर।** अक्सर सुनने की क्षमता में कमी को बुढ़ापे का एक स्वाभाविक प्रभाव माना जाता है और इसलिए, आमतौर पर इसका इलाज नहीं किया जाता है। भारत में, 63 मिलियन लोग (6.3%) गंभीर सुनने की समस्या से पीड़ित हैं। वास्तव में, हियरिंग लॉस वाले केवल 14% लोग ही श्रवण यंत्र का उपयोग करते हैं, जिन्हें एम्प्लीफिकेशन से लाभ मिल सकता है। हालाँकि, एक बच्चे में हियरिंग लॉस की पहचान जल्दी करना विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है क्योंकि यह उसके स्पीच और भाषा के विकास को भी प्रभावित कर सकता है। श्रवण हानि अक्सर डिमेंशिया, सामाजिक अलगाव और अवसाद जैसे अन्य गंभीर मुद्दों से जुड़ी होती है।

हियरिंग लॉस के उपचार के साथ-साथ इसकी रोकथाम भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। भारी मशीनरी, आग्नेयास्त्रों और नजदीकी दूरी पर आतिशबाजी से होने वाले श्रवण-संबंधी खतरे सभी को ज्ञात हैं। यहां तक कि संगीत समारोहों या नाइट क्लबों में जाना या संगीत-आधारित फिटनेस क्लास में भाग लेने जैसी नियमित गतिविधियां भी खतरनाक स्तर की ध्वनि उत्पन्न कर सकती हैं।

यह याद रखना चाहिए कि हियरिंग लॉस किसी भी उम्र में हो सकता है। हालाँकि, जन्म के समय या शिशुओं और बच्चों में विकसित होने वाली हियरिंग लॉस अतिरिक्त चिंता का विषय है। **(नोट : लेखक डॉ. बिनायक बरुआ टाटा मेन हॉस्पिटल के ईएनटी विभाग में सीनियर कंसल्टेंट तथा एचओडी पद पर कार्यरत हैं।)**






जमशेदपुर में टीएमएच का भव्य भवन और डॉ विनायक बरुआ।

## एक नजर में

### सांसद जोबा माझी से मिले वरिष्ठ कांग्रेसी रामाश्रय प्रसाद, ज्ञापन सौंपा



**जमशेदपुर।** शनिवार को चक्रधरपुर स्थित चाईबासा लोकसभा की संसद जोबा माझी के आवास पर कांग्रेस के आईसीसी के सदस्य एवं झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामाश्रय प्रसाद जी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल मिला और पुष्प गुच्छ देकर उन्हें जीत की बधाई दी। साथ ही कांग्रेस के उद्योग एवं व्यापार विभाग के जिला अध्यक्ष नरेश कुमार सिंह ने सांसद जोबा माझी जी को आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में हो रही समस्याओं से अवगत कराया जिसमें रास्ते की बदहाली, नाली एवं स्ट्रीट लाइट रात को नहीं जलने जैसी और बहुत सारी समस्याओं के संबंध में बताया। सांसद जोबा माझी द्वारा इन समस्याओं को जल्द से जल्द निपटारा करने की बात कही गई। उन्होंने भरोसा दिलाया की इन समस्याओं का जल्द निदान होगा। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से अनामिका सरकार ,अनिल कुमार, अंबर राय चौधरी शामिल थे।

### केपीएस,कदमा में फ्रशर्स नाइट का आयोजन



**जमशेदपुर।** केपीएस,कदमा ने 22 जून ,2024 को फ्रेशर्स नाइटह्व का आयोजन किया। मौज–मस्ती, संगीत और यादों की यह एक शानदार एवं अप्रतिम शाम थी। विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती शर्मिला मुखर्जी एवं मुख्याध्यापिका ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। केरला पब्लिक स्कूल,कदमा ने आगंतुक बैच की ऊजार्वान भावना को एक साथ लाते हुए,गर्व से अपने बहुप्रतीक्षित फ्रेशर्स नाइट की मेजबानी की। यह कार्यक्रम बारहवीं कक्षा के वरिष्ठ छात्रों द्वारा आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य एक ऊजार्वान और आकर्षक वातावरण प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रिंसिपल श्रीमती शर्मिला मुखर्जी के स्वागत भाषण के साथ हुई। माहौल अदम्य उत्साह से भर गया क्योंकि नए छात्र शाम के उत्सव का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। शैक्षणिक निदेशिका श्रीमती लक्ष्मी आर ने छात्रों को आश्वासन दिया कि वह उन्हें सर्वोत्तम शिक्षण संसाधनों को उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने छात्रों से सर्वश्रेष्ठ इंसान बनने का भी आग्रह किया। इसके बाद मनमोहक नृत्य प्रदर्शन और मधुर संगीत प्रस्तुतियों से मंच जीवंत हो उठा। फ्रेशर्स को रैंप वॉक पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। निम्न श्रेणियों के अंतर्गत उनको सम्मानित भी किया गया। मिस्टर केपीएस :– ऋषभ मुखर्जी मिस केपीएस :– ऐशप्रीत भाटिया आकर्षक मुस्कान :– हानशिका गुप्ता आकर्षक व्यक्तित्व :– आदर्श ज्ञान फैशन आइकन :– वर्षा अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

### विद्या भारती चिन्मया में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**जमशेदपुर।** स्वयं और समाज के लिए योग' थीम के साथ 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 का वैश्विक कार्यक्रम प्राचीन भारतीय योग पद्धति तथा शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण पर इसके गहन प्रभाव को मान्यता देता है। उक्त तथ्य व उद्देश्य के अनुपालन हेतु टेल्को स्थित विद्या भारती चिन्मय विद्यालय के निजी स्टेडियम में शुक्रवार 21 जून को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के खेल विभाग की ओर से योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ कक्षा आठवीं एवं नवीं से लगभग 900 विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्राणायाम, अनुलोम विलोम, विभिन्न आसन, ध्यान क्रिया के साथ योगासन की प्रारंभिक क्रियाएं करवाई गईं। प्राचार्या मीना विल्खू के अनुसार योग और पोषाहार दोनों के संतुलित सम्मिलन से स्वास्थ्यवर्द्धक जीवन शैली का निर्माण होता है; अतः यह जीवन के अनिवार्य तत्व हैं। संपूर्ण विद्यार्थी समुदाय स्वेच्छा से अपने जीवन में योग को अपनाएं, इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं; इसी उद्देश्य से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### सामर्थ्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने प्रदूषण प्रबंधन से छात्र-छात्राओं को कराया अवगत




**जमशेदपुर।** सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय भाटिया बस्ती में प्रदूषण मुक्त समाज प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रदूषण प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। वालंटियर मनीषा तमसोय, तृषा विश्वास, प्रणव आनंद, प्रिंस कुमार गिरी ने बताया कि प्रदूषण क्या है और कितने तरह का होता है इससे हमें, समाज को, पर्यावरण को क्या नुकसान होता है एवं इसको कैसे दूर किया जा सकता है। उसके निदान पर भी चर्चा की गई। अध्यक्ष पल्लवी दीप ने कहा प्रदूषण वैश्विक समस्या है। हम सब मिलकर ही इस पर काबू पा सकते हैं। हमारा यह प्रोजेक्ट शहर के भिन्न–भिन्न इलाकों में स्थित विभिन्न स्कूलों–कॉलेजों में वर्कशॉप सेमिनार के माध्यम से चलाया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य गोपेश्वर ठाकुर की अहम भूमिका रही।

## स्पीड न्यूज

### हीरानंद लक्ष्मी + 2 उवि में योगाभ्यास



**मेदिनीनगर।** योग दिवस पर राजकीयकृत हीरानंद लक्ष्मी प्लस टू उच्च विद्यालय, किशनपुर में शारीरिक शिक्षक विवेक शुक्ला ने प्राचार्या, शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्रों-छात्रओं के बीच अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगा कराया। उन्होंने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन अनुलोम विलोम, कपालभाति, गोमुखासन, पद्मासन, भद्रासन आदि योग कराते हुए उसकी विशेषता बताया। प्राचार्या अनिता कुमारी ने कहा- योग हमारे दैनिक जीवन के लिए अति आवश्यक है इसे नियमित करना चाहिए। मौके पर शीला मनोनीत टोपनो, बबली कुमारी, शगुफ्ता यास्मीन, भीम राम, गोविंद कुमार, आशुतोष कुमार, दीपक हजारी, नृपेंद्र सम्राट ने योगा किया।

### सिक्की कला की छात्राओं ने किये योग



**पाटन (पलामू)।** योगा दिवस पर प्रखंड के राजकीय कृत सतरोनत उच्च विद्यालय सिक्की कला के छात्र छात्राएं के बीच योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य रामसुंदर कुजूर के नेतृत्व में योग के कई आयाम, क्रिया, सूर्यनामस्कार, कपालभांति क्रिया आदि कराया गया। कहा कि योगा करने से शरीर स्वस्थ रहता है हर किसी को योगाभ्यास करना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षक संजय सिंह, सहायक अध्यापक संघ के पाटन प्रखंड उपाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा, बबिता कुमारी, आशा कुमारी, अरविंद कुमार, वीना कुमारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर विकास कुमार, आदेश पाल, सतवंत कुमार शामिल थे।

### पंचायत सचिव का हुआ फेरबदल

**मोहम्मदगंज पलामू।** बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी के आदेश पर शुक्रवार को प्रखंड के पंचायत सचिव का फेरबदल किया गया है। नवनियुक्त पंचायत सचिव को भी पंचायत का प्रभार दिया है। बीडीओ ने बताया कि रामनंदन मेहता को मोहम्मदगंज और गोराडीह से पंसा, राजीव पासवान को पंसा से लटपौरी और रामबांध, विवेकानंद पटेल को कोल्हुआ सोनबरसा से भजनिया व कादलकुर्मी का प्रभार दिया गया है। साथ ही नवनियुक्त पंचायत सचिव को छोटू जौहरी को कोल्हुआ सोनबरसा, अविनाश कुमार को मोहम्मदगंज और राजकुमार दास को गोराडीह का प्रभार दिया गया है। अविनाश ने मोहम्मदगंज में योगदान दे दिया है।

### कवि हरिवंश प्रभात को मिलेगा 2024 का झारखंड गौरव सम्मान



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रपति पुरस्कार से अलंकृत शिक्षक सह झारखंड के लोकप्रिय कवि हरिवंश प्रभात को वर्ष-2024 का 'झारखंड गौरव सम्मान' दिया जायेगा। यह सम्मान उन्हें 23 जून को स्टार वार्स ग्लेमर इंडिया 'स्वागतम बैंक्वेट हॉल रांची में आयोजित ग्रैंड फिनाले में देगा। कवि हरिवंश प्रभात अपनी साहित्यिक साधना में अब तक एक दर्जन से अधिक पुस्तकें लिख चुके हैं। पलामू जिला के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआ खूर्द (पूर्वडीहा) में जन्मे श्री हरिवंश प्रभात वर्तमान में साहित्यिक संस्था 'परिमल प्रवाह' के संरक्षक हैं तथा लेखन में अनवरत सक्रिय हैं।

### एसडीओ ने जानी मध्याह्न भोजन की हकीकत



**हुसैनाबाद, पलामू।** कई स्कूलों में मध्याह्न भोजन बंद की शिकायत पर शनिवार को हुसैनाबाद एसडीएम पियूष सिन्हा ने शहर के मध्य विद्यालय हुसैनाबाद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के क्लासरूम, मध्याह्न भोजन, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी जांची। उन्होंने विद्यार्थियों बातचीत कर किताब रीडिंग करवाया। उन्होंने विद्यालय परिसर साफ रखने, मेनू के अनुसार भोजन देने व अच्छी शिक्षा देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में विद्यालय में मध्यान भोजन बंद नहीं करना है।

### बिजली समस्या से परेशान हैं ढेला के ग्रामीण




**नीलांबर पीतांबरपुर, पलामू।** डेढ़ माह होने को है पर नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ढेला गांव में बिजली समस्या का समाधान अब तक नहीं हो सका है। हालांकि विद्युत विभाग एक सप्ताह पूर्व ही ट्रांसफार्मर के लिए पोल का स्ट्रक्चर खड़ा कर दिया है। 11 हजार वोट का तार एवं सप्लाई का तार पोल का काम भी पूर्ण कर लिया गया है। बावजूद अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगा है। जिससे करीब 1500 आबादी के ढेला गांव में लो-वोल्टेज की समस्या है। दो दिनों के अंदर ट्रांसफार्मर नहीं लगने पर विद्युत सबस्टेशन में तालाबंदी का भी चेतावनी दे रखी है। इधर शनिवार को ग्रामीण दूसरी बर ट्रांसफार्मर को लेकर पांकी विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता से मिले। मौके पर ही विधायक ने विद्युत महाप्रबंधक से दूरभाष पर बात की। बिजली विभाग के सहायक अभियंता दामोदर रंजन ने बताया कि ढेला गांव के लिए ट्रांसफार्मर का आदेश हो चुका है। एक-दो दिनों के अंदर ही वहां नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली समस्या का समाधान कर दिया जायेगा।

### कदाचारमुक्त होगी मदरसा-मध्यमा परीक्षा

**मेदिनीनगर।** मदरसा तथा मध्यमा परीक्षा 2024 को देखते हुए मेदिनीनगर सदर एसडीओ अनुराग तिवारी ने मदरसा परीक्षा के लिए 25 जून से 4 जुलाई तथा मध्यमा परीक्षा के लिए 25 जून से 2 जुलाई तक के लिए चार परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। उन्होंने आदेश जारी कर बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गयी है।

### ज्ञान मंदिर में योग दिवस पर योगाभ्यास



**मेदिनीनगर।** ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षक एवं 134 बटालियन सीआरपीएफ डाल्टनगंज संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अहले सुबह विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सह प्राचार्य एवं संयुक्त रूप सीआरपीएफ के पदाधिकारियों ने किया।

# जन समस्या को लेकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष भाजपा का आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

- चंपई सरकार जनसमस्या से मुंह फेर रही है : डॉ शशिभूषण मेहता
- झारखंड सरकार बालू की कालाबाजारी करा रही है : आलोक
- बिजली के आंख मिचौली से जनता त्रस्त : पुष्पा देवी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित तिवारी के नेतृत्व में पलामू जिले में व्याप्त बिजली, पानी, खाद, बालू एवं अन्य जनसमस्याओं को लेकर आक्रोश रैली बाईपास रोड काली मंदिर स्थित एरिगेशन कार्यालय के पास से निकाली गई। रैली रेड़मा चौक होते हुए कचहरी चौक होते उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया गया। रैली में शामिल भाजपा कार्यकर्ता पार्टी का झंडा बैनर व श्लोगनयुक्त तख्तियां लेकर चंपई सोरेन सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे। चंपई सोरेन कठपुतली न बनो,अपने विवेक से राज्यहित में काम करो, जनसमस्या दूर करो समेत नारे लगा रहे थे। प्रदर्शन के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि पलामू में झुलसाने वाली गर्मी के बीच बिजली की कटौती और बूंद बूंद पानी के लिए तरसते लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। पलामू प्रमंडल के जलापूर्ति मंत्री होते हुए भी पलामू के लोग एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। लोग बिजली-पानी के लिए परेशान हैं और सरकार बेफिक्र है। बालू की समस्या इतनी विकराल हो चुकी है कि बोरा से बालू लाने पर भी प्रशासन उनसे पैसे वसूल रही है।

# गुरु हरगोबिंद राय एक महान चिंतक व दलभंजन योद्धा भी थे: ज्ञानी सुंदर सिंह

- कार्यक्रम में गुरु साहब के जीवन दर्शन की दी जानकारी





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री गुरु हरगोबिन्द राय सिखों के छठें गुरू थे। साहिब की सिक्ख इतिहास में गुरु अर्जुन देव जी के सुपुत्र गुरु हरगोबिन्द साहिब की दल-भंजन योद्धा कहकर प्रशंसा की गई है। गुरु हरगोबिन्द राय साहिब की शिक्षा दीक्षा महान विद्वान भाई गुरदास की देख-रेख में हुई। गुरु जी को बराबर बाबा बुड्ढाजी का भी आशीर्वाद प्राप्त रहा। छठे गुरु ने सिक्ख धर्म, संस्कृति एवं इसकी आचार-संहिता में अनेक ऐसे परिवर्तनों को अपनी आंखों से देखा जिनके कारण सिक्खी का महान बूटा अपनी जड़ें मजबूत कर रहा था। विरासत के इस महान पौधे को गुरु हरगोबिन्द साहिब ने अपनी दिव्य-दृष्टि से सुरक्षा प्रदान की तथा उसे फलने-फूलने का अवसर भी दिया। अपने पिता श्री गुरु अर्जुन देव की शहीदी के आदर्श को उन्होंने न केवल अपने जीवन का उद्देश्य माना, बल्कि उनके द्वारा जो महान कार्य प्रारंभ किये गये थे, उन्हें सफलता पूर्वक सम्पूर्ण करने के लिए आजीवन अपनी प्रतिबद्धता भी दिखलाई। गुरु हर गोबिन्द राय का जन्म गुरू की वडाली, अमृतसर, पंजाब मे हाआ। माता-पिता गुरु अर्जन देव व माता गंगा जी थे। गुरु साहब के जीवन दर्शन के बारे में बताते हुए आगे ज्ञानी सुंदर सिंह जी ने उस समय के बदलते हुए हालातों के मुताबिक गुरु हरगोबिन्दसाहिब ने शस्त्र एवं शास्त्र की शिक्षा भी ग्रहण की।

### आजसू पार्टी ने मनाया स्थापना सह बलिदान दिवस, निर्मल महतो अमर रहे की आवाज बुलंद

# अपना सुदेश सहायता केंद्र खुला जो 24 घंटे लगातार रहेगा सेवारत

- राज्य सरकार में प्रखंड स्तर पर भ्रष्टाचार का है बोलबाला : शिवपूजन





कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच हुंकार भरते और श्रद्धा सुमन अर्पित करते शिवपूजन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड राज्य के हर प्रखंडों में आज आजसू पार्टी ने स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। हुसैनाबाद में बंशी बिगहा स्थिति पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के आवास सह पार्टी कार्यालय में एक भव्य कार्यक्रम कर मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी व संचालन मनोज शर्मा व अक्षय मेहता ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व विधायक व पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता व जिला सचिव जीतेंद्र विश्वकर्मा, अरविंद सिंह, मसिर खान, अयोध्या सिंह टिकैत आदि सभी कार्यकर्ताओं ने झारखण्ड आंदोलन के महान स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय शहीद निर्मल महतो के तस्बीर पर पुष्पअर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री मेहता ने कहा झारखंड राज्य की स्थापना निर्मल महतो के बलिदान पर मिला है। आजसू पार्टी कोई राजनीतिक पार्टी नही बल्कि आंदोलनकारियों के सिद्धांत पर इसकी नीव रखी गयी हैं जिसका उद्देश्य राज्य में गांव का विकास हो व गांव की सरकार चले परन्तु राज्य में झामुमों की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है।

# जल संकट पर अगर जल्द पहल नहीं की गयी तो शहरवासी पलायन करेंगे: आशीष भारद्वाज




पानी यात्रा के दौरान जल संचय करते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 11वें दिन के पानी यात्रा के क्रम में युवाओं की टीम ने सुरेश सिंह चौक, साधुनगर, श्रीरामपथ, जानकपुरी एरिया में जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे शहर के युवा बोल आशीष भारद्वाज ने कहा कि जलस्तर को संरक्षित करने के लिए शहर के सभी तालाब,आहर, पोखरा को बचाने की आवश्यकता है। मेदिनीनगर नगर निगम के अन्तर्गत पड़ने वाले लगभग सभी पैराणिक पेयजल संचय श्रौत जैसे आहर, पोखर, तालाब, कुआं का अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके वजह से हमारे यहा आज भीषण पेयजल संकट उत्पन्न हो चुका है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जलसंकट झेल रहे शहरवासियों को आने वाले समय में इस बड़ी विपदा से बचाने के लिए अभी से कार्य करना होगा। शासन, प्रशासन से अनुरोध है की जल्द से जल्द ऐसे सभी जलश्रोतों को अतिक्रमणमुक्त करवाये। पौधारोपण व जल सोख्ता के लिए खुद से सचेत रहने की जरुरत है वरना इससे बड़ी विपदा आने को है। श्री भारद्वाज ने बताया कि निगम क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट आने वाले समय में भयावह रुप लेने वाला है। इस संकट से निपटने के लिए वृहद स्तर पर पौधारोपण व सोख्ता निर्माण कार्य होगा तब जाकर स्थायी समाधान होगा। कहा कि जल संकट पर पहल नहीं किया गया तो शहरवासी पलायन कर जायेंगे। पानी यात्रा में आशा शर्मा, वैजंती जी, नवीन तिवारी, बबलू चावला, मुकेश तिवारी, अजय शुक्ला, साहेब जी नामधारी,राजन पंडित, दीपक प्रसाद, विकाश कश्यप, अंकित शुक्ला आरंभ, ज्ञानेश तिवारी, मुन्ना दूबे, सोनू पांडेय, दिलीप गिरी आदि भी थे।

### पुलिस ने अवैध बालू लदा टैक्ट्रर किया जब्त



**पांडू पलामू।** रतनाग के पास रात्रि में एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पांडू के पुलिस पदाधिकारी ने पकड़ा है। मगर पुलिस की भनक लगते ही ट्रैक्टर के चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। ट्रैक्टर जब्त कर पांडू थाना में ले आया गया है। पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने बताया कि इस संबंध में आगे कार्रवाई करने की प्रक्रिया चल रही है।

### एक ही रात सीएसपी समेत पांच दुकानों में चोरी

**उंटारी रोड, पलामू।** थाना क्षेत्र के पांडेपुरा के गया मोड़ पर सीएसपी सहित शुक्रवार की रात पांच दुकानों में चोरी हो गयी। गया मोड़ पर सभी किराना दुकान सहित छोटे बड़े सहित पांच दुकानों में अज्ञात चोरों ने गया मोड़ सीएसपी संचालक रमाशंकर गुप्ता के यहा से लैपटॉप और प्रिंटर चुरा लिये। सुमन गुप्ता, धीरेन्द्र कुमार माली, वहीं लाला साव के सभी पांच दुकानों में लगभग पचास हजार रूपए की सामान चोरों ने चोरी कर ली। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर एएसआई मनोज सिंह ने सभी पांचों दुकानों से पूछताछ कर जांच में जुट गये। सभी ने थाने मे लिखित आवेदन देकर जांच की गुहार लगायी है।

### योग दिवस पर थाना परिसर में योगाभ्यास



**चैनपुर (पलामू)।** थाना परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। थाना परिसर में पुलिस जवानों ने योगाभ्यास किया। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने बताया कि योग मानसिक व शारीरिक रूप से स्वास्थ्य के लिए बेहद जरुरी है। योग हमारे शरीर को रोगमुक्त/तनावमुक्त अन्य कई रोगों में रोग मुक्त रखना है। मौके पर पुलिस के जवानों ने अपनी हर दिन की दिनचर्या में योग को प्राथमिकता देते हुए शामिल किया गया।

### छतरपुर नप क्षेत्र के कई स्थानों पर लगे योग शिविर



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर नप क्षेत्र के कई स्थानों पर योग शिविर लगाया गया जिसमें +2 उवि में पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में महिला थाना प्रभारी समेत कई समाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोगों ने योग किया। वहीं वार्ड नं 10 में मंदेया नदी के समीप स्थित एस एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर धूमधाम से योग किया। बिद्यालय के उप व्यवस्थापक चंदा देवी ने भी मौके पर पहुंच कर सभी लोगों का उत्साहवर्धन किया और लोगों को योग नित्य दिन करने को कहा। वहीं विद्यालय के प्राध्यापिका अनुराधा कुमारी ने स्वयं योग और प्राणायाम किया और बच्चों को योग के बारे में विस्तार से बताया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पाटन प्रमुख बीडीओ व कई लोगों ने किया योगाभ्यास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** प्रखंड परिसर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिविर आयोजित कर योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम में पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा प्रखंड अंचलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा सहित प्रखंड के तमाम पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि ने योगाभ्यास में भाग लिये।

योगाभ्यास कार्यक्रम में पाटन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बच्चियों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। योगाभ्यास कार्यक्रम पर पाटन बीडीओ ने कहा कि जीवन को स्वस्थ रखने के लिए आज के भाग दौड़ की जिंदगी में योग करना बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है एवं कयी तरह के बिमारी से मुक्त रहता है योगाभ्यास के उपरांत प्रखंड परिसर में पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया साथ ही सभी पंचायत से आए हुए जनप्रतिनिधि को पौधा देकर सम्मानित किया गया।

## दो पिकअप वैन की भीषण टक्कर में चालक की मौत, एनएच 75 जाम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** शुक्रवार की रात्रि 9 बजे के करीब सड़क किनारे व्यापारियों को उतारने के दौरान पीक अप वैन को पीछे से आ रहे पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दिया था। जिसमें वाहन चालक बिरेंद्र प्रसाद (32) गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। अस्पताल में उसने चार घंटे बाद दम तोड़ दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रांची रोड दुलसुलमा के पास एनएच 75 को जाम कर दिया। सतबरवा अंचल में वाचन निरीक्षण के दौरान उपायुक्त पलामू शशिरंजन को जाम होने की जानकारी मिली। उन्होंने अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की को जाम स्थल पर भेजा। सीओ और थाना प्रभारी अंचित कुमार के अलावा प्रदेश भाजपा नेता मनोज सिंह के द्वारा समझाने बुझाने के बाद ग्रामीणों ने करीब ढाई घंटे बाद जाम को हटाया।

## डालटनगंज विस स्तरीय आजसू के स्थापना दिवस पर मना बलिदान दिवस

- भगवान बिरसा मुंडा व राजा मेदिनी राय के आदर्शों को आत्मसात कर बनायेंगे नया झारखंड : चंद्रशेखर सिंह
- आजसू कार्यकर्ताओं ने किया पौधा रोपण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आजसू पार्टी भगवान बिरसा मुंडा व राजा मेदिनीराय के आदर्शों को आत्मसात कर नया झारखंड बनायेगी। आजसू कार्यकर्ता झारखंड के वीर विभूतियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मना रहे हैं। उक्त बातें आजसू के केंद्रीय समिति सदस्य चंद्रशेखर सिंह छोटू ने कही। वे शनिवार को डालटनगंज - भंडरिया विस स्तरीय पार्टी के स्थापना दिवस पर संबोधित कर रहे थे। कार्यकर्ताओं ने स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## पांकी प्रखंड के कुआं में गिरने से हिरण की मौत



**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड में तीस से अधिक बंदरों की मौत प्यास से कुआं में गिर जाने के कारण हो गयी थी। यह मामला पूरी तरह से अभी शांति भी नहीं हुआ है कि प्रखंड के गरिहारा गांव के केवालटोला में कुआं में गिरने से हिरण की मौत हो गयी। ज्ञात हो कि प्यासा हिरण कुआं में गिर गया। जिसे घायलावस्था में ग्रामीणों ने हिरण को कुआं से निकालकर वनकर्मियों को सौंप दिया।

## सोहया के माइनिंग क्रशर की एसडीएम एलआरडीसी और सीओ ने की जांच

- नियम विरुद्ध क्रशर संचालकों पर होगी कार्रवाई
- कागजात की जांच का दिया आदेश : एसडीएम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** अंचल थाना क्षेत्र के सोहया स्थित विभिन्न स्टोन माईनिंग क्रशर व खनन क्षेत्र को एसडीएम पीयूष कुमार सिन्हा व भूमि सुधार उपसमाहर्ता गौरांग महतो एवं अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने खनन किये गए क्षेत्र को अवलोकन किया तथा क्रशर संचालकों से लीज की गई भूमि की सत्यापित कागज की जांच करने का विधिवत नोटिश दिया। साथ ही अंचल अमीन व कर्मचारियों को कई आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने जमीन का सीमांकन व लीज से संबंधित कई अहम जानकारी प्राप्त की और सभी को सरकारी नियम को पालन करने को कहा।

# स्वास्थ्य जांच कर दिव्यांग बच्चों को दिये गये सहायक उपकरण





दिव्यांग बच्चों की जांच करते और उन्हें सहायक उपकरण उपलब्ध कराते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत 06 से 18 साल के दिव्यांग बच्चों का जांच सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन शनिवार को प्रखंड संसाधन केंद्र सतबरवा में किया गया। जिसमे पूर्ब से चयनित 12 बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराया गया। वहीं 30 नए बच्चों का चयन सहायक उपकरण हेतु किया गया। चयनित दिव्यांग बच्चों को जनवरी 2025 में सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। कैम्प में एलिम्को भुबनेश्वर से आये हुए टीम में दीपक मंडल, ज्ञानेन्दू कुमार सिंह, अमर बहादुर, आकाश सैनी और अरुण यादव के साथ साथ जिला समावेशी शिक्षा प्रभारी राजीव चौबे बीपीओ मनोज कुमार, अकाउंटेंट संजीव कुमार, रिसोर्स शिक्षक अभिषेक कुमार, एम आई एस गुलाम सरवर और सभी संबंधित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

# पलामू उपायुक्त ने किया कौड़िया में बन रहे जलमीनार का निरीक्षण

- निर्माण कार्य पूरा कर जल्द पेयजलापूर्ति कराने का दिये निर्देश



निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते एसडीओ व अन्य पदाधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला के उपायुक्त शशिरंजन ने कौड़िया में बन रहे जलमीनार का निरीक्षण किया। उन्होंने जलमीनार कार्य को बारिकी से देखा। उन्होंने जलमीनार को गुणवत्तायुक्त बनाने, समय पर कार्य पूण करने समेत कई निर्देश दिये। मालूम हो कि पीएचईडी विभाग जलापूर्ति योजना के तहत कौड़िया में जलमीनार द्वारा चार पंचायत के लोगों तक पानी आपूर्ति कराया जायेगा। इसमें कौड़िया पंचायत में कौड़िया, जोरकट, चुकरू, बखारी, गणके, सुआ पंचायत के सभी वार्ड, भुसही, चियांकी पंचायत में पूर्वी भाग मुखिया टोला, सतियारी टोला, पुरान टोला, सरजा पंचायत के भुसड़िया, सीताटोली, पूर्णाडीह, ढटवाटांड़ में पानी पहुंचाया जायेगा। इधर उपायुक्त ने पीएचइडी विभाग के अभियंता को जलमीनार कार्य पूर्ण कराकर जल्द पेयजलापूर्ति कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में जनता पानी का किल्लत झेल रहा है। उन्हे जल्द पेयजलापूर्ति कराया जाये ताकि वे पानी की समस्या से निजात पा सकें।

# साहिबगंज : आजसू ने स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** शनिवार को आजसू पार्टी द्वारा पाटी की स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जिला के सभी प्रखंड एवं नगर में आजसू पार्टी स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। युवा आजसू द्वारा साहिबगंज के दर्जना के पटवा टोला सामुदायिक भवन में आजसू बलिदान दिवस कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर प्रखंड के सभी पंचायत के युवा आजसू के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और बलिदान दिवस के अवसर पर यह संकल्प लिया गया कि जिस प्रकार हमारे हजारों आजसू के कार्यकर्ताओं ने अपने बलिदान देकर इस राज्य का गठन किया और यहां के जनमानस के लिए जो सपने देखा था वह अभी तक पूरा नहीं हुआ उस जनमानस के स्वप्न को पूर्ण करने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि उनकी आवाज को मुखर रूप से उचित मंच तक पहुंचाने का काम करेंगे। दूसरा कार्यक्रम मंडरो के अम्मा्डीहा पंचायत में महिला मोर्चा के चूल्हा प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भी पार्टी की स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में बनाया। महिला चूल्हा प्रमुख कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष सुनैना देवी ने किया कार्यक्रम के माध्यम से सभी महिला को वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया और वृक्षारोपण भी किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे जिला उपाध्यक्ष मणिकांत मिश्रा जिला उपाध्यक्ष गोविंद शाह युवा आजसू पार्टी के विकास शाह जिला कार्यकारिणी सदस्य रामप्रवेश यादव अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शमशेर आलम छात्र नेता विक्रम कुमार केंद्रीय सदस्य कार्तिक पहाड़िया महिला जिला सचिव दुर्गावती देवी मेरी पहाड़िया माला हसदमुनि देवी जितेंद्र प्रसाद साहिबगंज प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत दुबे मंडल हसदा लखन शर्मा माडरो प्रखंड अध्यक्ष राजेश राय शांति माल्टो आदि सैकड़ो महिला युवा छात्र कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 5 एस प्रणाली के राष्ट्रीय सम्मेलन में बीएसएल की टीमों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** कार्यस्थल प्रबंधन की 5-एस प्रणाली पर क्यूसीएफआई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में बोकारो स्टील प्लांट की टीमों ने पार एक्सीलेंस और एक्सीलेंस पुरस्कार जीतकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उपरोक्त राष्ट्रीय सम्मेलन में बीएसएल की टीमों के सहभागिता का समन्वय बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा किया गया। बोकारो स्टील प्लांट की पाँच टीमों ने इस आयोजन में भाग लिया जिनमें से 02 टीमों ने पार एक्सीलेंस और 03 टीमों ने एक्सीलेंस पुरस्कार प्राप्त किया। पीईबी से जिज्ञासा तथा सामग्री प्रबंधन के भंडार विभाग के आह्वान टीम को पार एक्सीलेंस पुरस्कार तथा यातायात विभाग के सृजन ज्योति टीम आरसीएल विभाग की कर्ण टीम तथा सीआरएम-थ्री विभाग के स्तंभ टीम को एक्सीलेंस पुरस्कार मिला है। प्लांट के शीर्ष प्रबंधन ने सभी विजेता टीमों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

# गोड्डा : जिला शिक्षा अधीक्षक के खिलाफ एकजूट होने का आव्हन

गोड्डा। झारखण्ड रसोइया संघ प्रदेश सचिव सह जिला संरक्षक मनोज कुमार कुशवाहा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए रसोइया संघ एवं संयोजिका से 23 जून को गांधी मैदान गोड्डा मे एकत्रित होने का आग्रह किया है। जिला के सभी रसोईया एवं संयोजिका सरकार एवं विभाग की दौहरी नीति चल रही है। जिनको लेकर रसोईया एवं संयोजिका एकजुट होकर जिला शिक्षा अधीक्षक के खिलाफ आन्दोलन करने को लेकर आज बड़ी बैठक गोड्डा गांधी मैदान में होना सुनिश्चित है। लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही फिर से कहर ढाने का प्लान शिक्षा विभाग द्वारा चलना शुरू हो गया है। इनके मनसुबा को खत्म करने के लिए एकजुट होकर शिक्षा विभाग के खिलाफ बड़ा निर्णय। आवाज उठाना पड़ेगा। आज गोड्डा गांधी मैदान में पहुंच कर अपनी ताकत का परिचय दे। जहां रणनीति बना कर जिला शिक्षा अधीक्षक के मनसूबे को फेल करने में सफल हो सके।


## समाहरणालय, खूँटी (समेकित जनजाति विकास अभिकरण)

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा संख्या–01/2024–25**

खूँटी जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करनेवाले छात्र/छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2024–25 में दो सेट पोशाक, स्कूल बैग, जूता–मोजा, नाईट ड्रेस, ब्लेजर, स्वेटर, स्पोर्ट्स ड्रेस, स्लीपर, अंतःवस्त्र, टाई एवं बेल्ट आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 11.07.2024 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, खूँटी के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, खूँटी में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक 11.07.2024 के अपराह्न 3.00 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी (ITDA) के कार्यालय कक्ष (समाहरणालय भवन, खूँटी, "ए" ब्लॉक, कमरा नं0 – 01) में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते खूँटी जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.khunti.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, खूँटी

PR.NO.327359 Welfare(24-25):D



## समाहरणालय हजारीबाग (समाज कल्याण शाखा)

**– इच्छा की अभिव्यक्ति (अल्पकालीन सूचना) –**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार अधीन मिशन शक्ति के घटक संबल के तहत हजारीबाग जिलान्तर्गत संचालित वन स्टॉप सेन्टर, हजारीबाग में बचाव की स्थितियों से निपटने, जाँच, परिवार के साथ पुनः एकीकरण, हिंसा से प्रभावित महिलाओं की चिकित्सा, विधिक और पुलिस सहायता के लिए विभिन्न स्थानों पर ले जाने आदि के लिए एक "व्यवसायिक वाहन" की आवश्यकता है। व्यवसायिक वाहन हेतु विवरणी निम्नवत है–

| क्रम | विवरणी | मात्रा | अनुमानित अधिकतम वार्षिक दर |
|---|---|---|---|
| 1. | वन स्टॉप सेन्टर, हजारीबाग हेतु व्यवसायिक चार पहिया वाहन; वाहन चालक, ईंधन आदि सहित | एक (01) | 4,50,000/– रूपये |

उपरोक्त विवरणी के अनुसार व्यवसायिक वाहन उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक प्रस्तावक मुहरबंद लिफाफे में प्रस्ताव जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में दिनांक– 02.07.2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक अथवा स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त प्रस्तावों को उक्त तिथि को 03:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोला जायेगा।

इच्छा की अभिव्यक्ति से सम्बन्धित नियम एवं शर्त्ते हजारीबाग एन.आई.सी. के Website- www.hazaribag.nic.in से Download किया जा सकता है अथवा जिला समाज कल्याण कार्यालय, हजारीबाग से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR.NO. 327434 Women, Child Development & Social Security(24-25):D


# स्पीड न्यूज

## 24 जून से तेनुघाट सिविल कोर्ट का बदला समय



बेरमो। तेनुघाट कोर्ट सोमवार 24 जून से तेनुघाट सिविल कोर्ट का समय बदल जायेगा। सिविल कोर्ट का समय सुबह 10 :30 बजे से 4 :30 बजे तक रहेगा। इस संबंध में पूर्व में ही अधिसूचना जारी किया गया था। गौरतलब है कि वर्तमान में राज्य भर के सिविल कोर्ट में मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई हो रही थी। उक्त बातें एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने बताया।

## पूर्व विधायक योगेंद्र ने बिरहोर परिवारों का लिया हालचाल



बेरमो/ललपनिया। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह गोमिया के जनप्रिय नेता पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो गोमिया प्रखंड के अंतर्गत सियारी पंचायत के बिरहोर टंडा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बिरहोर परिवारों की सुध लेते हुए सभी से हालचाल लिया और एक एक कर सभी से बस्ती में व्याप्त समस्याओं को जाना।मौकेपर बिरहोर परिवारों ने पूर्व विधायक जी को बताया कि यहां पेयजल,बिजली और आवास की समस्याओ से काफी परेशानी होती है। अध्यक्ष सह पूर्व विधायक महोदय ने यथाशीघ्र उपायुक्त बोकारो से बात कर उक्त सभी समस्याओं के स्थायी समाधान करवाने का विश्वास दिलाया। इसके साथ ही साथ,झारखंड सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ दिलाने का भरोसा दिया। इसके अलावा पूर्व विधायक जी ने प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों की विभिन्न समस्या को जाना तथा यथाशीघ्र समाधान का भरोसा ग्रामीणों को दिया। यहां मौके पर पंचायत मुखिया रामवृक्ष मुर्मू सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## साहिबगंज : बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया



साहिबगंज। जिरवाबाड़ी ओपी थाना अंतर्गत लेबर सुपरिटेंडेंट धीरेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में एवं मंथन संस्था के सहयोग से दो बाल श्रमिक बच्चों को श्रम मुक्त कराया गया। शानिवार को लेबर सुपरिटेंडेंट के निर्देश पर धावा दल टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया। उसी दौरान महादेवगंज के श्रीरामचौकी मुख्य पथ पर स्थित टायर दुकान में छापेमारी कर दो बाल श्रमिक बच्चों को पकड़ कर श्रम मुक्त कराया गया। हालांकि बच्चे धावा दल टीम देखकर श्रमिक बच्चे भागने की फिराक में थे लेकिन वह असफल रहे। जिसके बाद रेस्क्यू किए गए दोनो बच्चो को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद बच्चों के माता/पिता को सूचित कर बाल कल्याण समिति के समक्ष बुलाया गया और बांड भरवा कर उन्हें बच्चों को सुपुर्द कर दिया गया। वही प्रतिष्ठा के नियोजन मोहम्मद मानवर एवं मो असलम शेख पर प्राथमिक की दर्ज कराया। मौके पर टीम में धीरेंद्र नाथ महतो, पूनम कुमारी, विनोद राम शिव प्रसाद ओझा, महताब अंसारी आदि मौजूद रहे।

### गोपीनाथपुर पहुंचे सांसद विजय हांसदा, कहा-भाजपा का काम संभालना कम बिगाड़ना ज्यादा है

# भय मुक्त माहौल में रहें ग्रामीण



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** गोपीनाथ पुर में घटना के तीन दिन बाद से नेताओं का जाना आना और जुवानी व्यान बाजी शुरू हो गया है। सत्य को स्वीकार कर दोषियों पर कार्रवाई भी होनी चाहिए? मिलने जुलने के कार्यक्रम में जेएमएम से भारी मतों से जीत दर्ज कर तीसरी बार राजमहल से सांसद बने विजय हांसदा एवं जिला झामुमो की पूरी टीम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोपीनाथपुर गांव पहुंचे। गांव का दौरा करने के बाद राजमहल सांसद विजय हांसदा ने पत्रकारों से वातालर्प करते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि गोपीनाथपुर गांव के ग्रामीण को समझाया कम और उसकाने का काम जायदा किया गया है। घटना के पश्चात मुख्यमंत्री की नजर गोपीनाथपुर पर लगातार है और हर पल जानकारी ले रहे हैं। हमारी गठबंधन सरकार में हम साथ साथ है और रहेंगे। किंतु हमें इस बात की बहुत अफसोस है कि बंगाल से आकर उप्रद्रवियों ने झारखंड बंगाल सीमा पर बसे गोपीनाथपुर के एक ग्रामीण के घर को आग के हवाले कर दिया उनके साथ मारपीट की, पत्थरबाजी जैसे घटना को अंजाम दिया। यहां के माहौल को खराब करने की चेष्टा की। इससे गोपीनाथपुर गांव में भय का माहौल है, दोषियों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए हंसदा ने कहा कि भयभीत होने की जरूरत नहीं है, सरकार और प्रशासन और हमारे गठबंधन की सरकार एक परिवार की तरह हमेशा आपके साथ हर दुःख दर्द में खड़ा है। ग्रामीणों का जो कुछ नुकसान हुआ है उसकी भरपाई भी होगी। और सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। सांसद हांसदा ने पाकुड़ पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस बल की तारीफ करते हुए कहा कि जिस मुस्तेदी से पुलिस ने मोर्चा संभाला है काबिले तारीफ है। मैं उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद देना हूं। मुफस्सिल थाना प्रभारी गांव में खुद दिन रात कमान संभाले हुए हैं। थाना प्रभारी का कुशल नेतृत्व में बड़ी घटना होते होते टल गई। सांसद ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा हर हमेशा परिस्थिति के विपरित काम करती है। इनका काम संभालना काम और बिगाड़ना अधिक होता है। ग्रामीण अफवाह और विवाद से बचे। अपना नियमित कार्य प्रारंभ करें। मालूम हो कि बीते सोमवार को बकरीद त्योहार के अवसर पर प्रतिबंधित मांस काटने को लेकर दो समूहों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। घटना के अगले दिन मंगलवार को नदी पार कर पश्चिम बंगाल सीमा से सैकड़ों की संख्या में उपद्रवियों ने गोपीनाथपुर गांव में बम और गोली से हमला कर दिया। घरों में आग लगा दिया। जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान हुआ।

## कसमार में लगा ड्राइविंग लाइसेंस के लिये शिविर



**बोकारो/कसमार।** झारखंड सरकार के निर्देश पर जिला परिवहन कार्यालय द्वारा कसमार प्रखंड मुख्यालय परिसर में शिविर लगाया गया। जहां नये ड्राइविंग लाइसेंस के लिए 8 सौ से अधिक आवेदन लिया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना आदि के बारे जानकारी भी दी गई। बता दें झारखंड सरकार द्वारा प्रत्येक प्रखंड मुख्यालयों में शिविर लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन लेने का निर्देश जारी किया गया है। बताया गया कि आवेदकों का आवेदन लेने के बाद ऑनलाइन किया जायेगा। इसके बाद ड्राइविंग टेस्ट के लिए फोन पर जानकारी देकर बुलाया जायेगा। मौके पर विभाग के लेखाकार अरुण उपाध्याय सड़क सुरक्षा प्रबंधन गोविंद प्रताप सिंह, मनीष सिंह एमटीएस आइटी असिस्टेंट संतोष चौबे आदि मौजूद थे।

# बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक ने लोगों को किया जागरूक



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/जारंगडीह।** बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। संघर्षो की इस कारवां में तिसरे चरण का कार्यक्रम पंचायत स्तरीय जन जागरण का शुभारंभ 11 जून से किया है। जो 31 जुलाई तक निरंतर जारी रहेगा। इसी क्रम में समिति के संयोजक संतोष कुमार नायक प्रवास के दौरान जारंगडीह उत्तरी पंचायत सचिवालय पहुंचे और जारंगडीह उत्तरी पंचायत वासियों तथा पंचायत प्रतिनिधियों का समर्थन प्राप्त करते हुए बेरमो को जिला बनाओ को लेकर लोगों जागरूक किया। जिस क्रम में हाथों में तख्तियां थाम बुलंद आवाज में नारेबाजी की गई, हम लोगो ने ठाना है बेरमो को जिला बनाना है। वंही अपने सम्बोधन में कहा की पंचायत स्तरीय जन जागरण 51 दिनो का कार्यक्रम है जो प्रवास के साथ चल रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने के लिए झारखंड सरकार पर दवाब बनना है। 31 जुलाई को अनुमंडल मुख्यालय में शक्ति परीक्षण के रूप में महाजुटान एंव 1 अगस्त को संपूर्ण बेरमो अनुमंडल बंद का आह्वान किया गया है। मौके पर जारंगडीह उत्तरी पंचायत की मुखिया फिरोज खातुन, उप मुखिया रुबी देवी, वार्ड सदस्य पूजा मूर्मू रीना देवी, सुनिता देवी, शक्ति कुमारी, निशा देवी, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## बारात लेकर जा रही बस जलकर हुई खाक



**दुमका।** दुमका में एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जहां एक बाराती बस हाई टेंशन तार के चपेट में आने से धू-धूकर जल उठा। घटना शनिवार को जिले में शहर से सटे दिग्घी ओपी क्षेत्र श्रीअमड़ा गांव में तेलियाचक के पास घटी। इस घटना में बस कर्मी झुलस गये। जिसे इलाज के लिए फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार शिवशक्ति नामक बस नम्बर जेएच 04 एस 1796 बारात लेने तेलियाचक नावाडीह जा रही थी। बारात गोड्डा के बनियारा गांव जाना था। इसी दौरान ग्रामीण सड़क में बस हाई टेंशन तार की चपेट में आ गई। देखते ही देखते पूरी बस जल गई। गनीमत रही की बस खाली थी। कड़ी मशक्कत के बाद खलासी को बस से निकाल कर अस्पताल में भेजा गया।

# साहिबगंज : उपायुक्त ने रहीमटांड़ चेकनाका व स्कूल का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती ने बरहरवा चेकनाके का निरीक्षण करने के बाद कोटालपोखर रहीम टांड चेकनाके का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चेकनाके में प्रत्येक वाहनो की पासिंग के दौरान बारीकी से माइनिंग की जांच करने, माइनिंग तिथि एवं समय का निरन्तर मोनिटरिंग करने एवं सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे संचालित करने का निर्देश दिए है। उन्होंने कोटालपोखर प्लस टू हाई स्कूल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल परिसर की साफ सफाई एवं शौचालय इत्यादि को देखा। मौके पर डीएफओ मनीष तिवारी, राजमहल एसडीओ कपिल कुमार, बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जमुदा, बरहरवा बीडीओ सन्नी दास, बरहरवा सीओ संजय शुक्ला, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित सिंह, कोटालपोखर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान उपस्थित थे।

## दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

हंसडीहा। हंसडीहा थाना क्षेत्र के डेयरी इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप 5 मई को तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार द्वारा सामने जा रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। घटना में हंसडीहा थाना क्षेत्र के जालवे गांव निवासी दासों किस्कू और उनकी पत्नी सोनामुनि मुर्मू घायल हो गई थी। घायल दंपती की नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों द्वारा मेडिकल कॉलेज दुमका रेफर कर दिया गया। वहां भी सोनामुनि मुर्मू की नाजुक हालत देख चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया जहां ईलाज के दौरान मुर्मू ने दम तोड़ दिया जिसके बाद रांची पुलिस द्वारा मृतका के पुत्र अनिल किस्कू से फर्द बयान लिया


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, सिमडेगा

**शुद्धि–पत्र**

पत्रांक– 1063 सिमडेगा/दिनांक– 19.06.2024

एतद् द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना शीर्ष 4515 अन्तर्गत ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2024-25/R4/RWD/SIMDEGA दिनांक 07-06-2024 जिसका PR 325724 (Rural Work Department) 24-25 (D) विभिन्न समाचार पत्र में प्रकाशित की गयी थी, जिसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. Website पर NIT के साथ हिन्दी में अपलोड शर्तों को निरस्त किया जाता है।
2. SBD के Section IV के Clause No 1.2 एवं 1.3 में 2018-19 से 2022-23 के स्थान पर 2019-20 से 2023-24 पढ़ा जाय।

शेष सभी नियम एवं शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।

PR.NO.327413 Simdega(24-25):D



## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा

Phone Number:- 06526-222064 , email-id:zplohardaga@gmail.com

**ई–निविदा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या –01/2024–25 दिनांक 20.06.2024

| क्र0/ ग्रुप संख्या | योजनाकानाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जिला परिषद् कार्यालय भवन में CCTV का अधिष्ठापन कार्य | 422500.00 | 750.00 | 8450.00 | 02 (दो माह) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 24.06.2024 |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 01.07.2024/01:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 01.07.2024/01:00 बजे अपराह्न में |
| 5 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 6 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा

PR 327350 Lohardaga(24-25).D



## कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

**द्वितीय अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2023–24**

दिनांक–22.06.2024

| क्र0सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र कामूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Const. of rcc drain with cover from shiv mandir to ramchandra paswan house. | 2181600.00 | 44000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | 09 | Const. of rcc drain with cover slab from manjulasharma school to Tarkeshwaryadav shop. | 1364710.00 | 27500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3 | 10 | Const. of RCC drain with cover slab from lakhan lohar house to bindu paan dukan. | 1719620.00 | 34500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4 | 07 | Const. of RCC drain with cover slab bhagawat Mehta house to rinku singh boundry | 1649985.00 | 33000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 5 | 08 | Const. of PCC and Paver Block road from guhari talab (giridih road) to dhab road. | 1860876.00 | 37500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 6 | 05 | Const. of PCC road from mahendra kumar Mehta house to kaalimandap. | 1425360.00 | 29000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 7 | 12 | Const. of 220 ft. sidhi at jaluwadaha talab. | 1309620.00 | 26500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 8 | 01& 03 | Const. of PCC road and paver block from rajaak miyan house to primery school mahthadih. | 1941200.00 | 39000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website. | | | | 25-06-2024 | |
| B | Last Date/Time for receipt bid on online | | | | 03-07-2024 | |
| C | Date of Opening Tender | | | | 05-07-2024 | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | | Executive Officer Nagar Panchayat Domchanch | |
| E | Helpline No. | | | | 9430497772 | |

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 327439 Urban Development(24-25).D



## झारखण्ड सरकार
## कार्यालयः– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

**जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या–04रा(वि0), दिनांक–30.05.2024(तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना, वित्तीय वर्ष 2024–25) द्वारा जिला–लोहरदगा के मत्स्य कृषकों के लिये विभिन्न योजनाओं का लक्ष्य प्राप्त है। संबंधित योजनाओं हेतु राज्यादेशानुसार अहर्त्ता रखने वाले सुयोग्य मत्स्य कृषकों/मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/सदस्यों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। योजनाओं हेतु आवेदन प्रपत्र/आवेदन का प्रारूप जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। म0जी0स0स0/सदस्यों द्वारा सादे कागज पर लिखित आवेदन भी मान्य होगा। सभी वांछित कागजातों के साथ प्राप्त आवेदन ही चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किये जायेंगे। दिनांक–06.07.2024 को कार्यालय समयावधि तक जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में आवेदन प्राप्त किये जायेंगे।

योजनाओं की विवरणी निम्नलिखित है:–

| क्र0 | योजना का नाम | इकाई | कोटि | इकाई लागत | राज्य सरकार का अनुदान | लाभुक अंशदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 796 | | | | |
| 1 | मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिये चप्पू नाव | सं0 में | 2 | मो0 33,000/– रु0 मात्र | मो0 30,000/– रु0 प्रति नाव | मो0 3000/– रु0 प्रति नाव | संबंधित योजनाओं में राज्यादेशानुसार अहर्त्ता रखने वाले आवेदकों को चयन में सम्मिलित किया जाएगा। योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में आकर ली जा सकती है। |
| 2 | मत्स्य जीवी सहयोग समितियों के लिये मोटरचालित नाव | सं0 में | 1 | मो0 4,14,000/– रु0 मात्र | 90% अर्थात् मो0 3,72,600/– रु0 मात्र | 10% अर्थात् मो0 41,400/– रु0 मात्र | |
| 3 | मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिये गिल नेट | सं0 में | 5 | मो0 590/– रु0 मात्र प्रति किग्रा | 90% अर्थात् मो0 2,655/– रु0 मात्र प्रति 5 किग्रा | 10% अर्थात् मो0 295/– रु0 मात्र प्रति 5 किग्रा | |
| 4 | नए रिवराईन फिश फार्मिंग/ओपन एरिया फार्मिंग | सं0 में | 5 | मो0 86,000/– रु0 मात्र | पूर्ण अनुदान | – | |
| 5 | केज रिपेयरिंग | सं0 में | 10 | अनुमानित लागत मो0 35,000/– रु0 मात्र | अधिकतम मो0 25,000/– रु0 मात्र अथवा वास्तविक व्यय | लागत की शेष राशि | |
| 6 | केज रिमॉडलिंग | सं0 में (केज बैटरी) | 5 | मो0 1,82,000/– मात्र | 90% अर्थात् मो0 1,64,250/– रु0 मात्र | 10% राशि | |

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 327346 (Fish) 24-25 (D)

समय संवाद

स्पूफिंग साइबर लुटेरों का नया हथियार है, हैकिंग की तकनीक से एडवांस। स्पूफिंग ऐसा फ्रॉड है जिसमें कोई संचार अनजान स्रोत से किसी रिसीवर को भेजा जाता है लेकिन संदेश प्राप्त करने वाले व्यक्ति को वह कॉल या ईमेल उसके परिचित या ज्ञात स्रोत से आए संदेश के रूप में मिलती है। स्पूफिंग की तकनीक असल में साइबर लुटेरों का नया हथियार है।

इसके इस्तेमाल की शुरूआत साइबर हैकरों ने की थी। हैकर फेसबुक और सोशल मीडिया के अन्य तरीकों के जरिए किसी व्यक्ति के सोशल मीडिया अकाउंट में घुसपैठ कर लेते थे। सोशल मीडिया के अकाउंट में यह घुसपैठ असल में हैकिंग है, जिसमें वास्तविक उपयोगकर्ताओं का अपने अकाउंट पर अधिकार नहीं रह जाता है।

# स्पफिंग के जाल में फंसती नयी पीढ़ी

**डॉ. संजय वर्मा**

व्यक्ति के मित्रों-परिचितों में से कुछ लोग जांच-पड़ताल किए बगैर पैसा भेज देते हैं। बाद में पता चलता है कि असल में उस व्यक्ति का अकाउंट हैक हुआ था और भेजे गए पैसे किसी हैकर के पास पहुंच गए हैं। यह तकनीक सोशल मीडिया से आगे बढ़कर मोबाइल नंबरों और ईमेल खातों तक पहुंच गई है और अब इसमें मोबाइल को हैक करने की जरूरत भी नहीं पड़ती। यानी यह जरूरी नहीं रह गया है कि किसी व्यक्ति का मोबाइल या ईमेल हैक ही किया जाए। बल्कि वास्तविक नंबर और ईमेल की जानकारी होने पर उसकी ओर से फर्जी कॉल या मैसेज उस व्यक्ति के सर्कल से जुड़े लोगों (मित्रों-परिचितों) को भेज कर फेवर मांगा जा सकता है और इस तरह नए किस्म का झांसा दिया जा सकता है। हैकिंग से आगे निकलती इस तकनीक को स्पूफिंग कहा जा रहा है। परिभाषा देना चाहें तो कह सकते हैं कि स्पूफिंग एक ऐसा कपटपूर्ण (फ्रॉड) व्यवहार है जिसमें कोई संचार अनजान स्रोत से किसी रिसीवर को भेजा जाता है लेकिन संदेश प्राप्त करने वाले व्यक्ति को वह संचार (कॉल या ईमेल) उसके परिचित या ज्ञात स्रोत से आए संदेश




के रूप में मिलता है। असल में नई तकनीकों के सहारे लोगों को भ्रमित कर्र चूना लगाने की यह एक नई कोशिश है जिसे स्पूफिंग के नाम से जाना जा रहा है।

**कैसे होती है स्पूफिंग**

स्पूफिंग कैसे होती है- इसे एक उदाहरण से आसानी से समझा जा सकता है। मान स्पूफिंग के कई प्रकार हैं। सिर्फ मोबाइल स्पूफिंग नहीं, बल्कि लोगों को आईपी स्पूफिंग, कॉलर आईडी स्पूफिंग, ईमेल स्पूफिंग, एआरपी स्पूफिंग और कंटेंट स्पूफिंग आदि के जरिए भी चूना लगाया जा रहा है।

आईपी स्पूफिंग यानी इंटरनेट प्रोटोकॉल एड्रेस को कॉपी या मास्किंग करने का मामला है। इस तरीके में स्पूफर किसी कंप्यूटर आईपी एड्रेस (वेबसाइट के पते यानी यूआरएल) को इस तरह से मास्क करते हैं यानी नकली आईपी एड्रेस तैयार करते हैं ताकि वह प्रमाणिक और वास्तविक आईपी एड्रेस प्रतीत हो। यह असल में फेक आईपी एड्रेस होता है जो असली लगता है। इस किस्म की स्पूफिंग में स्पूफर ट्रांसमिशन कंट्रोल प्रोटोकाल (टीसीपी) तकनीक से वास्तविक आईपी एड्रेस के स्रोत (सोर्स) और गंतव्य की जानकारियों की खोज करते हैं। ये जानकारियां मिल जाने पर उनमें हेराफेरी कर फर्जी आईपी एड्रेस तैयार कर लेते हैं। आईपी एड्रेस की स्पूफिंग की तरह मोबाइल पर कॉल या मैसेज की स्पूफिंग के लिए स्पूफर कॉलर आईडी सिस्टम के डिस्प्ले तकनीक में सेंध लगाते हैं। इससे उन्हें एक मोबाइल उपयोगकर्ता और उसके परिचय के दायरे में आने वाले लोगों के मोबाइल नंबरों की जानकारी और पहचान हासिल हो जाती है। पहले इस तकनीक का इस्तेमाल जासूसी या एफएम रेडियो चैनलों द्वारा शरारतन की जाने वाली प्रैंक गतिविधियों में किया जाता था। लेकिन अब इसे स्पूफर्स ने धोखा देकर पैसा कमाने का जरिया बना लिया है।ईमेल स्पूफिंग एक अन्य प्रकार की धोखाधड़ी है जिसमें फर्जी ईमेल (स्पैम) भेजकर लोगों को भ्रमित करते हुए उन्हें आर्थिक या भावनात्मक चपत लगाई जाती है। इस तरह की स्पूफिंग में संदेश प्राप्तकर्ता को यह नहीं पता चलता है कि यह ईमेल आखिरकार कहां से आया है। चूंकि इस तकनीक में ईमेल भेजने वालों को ईमेल प्रमाणीकरण (ऑथेंटिकेशन) की प्रक्रिया यानी सिंपल मेल ट्रांसफर प्रोटोकॉल से नहीं गुजरना पड़ता है, इसलिए ईमेल पाने वालों को पता नहीं चलता है कि उन्हें यह कहां से मिला है। अक्सर इस तकनीक का इस्तेमाल स्पैमर करते रहे हैं। इसके जरिए वे फिशिंग, वायरस फैलाने या लोगों की निजी व बैंकिंग संबंधी जानकारी हासिल करने का प्रयास करते हैं।स्पूफिंग का एक अन्य प्रकार एआरपी स्पूफिंग है। एआरपी यानी एड्रेस रिजॉल्यूशन प्रोटोकॉल स्पूफिंग।

## गुरु भक्ति से ही ब्रह्म ज्ञान

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**सभी** लोग महात्मा हो जायेंगे तो क्या होगा? यह प्रश्न बार-बार पूछा जाता है और स्वतः मन में भी उठता है। सवाल यह है कि अगर सभी लोग डाक्टर हो जाये तो क्या होगा? सभी लोग वकील हो जाये तो क्या होगा? यह प्रश्न ही गलत है। प्रकृति ने संसार की रचना ही इतने अच्छे ढंग से की है कि सा कोई -सा कुछ नहीं हो जाता है। महात्मा दर्शनानंद जी इस बात की व्याख्या बहुत अच्छे ढंग से कहते रहे। भक्ति में प्राथमिक स्थिति से विश्वविद्यालय तक की स्थिति बनती है। सभी को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए कि वह यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करें। चरण चलने का सूचक है,

बंदऊँ गुरू पद पदुम परागा

आखिर कौन सा कारण है कि तुलसीदास ने गुरू चरण की वंदना की है, उनके शरीर के बाकी अंग जैसे नाक, कान, मुंह, मस्तक आदि की वंदना नहीं की है। गुरूचरण की वंदना करने का कारण यह है कि गुरू जिस रास्ते पर चले हैं अथवा वे जिस रास्ते का अनुसरण किये है भक्तगण को उसी रास्ते पर चलना चाहिए। गुरू के रास्ते का अनुसरण करना चाहिए। गुरू ने जिस तरीके से ज्ञान भक्ति तथा वैराग्य धारण किया है तरीके को जानकर उसे अपनाना चाहिए। जीवन में धार्मिक ग्रंथों का ड़ा महत्व है, निम्नलिखित दर्शन धार्मिक ग्रंथ में पाये जाते हैं-

1. वेदांत दर्शन, 2. न्याय दर्शन 3. योग दर्शन 4. सांख्य दर्शन 5. वैशेषिक दर्शन 6. मीमांसा दर्शन। सांख्य दर्शन के प्रतिपादक कपिलमुनि है। सांख्य शब्द संस्कृत के शद साक्ष्य से बना है। साक्ष्य का शादिक अर्थ प्रमाण है। सांख्य में अनुसार ब्रह्म ज्ञान का द्योतक है। सांख्य का मतलब ब्रह्म ज्ञान का प्रमाण होता है। सांख्य दर्शन में ब्रह्म ज्ञान का वर्णन है। यह दर्शन समान मार्ग वालों की है। आसन, प्राणायाम, यम नियम, इत्यादि से ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति इस दर्शन से होता है एक बार राजा जनक ने यह अनुष्ठान किया था। उस यज्ञ में मुख्य पुरोहित याज्ञवलक्य जी थे। चारों तरफ से विद्वान तथा पंडित आये थे। उन्हीं विद्वानों में पांचाल क्षेत्रा की भार्गी थी। बहुत विद्वानों ने याज्ञवलय जी से प्रश्न पूछे वृहदारण्यक उपनिषद उन्हीं प्रश्नों का संग्रह है। याज्ञवलय जी से पूछा गया-पृथ्वी किससे आच्छादित है, उत्तर था जल। जल पृथ्वी के कण-कण में समाया है, िना जल के पृथ्वी टूट जाएगी। जल किससे आच्छादित है उत्तर था अग्नि, क्योंकि अग्नि में जल समाहित हो जाती है। अग्नि वायु से आच्छादित है, वायु आकाश से आच्छादित है। आकाश मन से आच्छादित है। जा तक मन की गति है आकाश है। जा मनुष्य सुषुप्त अवस्था में होता है तो आकाश का आभाष नहीं होता है। मन ब्रह्म में आच्छादित है, पर ब्रह्म किसी में आच्छादित नहीं है। यह पूछना अतिवाद है। ब्रह्म किसी से आच्छादित नहीं है, यह सर्वोच्च है। ब्रह्म का भाव ही ज्ञान है।

(ब्रह्म विद्यालय आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर बिहार)

## नशा



**अल्का हेम्बरोम**

तो हर उस आदत की है जो आपको पसंद आ जाए....
नशा तो उस अदा की भी
जो दिल को छू जाए ..।.
लेकिन वो नशा जो ...

कड़वाहट हो लेकिन ..
शीशे की गिलास की शोभा बढ़ा जाए
हर इंसान के जिंदगी में जहर घोल जाए
बस उसी नशे की बात कर रही हूँ जो
हमने अपने घर में बचपन से देखा ...

कितने लोगों को मरते देखा ...बच्चों को अनाथ होता देखा ...।
घर पर हमने बहुत विरोध किया नशापान का बस मजाक बन गयी ...यही सुनने मिला कि हम अपने मन के बोझ को हल्का करते है .....
मुझे समझ में नहीं आया कि माँ के कंधे में सबसे ज्यादा बोझ था
लेकिन नशा करते नहीं देखा ...ज्यादातर पुरूष वर्ग छाती पीटते नशा करते दिखे ....।
गाँव में भी यही हाल हर घर में एक नशेड़ी पैदा हो जाए ...
और यह नशा पीढ़ी दर पीढ़ी चलती है ....सुधार का नामोनिशान नहीं ...।
अब मैं ऐसे घर की सदस्य बनी जहाँ नशा का नामोनिशान नहीं ...??
अब सोचती हूं कि इस नये पीढ़ी में कुछ सुधार हो जाए ....।
कई हिंसा ,यौन उत्पीड़न, बलत्कार,चोरी का जड़ नशापान है ....
लेकिन हम क्यो सुधरे....सारा बोझ कंधे पर है तो
मुझे पीने का शौक नहीं...
पीता हूं गम भुलाने को .....
गाना गा कर जिंदगी चल रही है ...
नशा मुक्त भारत का अभियान चल पड़ा
लेकिन नशे की बोतलों की दुकान तो खुले आम चल रही .....
क्योंकि जहर के बोतलों से सांसे भले थम जाए .....फायदे नोटों का होना चाहिए ..।
नशा मुक्त भारत ...में योगदान
बस देखते जाईए ...योगदान किसका होगा ?

(कल्याण पदाधिकारी झारखंड राज्य)

## आवाज दो

**पिछली** रात, सुर्खियों के तहत, मैंने अपनी आत्मा को उजागर किया, शब्दों में दर्द और लचीलेपन का समावेश था।

यह कविता महिलाओं के प्रति असमानता, भेदभाव, वर्चस्व और हिंसा के बारे में है। यह न केवल उन महिलाओं के लिए समर्पित है जिन्होंने हिंसा सही है बल्कि उन लोगों के लिए भी समर्पित है जो महिलाओं के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने में मदद करना चाहते हैं।

अपनी आवाज उठाओ
बंद दरवाजे के पीछे
वह दर्द और पीड़ा छुपाती है
मार-पीट और धक्का-मुक्की
वह महिला उत्पीड़न सहती है
(वह पीड़िता है
शक्तिशाली की शक्ति का दुरुपयोग)
उसके घूंघट के पीछे
अपने ही द्वारा हमला किया गया
पहले उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया
और फिर बचाया गया
और जिसे रिपोर्टर ध्यान से देखता है
(उसकी पीड़ा सुर्खियों को कवर करती है उसका निशान समाचार को कवर करता है)
पर्दे के पीछे
वह अपनी गरिमा का त्याग कर देती है
और अपना दिल और आत्मा बेचती है
एक बदसूरत समझौते के लिए
यहाँ तक कि वह अत्यधिक हिंसा भी सहन करती है



**कुसुम**

सिर्फ एक छोटे से भुगतान के लिए
बार के पीछे
उसके पंख काट दिये गये हैं
और स्वतंत्रता की हत्या कर दी गई,
वह एक है
अव्यक्त भावनाओं का ज्वालामुखी
सामाजिक विचारधारा का कैदी
और उदास आत्मा का शिकार
अब सारी सीमाएं तोड़ दो
सारे जुल्म तोड़ दो
अब अपने आप को पिंजरे में मत डालो
स्वप्न में मुक्त होकर ऊँची उड़ान भरें
तुम्हारे हृदय के सारे दुःख पर विजय पाओ
आप एक बेहतर कल बना सकते हैं
बहुत सह लिया तुमने प्रिये
अब बोलो
मौन सहन करने योग्य मृत्यु है
उठो, वापस लड़ो
अपना सारा डर मिटा दो
आपका उज्ज्वल भविष्य निकट है
अपनी आवाज उठाओ
जब न्याय मर रहा हो
अपनी आवाज उठाओ
जब उत्पीड़ित रो रहा हो
अपनी आवाज उठाओ
सभी हिंसा के खिलाफ
अपने आप को हिंसा से मुक्त करो
सभी को हिंसा से मुक्त करो
अब और शिकार मत बनो
अब और नहीं दबाया जाएगा
उठो, वापस लड़ो
अपनी आवाज उठाओ
अपने आप को हिंसा से मुक्त करो
सभी को हिंसा से मुक्ति दिलाओ
अब और शिकार मत बनो
अब और नहीं दबाया जाएगा
उठो, वापस लड़ो
अपनी आवाज उठाओ
अब अपने आप को पिंजरे में मत डालो
ऊंची उड़ान भरने का सपना देखें
चुप्पी तोड़ना
हिंसा बंद करो
अब अपने आप को पिंजरे में मत डालो
ऊंची उड़ान भरने का सपना देखें
चुप्पी तोड़ना
हिंसा बंद करो
उठो, वापस लड़ो
अपनी आवाज उठाओ।

(कवियत्री, साहित्यकार)

# साइबर धोखाधड़ी की शिकायत तुरंत करें पैसा होगा वापस

**शिवानी शिंदे**

**साइबर** धोखाधड़ी के कारण आर्थिक नुकसान रोकने और डिजिटल भुगतान के प्रति विश्वास पैदा करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस तरह की धोखाधड़ी का पता लगाने और जांच करने के लिए एक राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर-155260 शुरू किया है।

इस पहल के तहत ऐसे अपराध रोकने या उन्हें हल करने के लिए राज्य पुलिस और बैंक पहली बार समन्वय के साथ काम करेंगे। यह हेल्पलाइन और इसका रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), सभी प्रमुख बैंकों, भुगतान बैंकों, वॉलेट और ऑनलाइन व्यापारियों के समर्थन से भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (14सी) द्वारा शुरू किया गया है। इसमें शामिल होने वाले सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के महत्त्वपूर्ण बैंक हैं-भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, ऐक्सिस बैंक, येस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक। पेटीएम, फोनपे, मोबिक्विक, फ्लिपकार्ट और एमेजॉन जैसे सभी प्रमुख वॉलेट और मर्चेंट भी इससे जुड़े हुए हैं। नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली कहा जाने वाला यह प्लेटफॉर्म फिलहाल सात राज्यों (छत्तीसगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश) में सक्रिय है। देश की 35 प्रतिशत से अधिक आबादी इसके दायरे में आती है। अंततः इसे अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भी शुरू किया जाएगा।

इस साल अप्रैल में अपनी सीमित शुरूआत के बाद से हेल्पलाइन 155260 धोखेबाजी करने वालों के हाथों में 1.85 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जाने से रोकने में सफल रही है। दिल्ली और राजस्थान ने क्रमशः 58 लाख और 53 लाख रुपये वापस पाए हैं। साइबर सुरक्षा



मामलों के वकील प्रशांत माली कहते हैं, 'इस प्रयास के परिणाम सामने आ सकते हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वित्तीय धोखाधड़ी के मसले हल करने के लिए पहली दफा कोई केंद्रीकृत दृष्टिकोण तैयार किया जा रहा है।' उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सतर्क रहना होगा और वे शिकायतों में ज्यादा देरी नहीं कर सकते हैं।

इस व्यवस्था की कारगरता के लिए उपयोगकताओं को भी सतर्क रहने की आवश्यकता होगी और किसी संदिग्ध लेनदेन की जानकारी के साथ उन्हें तुरंत हेल्पलाइन पर कॉल करना होगा, ताकि पैसे पर तत्काल नजर रखी जा सके। अगर पैसा दूसरे बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिया गया है, तो उस बैंक को सावधान किया जा सकता है और पास वापस स्थानांतरित किया जा सकता है। हालांकि अगर पैसा सही मालिक को वापस स्थानांतरित किए जाने से पहले धोखेबाजी करने वाला व्यक्ति पैसा निकालने में सफल हो जाता है, तो यह मामला पुलिस के पास ले जाना होगा। एमएचए के बयान में इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है 'ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में धोखाधड़ी सेपैसे के नुकसान को उसकी निगरानी करते हुए और धोखेबाज द्वारा पैसे को डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र से बाहर निकाले जाने से पहले इसके आगे प्रवाह को बंद करते हुए रोका जा सकता है।' वरिष्ठ वकील और साइबर कानून विशेषज्ञ पवन दुग्गल कहते हैं कि कोई हेल्पलाइन मदद के लिए होती है। यह वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की आवश्यकता को समाप्त नहीं करती है। एक प्रायोगिक परियोजना में सरकार ने लोगों को सक्रिय रूप से आगे आने और धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने के लिए एक पोर्टल निर्मित किया था। लेकिन हमने पाया कि लोग केवल पैसे वापस दिलाए जाने में ही दिलचस्पी रखते हैं, ऐसी घटनाओं को रोकने में नहीं। ऐसा किए जाने के लिए लोगों को अपराध की सूचना भी देनी होगी। अलबत्ता दुग्गल मानते हैं कि यह हेल्पलाइन रिपोर्टिंग प्रणाली में संपर्क के पहले बिंदु के रूप में प्रभावी होगी।

जुलाई 2017 की आरबीआई की अधिसूचना के अनुसार अगर बैंक के किसी खाताधारक का पैसा धोखे से निकाला जाता है और वह व्यक्ति अपराध के 72 घंटे के भीतर इस घटना की सूचना देता है, तो बैंक को वह पूरी राशि उस खाताधारक को 10 कार्य दिवस के भीतर देनी होगी। कानून विशेषज्ञों का कहना है कि अगर बैंक नेटवर्क से पैसा निकलवाया जाता है, तो यह हेल्पलाइन इस प्रक्रिया में तेजी लाएगी।

दुग्गल कहते हैं कि ज्यादातर मामलों में खाताधारक बैंक को धोखाधड़ी की सूचना देने के बावजूद पैसा वापस पाने के लिए चक्कर लगाते रहते हैं। यह हेल्पलाइन इस क्षेत्र में उपयोगी होगी।

## योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान

**हृदयनारायण दीक्षित**

**योग** आश्चर्यजनक है। इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षटदर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतरराष्ट्रीय है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया। भारत के सभी क्षेत्रों व राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत है। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है।

मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी। मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे।

मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं। मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया। सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, ह्यह्यआनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे। मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही योगसूत्र नामक महान ग्रंथ लिखा है।

भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। एकाग्र मन आनंद का स्रोत है।

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापस बुलाते हैं।सभी 6 मंत्रों के अंत में तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है।

महिलाओं के अधिकार...



साभार कॉटूनमूवमेंट

# बसंत विहार कांके रोड रांची में योग को समर्पित है सत्यानंद योग मिशन






सत्यानंद योग मिशन केन्द्र, बसंत बिहार कॉलोनी,काँके रोड में स्वामी मुक्तरथ के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण पर वर्कशॉप और योगाभ्यास का संचालन हुआ। केन्द्र के योग प्रशिक्षक अवनीश कुमार तथा यहाँ की प्रबंधक शांति सिंह ने मुक्तरथ जी को पुष्प गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। अंजना सिंह यहाँ के योग संचालन और योग की उपयोगिता के बारे में बताई। मुक्तरथ जी ने कहा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में योग की बहुत जरूरत है। स्वास्थ्य संवर्धन में योग का कोई जोड़ नहीं है। यह शारिरिक, मानशिक,भावनात्मक और सामाजिक हर तरफ से महिलाओं को मजबूत बनाता है तथा उनके बहुत सारी समस्याओं को दूर करता है। आज महिलाएं जिस तरह से हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं वो देश के लिए बहुत अच्छा है उन्हें संस्कारित और आत्मबल से मजबूत भी होने की जरूरत है।

इस केन्द्र में बिहार योग विद्यालय मुंगेर की शिक्षा प्रदान की जाती है। यहाँ तरह-तरह की बीमारियों पर योग सत्र चलते हैं, विद्यार्थियों के मानशिक सबलता और एकाग्रता के लिये ध्यान सत्र चलते हैं तथा सामान्य योग सत्र भी नियमित रूप से चलते हैं।

आज यहाँ के सभी प्रतिभागी बड़े ही उत्साह के साथ योगासन,प्राणायाम और ध्यान की साधना को करके अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सेलिब्रेट किये।





## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में योग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में रजनीश कुमार ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित यहाँ के सभी जज,रजिस्ट्रार-जज तथा कर्मचारियों को योगाभ्यास कराये। यहाँ हाई कोर्ट के गाईड-लाईन पर पीडीजे सत्यप्रकाश सिन्हा जी नियमित रूप से योग कक्षा संचालन की व्यवस्था कराये हैं ताकि न्यायिक अधिकारी और कर्मचारियों का स्वास्थ्य उत्तम रहे, तनावमुक्त जीवन हो।

## स्पीड न्यूज

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ध्वजाधारी धाम पहुंचकर की पूजा अर्चना

**कोडरमा।** सांसद और भारत सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार कोडरमा पहुंची, जहां शनिवार को ध्वजाधारी धाम पहुंचकर टेका मत्था और पूजा अर्चना कर क्षेत्र और देश की खुशहाली की कामना की।

### द्वितीय विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 25 जून से

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में द्वितीय विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई, बैठक में शामिल अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए डीसी ने कहा कि जिले में 25 जून से लेकर 24 जुलाई तक द्वितीय विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा, इस दौरान मतदाता सूची से सम्बन 6 त्रुटियों को दूर किया जाएगा , साथ ही नए मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ने, फार्म 6,7,8 जमा किये जायेंगे।

### एनसीसी 45 झारखंड बटालियन में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**कोडरमा।** एनसीसी 45 झारखंड बटालियन हजारीबाग हेडक्वार्टर के तत्वावधान में बागीटांड़ स्थित एनसीसी कार्यालय मैदान में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो बच्चों ने अपनी भागीदारी निभाई। योग गुरु प्रदीप सुमन एवं सुषमा सुमन ने सभी कैडेटों को योग के बारे में बताते हुए योग कराया।

### विधायक ने जनसन राधा ट्रेडर्स शोरूम का किया उद्घाटन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र के बंधन चौक बाजार रोड में शनिवार को मार्बल एवं टाइल्स की प्रसिद्ध कंपनी जनसन शोरूम राधा ट्रेडर्स का उद्घाटन विधायक डॉ नीरा यादव, मरकच्चो प्रमुख विजय कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री स्वतंत्र निदेशक वित्त मंत्रालय जीआईसी भारत सरकार विनीता कुमारी, जनसन मार्बल कंपनी के जोनल हेड अभिनव तिवारी, स्टेट हेड निखिल राज, जनसन टाइल्स कंपनी के स्टेट हेड सौरभ सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया।

### परिणाम प्रकाशित नही होने और फीस में बढोतरी को लेकर छात्रों में आक्रोश

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखंड विधि महाविद्यालय के छात्र काफी दिनो से अपनी समस्या को लेकर परेशान है। इसके मद्देनजर शनिवार को अभाविप छात्र संघ के सदस्य के साथ सभी छात्रों ने महाविद्यालय के सचिव डीएन मिश्रा से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से उन्हें रुबरू कराया। इस दौरान छात्रों ने कहा की एलएलबी और बीए, एलएलबी के छात्र 18 महीने बीत जाने के बाद भी सिर्फ एक ही सेमेस्टर की परीक्षा दे पाएं हैं और करीब 3 महीने का समय बीत जाने के बाद भी रिज़ल्ट को प्रकाशित नहीं किया जा सका है। जिस वजह से छात्र मानसिक रूप से परेशान हो गए हैं।

### उपायुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग की बैठक, दिए कई निर्देश

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की बैठक हुई, जिसमे स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग अंतगर्त क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में डीसी ने मेडिकल कॉलेज, बीएससी नर्सिंग कॉलेज और रेफरल हास्पिटल के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर, अपर समाहर्ता और एसडीओ को साप्ताहिक बैठक कर योजनाओं के निर्माण कार्य में आ रही हर छोटी मोटी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्माण कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया, साथ ही निर्माण कार्यों पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया।

## फर्जी डॉक्टर बन महिला मरीज के साथ कर रहा था छेड़छाड़


# सदर अस्पताल की सुरक्षा पर सवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सदर अस्पताल की सुरक्षा को धता बताते हुए, एक युवक फर्जी डॉक्टर बन कर बीती रात्रि को महिला मरीज के साथ छेड़छाड़ करते रंगे हाथ पकड़ा गया। अस्पताल में पहली बार हुई इस तरह की घटना।

वहीं एक ओर मरीजों में भय का माहौल देखा जा रहा है, तो दूसरी ओर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही और सुरक्षा व्यवस्था पर ही लोग सवाल खड़े कर रहे है। मामला प्रकाश में आने के बाद शनिवार की सुबह अस्पताल परिसर में मरीजों के परिजनों की भीड़ उमड़ गयी तो प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया, घटना की जानकारी मिलते ही सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, डीएस डॉ रंजीत कुमार, थाना प्रभारी सुजित कुमार सदर अस्पताल पहुँचे और घटना की जानकारी लेते हुए, आरोपी युवक महावीर मुहल्ला निवासी मो आशिक पिता मो नसीम अख्तर को गिरफ्तार किया गया। पूरे मामले को लेकर डीएस डॉ

**मरीजों के परिजनों ने पकड़ा, भेजा गया जेल**



रंजीत कुमार के द्वारा आरोपी युवक के खिलाफ कोडरमा थाना कांड संख्या 139/24 में मामला दर्ज कराया है।

दर्ज मामले में डीएस ने कहा है कि आरोपी युवक 24 वर्षीय मो आशिक पिता मो नसीम अख्तर पिछले कई दिनों से रात के समय में फर्जी डॉक्टर बनकर तथा गले में आला लटकाकर आता था और अपने आपको डाक्टर बता कर महिला वार्ड में भर्ती महिला मरीजों के प्राइवेट अंगों को टच करता था तथा छेड़छाड़ करता था, बीते रात्रि लगभग 11 बजे उक्त आरोपी युवक पुनः फर्जी डाक्टर बनकर महिला वार्ड में भर्ती महिला मरीजों के साथ छेड़छाड़ करते हुए मरीजों के परिजनों ने पकड़ लिया और होमगार्ड जवानों व स्वास्थ्य कर्मियों को सूचित किया, जिसके बाद होमगार्ड जवान और कर्मी आरोपी युवक को पकड़ कर थाना को सुपुर्द किया।

बाद में घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव थाना पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया।

### सदर अस्पताल और नगर पंचायत में चलाया गया नशा मुक्ति अभियान

**कोडरमा।** जिले में मादक पदार्थो के दुरुपयोग के खिलाफ जिले में चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत शनिवार को सदर अस्पताल में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया, अभियान के दौरान अस्पताल आये लोगों को अफीम, मार्फिन, बेलाडोना, शराब आदि मादक पदार्थों के इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दिया गया, साथ ही उन्हें नशे के लत से दूर रहने की सलाह दी गई। नगर पंचायत के वार्ड एक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर शहरवासियों को इसके प्रति जागरूक किया गया, साथ ही लोगों को नशा का सेवन नही करने का शपथ दिलाया गया। मौके पर संजीत साहू आदि मौजूद थे।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में शनिवार को डोमचांच प्रखंड सभागार में 29 जून को विशेष लोक अदालत सफल बनाने को लेकर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डोमचांच अंचल अधिकारी रविंद्र कुमार पांडेय मौजूद थे। पूरे राज्य में भूमि एवं राजस्व के मामले पर विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जून को हो रहा है। विधिक जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए अंचल अधिकारी रविंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि, विशेष लोक अदालत भूमि एवं राजस्व मामले में तेजी और प्रभावी न्यायिक समाधान प्रदान करने के लिए एक विशेष मंच है। इसका उद्देश्य भूमि एवं राजस्व संबंधी विवादों को समझौता करवाकर कम समय में निपटारा करना है। विशेष लोक अदालत में बताया गया कि, नियमित न्यायिक प्रक्रिया की तुलना में विशेष लोक अदालतों के मामलों का निपटारा तुरंत होता है। पारंपरिक न्यायालय की तुलना में यहां पर लागत कम आती है। न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहती है। यहां पर विवादों का समाधान समझौते के माध्यम से किया जाता है, जिस पार्टियों के बीच रिश्ते बनाए रखने में मदद मिलती है। विशेष लोक अदालतें भूमि एवं राजस्व मामले में तेजी से और प्रभावी न्यायिक समाधान प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जो न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम करने और लोगों को त्वरित न्याय दिलाने में सहायक होती है।

### कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 5-6 में लगाए जा रहे नए कोच इंडिकेशन बोर्ड

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चयनित कोडरमा स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के मद्देनजर कई प्रकार के निर्माण कार्य किया जा रहे हैं। इसमें प्लेटफार्म संख्या 5-6 में यात्रियों की जानकारी के लिए करीब-करीब चार दर्जन कोच इंडिकेशन बोर्ड लगाए जा रहे हैं। इससे यात्रियों को स्टेशन पर अपनी बगी ढूंढने में अब परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा, और ना ही उन्हें अपना सामान लेकर इार-उार भाग दौड़ करना पड़ेगा। कोच इंडिकेशन बोर्ड लगाने का काम अंतिम चरण में है। बताते चले कि कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 1,2,3 व 4 में पूर्व से ही कोच इंडिकेशन बोर्ड लगे हुए थे।

### रास्ता बंद करने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

**जयनगर (कोडरमा)।** धनबाद गया रेलखंड के बीच परसाबाद स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप पोल संख्या 370 से 371 के बीच रेलवे द्वारा रास्ता बंद करने पर ग्रामीणों ने शुक्रवार को जमकर विरोध किया। वहीं ग्रामीणों ने पल संख्या 370 से 371 के बीच रेलवे अंडरपास या ओवर ब्रिज को अतिशीघ्र निर्माण कराने को लेकर केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी को लिखित आवेदन दिए। आवेदन में ग्रामीणों का कहना है कि यदुडीह हाल्ट और परसाबाद रेलवे स्टेशन के बीच लगभग 5000 की जनसंख्या है और हम लोगों को तीन सौ एकड़ में खेती-बारी भी रेलवे लाइन के दक्षिणी छोर में स्थित है, जिसपर हमलोग खेती करके जीवन-यापन करते हैं।

## आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप मनाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** आजसू पार्टी ने पार्टी के स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव संतोष सहाय व विशिष्ठ अतिथि केंद्रीय कमिटी सदस्य अजीत वर्णवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के केंद्रीय महासचिव संतोष सहाय ने कहा कि, झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री व आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में राज्य के नवनिर्माण के लिये झारखण्ड को राष्ट्रीय स्तर पर खुशहाल समाज के निर्माण के लिए तैयारी आरंभ की गयी है। हमारी



पार्टी सभी 81 विधानसभा मे राज्य स्थापना के बाद नवनिर्माण के लिए उलगुलान कर झारखण्ड के माथे पर लगा कलंक लूट, झूठ, अपराध, भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न के धब्बा को मिटाने के लिए तैयार है।

जब तक झारखंड की बागडोर सुदेश कुमार महतो के हाथ में नहीं आएगी, तब तक राज्य अन्य राजनीतिक दलों का चारागाह बनता रहेगा।

राज्य बने 24 साल हो गया, परंतु अब तक जिनके कुबार्नी के बदौलत अलग राज्य का निर्माण हुआ है। उन आन्दोलनकारीयों को अन्य सुविााओं को छोड़ अब तक चिन्हितिकरण भी नहीं हो पाया है।

### 63वें सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अर्द्धनिर्मित स्टेडियम में शनिवार को 63वें सुब्रतो फुटबल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका विवित उद्घाटन मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष विजय प्रसाद सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद व बीपीओ अशोक उपायाय ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। टूर्नामेंट का पहला मैच अंडर 17 बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सतगावां ने परियोजना बालिका उच्च विद्यालय सतगावां को पेनाल्टी शूट में शिकस्त दिया, जबकि अंडर 17 बालक वर्ग में राज्य संपोषित +उच्च विद्यालय बासोडीह ने उत्कर्मित उच्च विद्यालय मीरगंज को भी पेनाल्टी शूट के जरिए एक गोल से हराया।

## आजसू पार्टी का 37वां स्थापना दिवस मनाया

### कार्यकर्ताओं ने लगाये 100 पौधे




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** आजसू पार्टी का 37वां स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन में मनाया गया।कार्यकारी जिलाध्यक्ष छोटू सिंह भोगता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी एक आंदोलन की पार्टी है और झारखंड के आंदोलन में सुदेश महतो का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

उनका उद्देश्य निर्मल महतो के सपनों को साकार करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी झारखंड में मजबूती के साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और इसका जनाधार भी बढ़ रहा है। रविंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी के संदेशों को गांव से लेकर पंचायत स्तर तक लोगों तक पहुंचाया जाएगा और कार्यकर्ता इसे ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कटिबद्ध हैं।

कार्यक्रम के बाद पार्टी कार्यकर्ता कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंचे और वहां 100 पौधे लगाए। इस कार्यक्रम में आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह, सुगंन साव, शिव शंकर यादव, अशोक साव, देवकी साव, शांति देवी, प्रतिमा देवी सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सांसद अन्नपूर्णा देवी का हुआ भव्य स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी का गिरिडीह से चाराडीह (कोडरमा) स्थित आवास पर जाने के क्रम में शुक्रवार को डोमचांच के भाजपा कार्यालय के सभागार में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अन्नपूर्णा देवी जिंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय श्री राम आदि गगनभेदी जयकारों के साथ पुष्प वर्षा करते हुए उनका स्वागत किया। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का अभिनंदन करते हुए कार्यकर्ताओं ने उन्हें बुके देकर बााई दी एवं महिला कार्यकर्ताओं ने उनके गले में पुष्पमाला डालकर, तिलक लगाकर, आरती उतारकर गायत्री मंत्र के साथ स्वागत किया। स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम के पश्चात् केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने



डोमचांच प्रखंड एवं नगरवासियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यहां के देव तुल्य मतदाताओं ने हमेशा उनका साथ दिया है और इस बार प्रचंड बहुमत से लोकसभा चुनाव में जीताने का काम किया।

परिणाम स्वरूप नरेंद्र मोदी सरकार 30 में उन्हें महिला सशक्तिकरण कार्य में सहयोग करने के लिए महिला एवं बाल कल्याण विकास मंत्रालय संभालने की जिम्मेदारी दिया गया है, जिसपर वह खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि डोमचांच प्रखंड वासी एकतरफा सहयोग समर्थन कर उनपर बहुत बड़ा ऋण चढ़ाया, जिसका जीवनभर चुकाने का प्रयास होगा। मौके पर भाजपा नेता प्रणव वर्मा, रमेश सिंह, नितेश चंद्रवंशी, अनूप जोशी, राजेश सिंह, महेंद्र वर्मा, परमेश्वर यादव, सुनील कुमार सिन्हा, विनय मोदी, संजय मेहता, महेंद्र यादव, मुकेश राम, महेश वर्मा, अखिल सिन्हा, संगीता सिन्हा, प्रभाकर लाल रावत, कुसुम देवी, रिया सिंह, चंद्रशेखर जोशी, अशोक मेहता, भरत नारायण मेहता, रमेश हर्षार, प्रो. राजेश सिंह, सुरेश विश्वकर्मा, शिशिर सिंह, कारू सिंह, सुभाष मेहता, केपी. चौधरी, सुदेश मोदी, प्रेमांशु कुमार, अमरदीप साव, अनिल पांडेय, बसंत बक्शी, महेंद्र मेहता, भागवत खटीक, शक्ति सिंह, दीपक सिंह, कुलदीप राम, मुन्ना सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## सुलभ शौचालय में चल रहे अवैध दुकान को बंद करने का निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने शनिवार को सिमरिया चौक में स्थित सुलभ शौचालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शौचालय में चल रहे अवैध दुकान के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उसे अविलंब बंद करने का निर्देश



दिया। साथ ही उन्होंने दुकानदार से इस दुकान का आवंटन संबंधित कागजात लेकर कार्यालय पहुंचने का निर्देश दिया। दरअसल दुकान के संचालक का कहना था कि उन्हें यह दुकान जिला परिषद के द्वारा आवंटित किया गया है। जबकि शौचालय पंचायत मद से निर्मित है और उसके देखरेख की जिम्मेवारी भी पंचायत को ही है। ऐसे में जिला परिषद ने शौचालय के दुकान को किस प्रकार आवंटित किया है यह जांच का विषय है। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि उन्हें शौचालय में दुकान संचालित किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसकी जांच पड़ताल के लिए शौचालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद दुकानदार को दुकान बंद करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण में सीओ धर्मेंद्र दुबे और बीडीओ विनय कुमार सहित चौक के दुकानदार उपस्थित थे।

## एक नजर में

### पितीज स्थित गुरुकुल एकेडमी में चोरी, शिकायत दर्ज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के पितीज स्थित निजी विद्यालय गुरुकुल एकेडमी के कार्यालय का दरवाजा तोड़कर चोरों ने शुक्रवार की रात 6 हजार रुपये नकद सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। विद्यालय बंद होने के बाद अज्ञात चोरों ने मौका देखकर विद्यालय के कार्यालय कक्ष का दरवाजा तोड़ा और अंदर घुसकर जमा राशि, ट्यूशन का शुल्क 6 हजार नकद और आवश्यक फाइलें (नामांकण रिकॉर्ड) आदि चुरा ले गए। विद्यालय समिति के प्रधानाचार्य ने इटखोरी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। गौरतलब है कि इसके कुछ दिन पहले पितीज कलाली चौक के विभिन्न दुकानों में भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

### बिजली विभाग की लापरवाही से 12 वर्षीय बालक झुलसा

**खबर मन्त्र संवादाता**

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के अखरा गांव निवासी नंटू भारती के 12 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार जामुन खाने के लिए पेड़ पर चढ़ा, तभी उसे 11 हजार वोल्ट के तार ने चपेट में ले लिया। गंभीर रूप से घायल गोलू को परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदा ले गए, जहाँ डॉक्टर के अभाव में उसे प्राथमिक उपचार देकर सदर अस्पताल चतरा रेफर कर दिया गया। पीड़ित की माँ फूलमती देवी ने बताया कि उनके बेटे के साथ यह हादसा इसलिए हुआ क्योंकि बिजली विभाग ने पेड़ से होकर गुजरने वाले 11 हजार वोल्ट के तार को ठीक से नहीं



लगाया था। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। घटना के समय तक गोलू की स्थिति नाजुक बनी हुई थी।

### अरशद बने मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष, सचिव आमिर



**खबर मन्त्र संवादाता**

सिमरिया। प्रखंड के सबानो गांव स्थित फतहा में मोहर्रम अंजुमन कमेटी की एक बैठक आयोजित की गई। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मो०अरशद, उपाधक्ष पद के लिए मंजूर अली, सचिव मो०आमिर, उपसचिव एजाज अंसारी बनाया गया। बैठक में तय हुआ कि मोहर्रम 17 जुलाई को शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस एवं धार्मिक कार्य सरकारी गाइडलाइन का पालन करते हुए शानो-शौकत के साथ निकाला जाएगा। वहीं मो० अरशद ने मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की बात कही। मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक मनाने हेतु सभी समुदायों के लोगों से आपसी समन्वय एवं सहयोग की भावना रखते हुए मनाने की अपील की गई। मौके पर सदर मुजम्मिल हुसैन, इमदाद हुसैन, असरार अंसारी, मास्टर अलाऊद्दीन, इदरीश अंसारी, आदम हुसैन, कलाम, गुफरान अंसारी, शाहिद मियां, अल्ताफ रजा, मो०सहाबू, अयूब मियां, इलियास, कुदुस अंसारी, रफीक मियां, सद्दाम मियां, अल्तमश रजा, अकमल, मोजिम अंसारी सहित गांव की सभी बुद्धिजीवी लोग मौजूद थे।

### विभिन्न गांव टोलों में मादक पदार्थों के विरुद्ध नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के द्वारा शनिवार को विभिन्न गांव टोलों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। विभाग ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मादक पदार्थों के सेवन से हो रहे दुष्परिणामों के प्रति आगाह किया गया। नुक्कड़ नाटक के द्वारा आम लोगों को बताया गया कि मादक पदार्थ से घर परिवार तबाह हो जाता है और जीवन नष्ट हो जाता है। नुक्कड़ नाटक का सदस्यों ने देल्हो, जबड़ा, लावालौंग और लमटा में कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों से सबसे अधिक युवा प्रभावित हो रहे हैं। उन्हें इसकी लत लग जा रही है और उनका जीवन बर्बाद हो जा रहा है। कई युवा मादक पदार्थों के खरीद बिक्री में पकड़े जा रहे हैं और कम उम्र में ही जेल की सजा भुगत रहे हैं। उन्होंने आम लोगों से मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की और इसके प्रति जागरूक रहने की भी सलाह दी। नुक्कड़ नाटक के सदस्य ने बताया कि यह कार्यक्रम निरंतर चलता रहेगा और लोगों को मादक पदार्थों से जागरूक करता रहेगा।

# चंदवा : स्कूल में दूषित पानी पीने से 20 बच्चों की बिगड़ी तबीयत

## लातेहार के चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत उप्रावि डूरु का है पूरा मामला

- खबर मिलते ही प्रशासन हरकत में
- इलाज के लिए सभी बच्चों को किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती, सभी बच्चे खतरे से बाहर
- टंकी का पानी व पानी के नीचे जमे सफेद पदार्थ का सैंपल की होगी जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** दूषित जल पीने से बीमार हो रहे बच्चों की सूचना के तत्काल बाद सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद और शिक्षा विभाग के अधिकारी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर इलाजरत बच्चों एवं जांच कर रहे मेडिकल टीम से स्थिति की जानकारी ली।हालांकि मेडिकल टीम ने जांच के बाद बच्चों की स्थिति को खतरे से बाहर बताई, जिसके बाद परिजनों एवं प्रशासन ने राहत की सांस ली। सभी बच्चों का इलाज चंदवा सीएचसी की मेडिकल टीम की निगरानी में ही चल रही थी। इधर इस संबंध में स्कूल के शिक्षक ने बताया कि टंकी के पानी को पीने के बाद बच्चों ने बताया कि पानी में बास आ रही थी। इसके बाद उन्होंने टंकी को देखा तो उसमें कुछ खास नजर नहीं आया। लेकिन इस बीच कई बच्चे उल्टी करने लगे। इसके बाद तत्काल मामले की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई। मामले में झामुमो नेता सितमोहन मुंडा, मुखिया दुर्गावती देवी व बच्चो के परिजनों ने कहा कि यह काफी गंभीर मुद्दा है, इसकी जांच होनी चाहिए, अगर कोई बच्चो के जान को जोखिम में डालने की हरकत की है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### इन बच्चों की बिगड़ी है तबीयत


मामले की जानकारी लेते अधिकारी।

जिन बच्चों की तबीयत बिगड़ी उनमें विजय कुमार पिता रमेश मुंडा (कक्षा 4), उमेश कुमार विनोद लोहरा (कक्षा-5), पिता मूंगा मुंडा (कक्षा-5), निखिल कुमार पिता मनोज लोहरा (कक्षा-5), सागर लोहरा पिता राजिंद्र लोहरा (कक्षा-4), अमित कुमार पिता फुलदेव गंजू (कक्षा-4), देववानंद सिंह भोगता पिता राहुल गंझू (कक्षा-5), दीपक कुमार पिता पवन गंझू (कक्षा-5), अभय मुंडा पिता दशरथ मुंडा (कक्षा-5), रोनी कुमार पिता विक्की लोहरा (कक्षा-4), सुदाम मुंडा पिता विनोद मुंडा (कक्षा-4), अंकित कुमार पिता लोहरा (कक्षा-5), राधिका कुमारी (कक्षा-5) व कार्तिक मुंडा (कक्षा-1) दोनो भाई बहन पिता सुरेंद्र मुंडा, निरंजन मुंडा परमेश्वर मुंडा (कक्षा-5), आर्यन कुमार मुंडा पिता बनवारी मुंडा (कक्षा-2), सुमंती कुमारी पिता डोमन गंझू (कक्षा-3), सुनैना कुमारी पिता रमन गंझू (कक्षा-3), सुभाष मुंडा पिता कृष्णा मुंडा (कक्षा-5), अमित कुमार पिता रंजित मुंडा (कक्षा-5), अमरनाथ मुंडा पिता संतोष मुंडा (कक्षा-4) शामिल है।

- स्कूल में टंकी का पानी पीते ही बच्चों को होने लगी उल्टी
- पानी पीने के बाद कई बच्चों ने पानी से दुर्गंध आने की शिकायत की


पानी की टंकी में जमा सफेद पदार्थ।

### प्रशासन और परिजनों में हड़कंप

इधर घटना की सूचना के बाद प्रखंड प्रशासन और शिक्षा विभाग हरकत में आ गयी। सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद और शिक्षा विभाग के अधिकारी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर इलाजरत बच्चों एवं जांच कर रहे मेडिकल टीम से स्थिति की जानकारी ली। पंचायत के मुखिया सीतमोहन मुंडा भी स्कूल पहुंचे और जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए और जो भी दोषी है उस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## माइनिंग इंस्पेक्टर ने डेढ़ लाख सीएफटी बालू को किया जप्त

खबर मन्त्र संवाददाता


जब्त बालू।

**बालूमाथ।** लातेहार जिला खनन विभाग एवं बालूमाथ पुलिस की हुई संयुक्त कार्रवाई में बालूमाथ एनएच 22 पर स्थित मकईया ताड पुलिस पिकेट के समीप उपकार इंफ्रा कैंप से डेढ़ लाख सीएफटी अवैध भंडारण किए हुए बालू को जप्त किया गया है। बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उपकार इंफ्रा कंपनी अपने कैंप में काफी मात्रा में अवैध रूप से बालू का भंडारण कर रखा है यह बालू केरी के हहारो नदी सुरक्षित वन क्षेत्र से परिवहन कर लाया गया था। बालूमाथ पुलिस एवं खनन विभाग को गुप्त सूचना मिलने के बाद संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए डेढ़ लाख सीएफटी अवैध वालू को जप्त किया है। ज्ञात हो के उपकार इंफ्रा कंपनी टोरी शिवपुरी थर्ड रेल लाइन में कई ब्रिज का निर्माण कर रही है वहीं इसी कंपनी के देखरेख में बालूमाथ से देवनथ नदी तक पक्की सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि अवैध किया गया भंडारण इन्हीं दोनो कामों में लगाया जाना था। जप्त की गई बालू की कीमत बालूमाथ बाजार में लगभग 30 लख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने जप्त बालू को उपकार इंफ्रा के अकाउंटेंट सतीश को जिमानमा पर सौंप दिया है। इस छापामारी अभियान में माइनिंग इंस्पेक्टर पदमलोचन ओहदार, सब इंस्पेक्टर अमित कुमार रविदास समेत कई पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## पूजा जेनरल स्टोर में काम कर रहा युवक निकला चोर

▶▶ अपने ही दुकान के गोदाम से सामान का चोरी कर रहा था युवक

**लातेहार।** शहर के थाना चौक मे संचालित पूजा जेनरल स्टोर नामक प्रतिष्ठान मे काम करने वाला नौकर चोर निकला, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध मे प्रतिष्ठान क मालिक रामचंद्र प्रसाद ने बताया कि पोचरा निवासी पकंज कुमार पिछले पांच-छह वर्ष से उनके दुकान मे काम करता था. दुकान के पीछे गोदाम मे सामान निकालने वह अक्सर जाता था। इसी क्रम मे पंकज गोदाम से बोरा मे भर कर किमती सामान गोदाम के पीछे खाली जगह मे छिपा देता था। जिसे उसके भाई नीरज कुमार उठा कर अपने घर पोचरा ले जाता था। शनिवार लगभग दस बजे गोदाम के पीछे तीन बोरा सामान फेका हुआ देख कर आस-पास के लोगो ने रामचंद्र प्रसाद को इसकी जानकारी दी। इसके बाद श्री प्रसाद के द्वारा अपने स्टॉफ से इस बाबत पूछ ताछ किया। लेकिन पहले तो वह टाल मटोल किया, पर बाद मे चोरी की बात स्वीकर कर ली। श्री प्रसाद ने सदर थाना मे दोनो भाई के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने पंकज के पोचरा स्थित घर से चोरी का बहुत सामान बरामद किया है।

## जेएसएलपीएस के तत्वाधान मे नशामुक्ति जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता


जागरूकता अभियान चलाते लोग।

**बारियातू।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह के निदेर्शानुसार नशा मुक्ति जागरूकता अभियान को लेकर लातेहार के बारियातू प्रखंड के सभी पंचायत मे जेएसेएलपीएस के द्वारा काम नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत बारियातु मे सीमा देवी डाढा पंचायत मे खुशबु देवी फुलसु मे सुचिता कुमारी गोनिया मे ममता देवी, बालुभांग मे श्वेता देवी, टोटी मे रानी तिग्गा अमरवाडिह में देवन्ती देवी सालवे मे खुशिलता देवी व शिबला पंचायत मे ममता देवी ने नशा मुक्ति अभियान का नेतृत्व किया। नशामुक्ति अभियान मे जेएसएलपीएस महिलाओं ने कैंडल मार्च और चौपाल के माध्यम से मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान बीपीएम दिपक कुमार ने सखी मंडल के महिलाओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज के लिए घातक है। आज नशापान से दुर्घटना जैसी घटनाएं आम बात हो गई है और लोगों का असमय मृत्यु हो रही है। गांवों में मादक पदार्थों के सेवन से युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है गांवों में मादक पदार्थों की बिक्री और सेवन के कई दुष्प्रभाव को बताया। नशामुक्त समाज बनाने के लिए सखी मंडल की महिलाओं को बढ़ चढ़ कर भाग लेने की। साथ ही बताया की आपलोग की सहभागिता से गांव पंचायत नशा मुक्त हो सकेगा और सरकार की महत्वकांक्षी योजना नशामुक्त समाज का कल्पना साकार हो पायेगा। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के द्वारा लातेहार जिला के सभी प्रखंडों के सभी ग्राम संगठनों के महिलाओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत चौपाल, कैंडल मार्च, रैली एवं अन्य कार्यक्रम किया जा रहा है.यह कार्यक्रम 26 जून तक चलेगा। मौके पर सीसी सत्येन देवी, उतम कुमार, अनिल उरांव, अखिलेश कुमार सिंह, सुचित्रा देवी प्रमिला देवी सहित सखी मंडल के दर्जनों महिलाएं एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## खुलेआम घूम रहे हैं नामजद स्क्रैप चोर

**लातेहार।** जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत पावर प्लांट से स्क्रैप चोरी धड़ल्ले से जारी है। स्क्रैप चोर गिरोह के लोग खुलेआम बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि विगत दो तीन दिनों में ही प्लांट के काफी मात्रा में स्क्रैप की चोरी संगठित गिरोह के द्वारा कर ली गयी। प्रतिदिन हो रही इस चोरी पर रोक लगाने को लेकर न ही प्लांट प्रबंधन और न ही प्रशासन कुछ करती नजर आ रही है, जिस कारण चोरों का मनोबल सातवें स्थान पर है। आश्चर्य की बात यह है कि स्क्रैप चोरी के कई मामलों में नामजद अभियुक्त होने के बाद भी स्क्रैप चोर खुलेआम चंदवा के चौक चौराहों में घूमते नजर आ रहे है। जिसे देखने वाला कोई नही है।

## प्रवासी मजदूर का लाभ सरकार की ओर से मिलेगा

**लातेहार।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डोरांग गांव निवासी अशोक भुइयां(37)की मौत 31 मई 2024 को गुजरात के अहमदाबाद में हो गई थी। जिसके बाद मीडिया में प्रमुखता से खबर छपने के बाद श्रम विभाग लातेहार से श्रमिक मित्र मो अबुदारदा ने डोरांग गांव पहुंचे। लेकिन मृतक के परिजनों ने अपने मां के घर हेरहंज के डागरा टोला में रहने की खबर मिली। जिसके बाद श्रमिक मित्र डागरा टोला में पहुंच कर पूरी जानकारी ली। जानकारी के बाद मृतक के पत्नी सरिता देवी को कहा आपको प्रवासी मजदूर का लाभ सरकार की ओर से मिलेगा। लेकिन अहमदाबाद से मृत्यु प्रमाण पत्र, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफआईआर दर्ज कॉपी के साथ साथ जिस कम्पनी में कार्य कर रहे थे उनका कागजात जमा करना होगा। वहीं श्रमिक मित्र अबुदारदा से पूछे जाने पर बताया कि सारा कागजात उपलब्ध होने के बाद ही प्रवासी मजदूर का लाभ परिजनों को मिल सकता है। मैंने मृतक की पत्नी सरिता देवी को सारी जानकारी दे दिया हूं।

## वाहन चेकिंग अभियान में 2लाख 31 हजार रुपए का राजस्व हुआ प्राप्त

**लातेहार ।** शहर के दुग्ध शीतक केंद्र के पास जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में शनिवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में बिना हेलमेट मोटरसाईकिल चला रहे 30 लोगों का चालान काटा गया। जिसमें कुल 65 हजार रुपए का जुमार्ना वसूला गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि अब नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। बाइक दुर्घटनाओं में अधिकांश मौतें हेलमेट नहीं पहनने के कारण से होती है। हेलमेट पहन कर मोटरसाइकिल चलाने से दुर्घटनाओं में मौत का आंकड़ा 50 प्रतिशत से कम हो सकता है। उन्होंने वाहन चालकों को अपने वाहन का पूरा कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस साथ लेकर चलने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें अन्यथा जुमार्ना के साथ कड़ी कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि चेकिंग अभियान के कारण गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष दुर्घटनाओं में कमी आई है।अगर लोग सड़क सुरक्षा नियम का पालन करेंगे तो सड़क दुर्घटनाएं में भारी कमी आएगी। इस दौरान चेकिंग अभियान में दो लाख 31 हजार रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। इस जांच अभियान में डीआरएसएम तनवीर हुसैन समेंत सड़क सुरक्षा सेल के सदस्य शामिल थे।

## पड़हा स्वशासन व्यवस्था का सम्मलेन आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता


सम्मेलन में उपस्थित लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत अंतर्गत बारिखाप मे आदिवासी कला संस्कृति मैदान मे परम्परीरक पड़हा स्वशासन व्यस्था का एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता रामदेव भगत सह ग्राम प्रधान ने किया। इस सम्मेलन का मुख्य अतिथि प्रभुदयाल उरांव जिला पड़हा वेल की बतौर अतिथि मे सभा का संचालन जगदीश उरांव ने की। बारिखाप चटा पड़हा गांव मे बारिखाप, बारियातु, अम्बवाडीह, करमाही, साल्वे, अलखडीहा, गुरुसाल्वे, नचना, पुकचु, मंडरटोला, गाड़ी, लोडमदाग, सुरांगीटोला, रेहड़ाही, कुल सात गांव के महिला पुरुष की उपस्थिति में आदिवासीयों का परम्परिक सामाजिक धार्मिक, सांस्कृतिक न्यायिक पड़हा स्वशासन व्यवस्था का जागरूकता कर पड़हा स्वशासन को मजबूत कर जल जंगल, जमीन एवं आदिवासीयों की रक्षा करने पर विशेष चर्चा किया गया। वहीं नवाहीर उरांव ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत देश की आजादी से पहले से ही हमारे आदिवासी की पारम्परिक रूढ़िवादी परंपरा के आधार पड़हा स्वशासन व्यवस्था है. कार्यक्रम मे पड़ाहा सरकार युवा संघ बलूमाथ के अध्यक्ष अर्जुन उरांव सहित संदीप उरांव, आशीष उरांव रोहित उरांव, जिला पड़ाहा बेल प्रभुदयाल उरांव ने भी सभा को सम्बोधित किया। इस बैठक मे लालजी उरांव, पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, राजू उरांव, सचु उरांव, कार्तिक टना भगत, दिगंबर भगत, रमेश उरांव, मानती उरांव, राजा टाना भगत, दिलीप उरांव सहित काफी संख्या मे आदिवासी परिवार मौजूद थे।

## युवकों ने बीडीओ को सौंपा आवेदन



**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत बेसरा गांव के युवकों ने खेल मैदान करने की मांग को लेकर बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम को आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से बताया है की हम सभी ग्राम बेसरा पंचायात सिबला थाना बारियातू के निवासी हैं, की हमारे ग्राम बेसरा मे अब तक खेल मैदान अंवटित किया गया था। जो कि बिचौलिया द्वारा गलत तरीके से राशि कि निकासी कर लिया गया है और अब तक हमारे गांव मे एक भी खेल मैदान पूर्ण रूप से नहीं बना है। जिसके कारण हमलोग को खेल कुद मे काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ता हैं। खेल मैदान मे राशि निकासी की जाँच व खेल मैदान आवंटित करने को लेकर आवेदन सौंपा है। मौके पर मुरारी यादव, कुंदन यादव, महेंद्र गझू, यशवंत यादव, निर्मल गझू, सुजीत यादव, अंगद यादव, बिकास पासवान, पवन गझू, अरुण यादव, रोहित यादव, सोनू यादव, दिगंबर यादव, बाबूलाल गझू, प्रकाश उरांव, ओमप्रकाश यादव, ललन यादव, छोटू विश्वकर्मा, प्रकाश यादव,अशोक गंझू, दिलीप गंझू सहित कई युवक मौजूद थे।

### एक नजर में

## यूनिसेफ की टीम ने चंदवा सीएचसी में स्वच्छता की ली जानकारी, तैयार की डॉक्यूमेंट्री


जानकारी लेती टीम।

**चंदवा।** यूनिसेफ के पेयजल व स्वच्छता सलाहकार तजलीना नजमीन ने शनिवार को यूनिसेफ द्वारा अधिकृत दिल्ली की कैरथ एजेंसी की टीम के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में स्वच्छता से संबंधित विषयों की जानकारी लेने और इन पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने के लिए पहुंची। टीम के सदस्यों ने स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता गतिविधियों, एमटीसी, पीने का पानी, शौचालय की व्यवस्था व सफाई, कचरा प्रबंधन, ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम, वार्ड की सफाई, के अलावा सफाई कर्मियों के साथ एक वीडियो डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाई। जिसे राष्ट्रीय स्तर पर इसे प्रदर्शित किया जाएगा। उल्लेखनीय हो झारखंड राज्य के 10 सी एच सी को इस कार्य के लिए चयन किया गया है, जिसमें लातेहार जिले का एक मात्र चंदवा सी एच सी शामिल है। उक्त जानकारी यूनिसेफ के पेयजल स्वच्छता सलाहकार तजलीना नजमीन ने दी है।

## 11,000 वोल्ट के तार, जानवर पर गिरा एक बैल की मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के चेताग पंचायत के कोठा ताड टोला में शनिवार को खेत में चर रहे एक बैल पर 11000 वोल्ट का तार टूट कर गिर गया एवं इसकी चपेट में आने से बैल की मौत हो गई। बैल के मालिक तिलक बैठा ने बताया कि खेती-बाड़ी के दिन आ चुका है और इस परिस्थिति में मेरा एक बैल बिजली विभाग की लापरवाही के कारण मर गया है अब मेरे साथ खेती करने की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि यह बल क्या कीमत लगभग 25 हजार है। उन्होंने बिजली विभाग एवं अंचल अधिकारी से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## सरईडिह भव्य शिव मंदिर का मनाया गया तीसरा स्थापना, भंडारा कार्यक्रम में पहुंचे विधायक


मंदिर के सुंदरता का अवलोकन करते विधायक।

**बेतला।** लातेहार जिले में स्थित बेतला नेशनल पार्क के समीप प्रसिद्ध सरईडीह शिवमंदिर का तीसरा स्थापना दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को जल यात्रा, दिनभर पूजा अर्चना, शाम को महा आरती एवं शनिवार को सुबह में विशेष पूजा अर्चना के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में कुमारी कन्याओं को भोजन करा कर आशीर्वाद मंदिर कमेटी के लोगों ने लिया। कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी अमरेश प्रसाद प्रसाद, गुप्ता एवं विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठान से लोगों के मन में धर्म के प्रति भावना बढ़ती है, एवं धर्म के प्रति लोगों को जागरूकता उत्पन्न होती है, ऐसे अनुष्ठान से मन के साथ-साथ क्षेत्र के वातावरण भी शुद्ध होता है। इस आयोजित भंडारे का आसपास के गांव के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। समारोह को सफल करने में पुजारी सुनील पाठक, उचेंद्र पाठक, मुख्य यजमान सतीश चंद्रवंशी, मंदिर के संरक्षक सह समाजसेवी अमरेश गुप्ता, समिति के जोखन प्रसाद, उमेश प्रसाद, प्रकाश सिंह, प्रेमचंद प्रसाद, अभय सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, आशीष कुमार, अंशु गुप्ता, सोनू, बबलू, नवलकिशोर आदि अहम भूमिका निभाई।

## चंदवा: किसानों के बीच 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर धान बीज वितरण की हुई शुरूआत



अन्नपूर्णा बीज भण्डार।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के बुध बाजार स्थित अन्नपूर्णा बीज भंडार प्रांगण में शनिवार से बीज विनिमय एवं वितरण योजना अंतर्गत पहले आओ, पहले पाओ स्कीम के तहत प्रखण्ड के किसानों के बीच 50 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर धान बीज वितरण की शुरूआत हुई। अन्नपूर्णा बीज भंडार के प्रो. अंकित कुमार ने बताया कि धान बीज की खरीददारी में किसानों के आर्थिक बोझ को कम करने के उद्देश्य से झारखंड सरकार के द्वारा उक्त योजना चलाई जा रही है, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर किसानों के बीच धान बीज उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। आगे बताया कि 6444 धान 185 रुपये प्रति किलो, 8433 डीटी 210 रुपये प्रति किलो व 6129 गोल्ड 175 रुपये प्रति किलो की दर सरकार द्वारा किसानों के लिए निर्धारित की गई है। 6444 व 8433 डीटी धान एक नम्बर खेत के लिए एवं 6129 गोल्ड धान 2 व 3 नम्बर की खेत के लिए प्रयुक्त है। किसान उक्त योजना का लाभ उठाकर अन्नपूर्णा बीज भंडार से धान बीज की खरीददारी कर सकते है। इन्होंने उक्त योजना का लाभ लेने के लिए किसानों से आधार कार्ड की प्रति साथ लाने की अपील की है।

### कुजरूम गांव ग्रामीणों के सहमति के आधार पर ही होगा पुनर्वास : उपनिदेशक

## अधूरा रह गया कुजरूम के पुनर्वास का कार्य, राशि वापस करने की प्रक्रिया शुरू

पारस यादव



कार्यालय बारेसांढ़ वन प्रक्षेत्र।

**गारू।** कुजरूम गांव के पुनर्वास को लेकर पलामू व्याघ्र परियोजना के उप निदेशक आशीष कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सर्वसम्मति से वर्ष 2019 में पुनर्वास हेतु सहमति के उपरांत पुनर्वास हेतु आवश्यक राशि की मांग की गई एवं वन भूमि के उपयोग हेतु प्रस्ताव समर्पित किया गया। राशि प्राप्त होने एवं वन भूमि पर पुनर्वास की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद माह फरवरी, 2024 में कुजरूम के ग्रामीणों के साथ लाई-पैलापाथल में पुनर्वास कार्य प्रारंभ किया गया। परन्तु कुछ स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के कारण पुनर्वास संपन्न नहीं हो सका। इसके उपरांत माह अप्रैल 2024 में पोलपोल कला में पुनर्वास कार्य प्रारंभ किया गया। कुजरूम के कुछ ग्रामीण वर्तमान समय में कुछ पुनर्वास हेतु उपस्थित हुए है। भूमि का मालिकाना हक ग्रामीणों को प्राप्त होने के बाद शेष ग्रामीण भी पुनर्वास हेतु उपस्थित होंगे। वहीं उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि कुजरूम के कुछ ग्रामीण पुनर्वास हेतु सहमत नहीं होने की सुचना आ रही है, उन ग्रामीणों को यह आश्वस्त कर दिया गया है कि पुनर्वास का कार्य ग्रामीण की सहमति के उपरांत ही होता है।

### असहमत ग्रामीणों की सूची उपलब्ध कराए ग्राम प्रधान

कुजरूम के ग्राम प्रधान लल्लू उरांव से पुनर्वास हेतु सहमत एवं असहमत ग्रामीणों की सूची मांगी गई है। सूची प्राप्त होने के उपरांत सरकार को अतिरिक्त राशि वापस करते हुए इसकी सूचना अलग से समर्पित की जाएगी।

### पेयजल आदि संरचना पर रोक नही है

वर्तमान में वहां पेयजल की व्यवस्थता, रोजगार का अभाव आदि समस्याऐं जिन्हे विभाग दूर करने की कोशिश कर रहे रहा है। स्पष्ट करना है कि कोर क्षेत्र में होने के कारण कुजरूम में केवल पक्की संरचनाएँ जैसे सड़क निर्माण आदि कार्य पर ही रोक है। शेष कार्य पर कोई रोक नहीं है। वही पूरे मामले पर कुमार आशीष ने बताया की कुछ बिचौलिए, असामाजिक तत्व सरकारी कार्य में अवरोध कर रहे है और ग्रामीणों में भ्रम की स्तिथि पैदा कर रहे है, जिन्हे चिन्हित किया जा रहा है।

## सांसद ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक

# अधूरी योजनाओं को ससमय पुरा करे : बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में गढ़वा जिला अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की। उक्त समीक्षात्मक बैठक में मुख्य बिंदु क्रमशः सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई योजना, भारतमाला परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 (75) एवं 343 का फोरलेन सड़क निर्माण, बाईपास व अन्नराज घाटी में ब्लैक स्पॉट निर्माण कार्य योजना तथा कांडी प्रखंड के श्रीनगर-पंडुका के बीच सोन नदी पर ब्रिज का निर्माण कार्य आदि रही। सर्वप्रथम सांसद ने सोन-कनहर पाइपलाइन सिंचाई योजना के कार्य अब तक पूर्ण नहीं होने का कारण पूछा। उन्होंने कहा कि इस योजना की प्राप्ति वर्ष 2019 में हो चुकी थी एवं 2022 तक पूर्ण करने का अवधि निर्धारित था। उपस्थित कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल ने बताया कि इस योजना से संबंधित 95 प्रतिशत क्षेत्र में कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष अपूर्ण कार्यों के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस सर्टिफिकेट नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि पीएससी की बैठक में आवश्यक निर्देश मिलने के फलस्वरुप फॉरेस्ट क्लीयरेंस हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है जिसे एक माह के अंदर पूर्ण कर लिया जाएगा। सांसद ने इस महत्वपूर्ण योजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया। भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 (75) एवं 343 का फोरलेन सड़क निर्माण की भी समीक्षा की गई। साथ ही अन्नराज घाटी में ब्लैक स्पॉट निर्माण कार्य योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान गढ़वा बाईपास सड़क निर्माण में आ रही समस्या पर भी चर्चा की गई। एनएचएआई के प्रतिनिधि ने बताया कि कब्रिस्तान के ऊपर बनाये जा रहे ब्रिज की हाईट को लेकर कुछ समस्याएं है, जिनके नए डिजाइन के लिए प्रस्ताव एनएचएआई को भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होते ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।


बैठक करते सांसद।

सांसद ने एनएच-75 सेक्सन 5 सड़क के फोरलेन, चैड़ीकरण को लेकर मौके पर उपस्थित जिला भू-अर्जन पदाधिकारी से रैयतों के अधिग्रहित भूमि के विरूद्ध मुआवजा भुगतान के बारे में पूछा। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि योजना के तहत रैयतों के मुआवजा भुगतान के लिए 450 करोड़ रुपए के स्थान पर 422 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं, जिसमें 302 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है एवं शेष 120 करोड़ रुपए के भुगतान की प्रक्रिया जारी है। अगले दो से तीन माह के अंदर भुगतान संबंधी सारी प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। बैठक के दौरान सांसद ने सभी संबंधित पदाधिकारी को गढ़वा जिला अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को साथ समय पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी मतियस विजय टोप्पो, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा एसडीओ, रंका एसडीओ, श्री बंशीधर नगर एसडीओ, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### पुलिस ने किया तीन लुटेरों को गिरफ्तार

**मझिआंव।** प्रखंड के स्वर्ण व्यवसायी राहुल कुमार सोनी से पिस्टल का भय दिखाकर लूटने का प्रयास कर रहे तीन लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जून को रात्री 08 बजे राहुल सोनी बाजार स्थित दुकान बंद कर अपने पिता के साथ लोहरपुरवा स्थित नये मकान पर जा रहा था। इसी दौरान रोहित की रसोई नामक दुकान के समीप दो मोटरसाइकिल पर सवार लुटेरों ने पिस्टल का भय दिखाकर उनके झोले में रखे जेवर व नगदी लूटने का प्रयास किया। जिसका पिता पुत्र द्वारा भरपूर विरोध किया गया और शोर मचाया गया। शोर सुनकर आस पास के लोग दौड़ पड़े। इसी बीच पकड़े जाने के भय से लुटेरे भाग निकले। इस घटना की सूचना लोगों ने तत्काल खजूरी गांव के लोगों एवं मझिआंव थाना को दी। इसके बाद खजूरी गांव में सड़क पर जमे लोगों को देखकर भागने के क्रम में एक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गया, इसी बीच पीछे से आ रही पुलिस की गस्ती वाहन ने उन्हें तत्काल दबोच लिया। जबकि दूसरे मोटरसाइकिल पर सवार लुटेरे भागने में सफल रहे। इस दौरान लूटने का प्रयास करने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना ले जाया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तीनों लुटेरे उड़ीसा राज्य के जाजपुर जिले के हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किये गए लुटेरों में जाजपुर थाना के पूरब कोटे गांव निवासी मारिक दास के पुत्र राजेश दास 25वर्ष, जाजपुर कोरय गांव निवासी सीनू दास के पुत्र दिलीप दास 25 वर्ष एवं जाजपुर कोरय निवासी शंकर माइकल के पुत्र माइकल कन्हैया 27 वर्ष को जेल भेज दिया गया। इस मामले को मझिआंव थाना कांड संख्या 55/24,दिनांक 22/06/2024, धारा 393/398 भादवि के तहत दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इसका अनुसंधान किया जा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### बीडीओ ने किया विकास योजनाओं का औचक निरीक्षण


निरीक्षण करते बीडीओ।

**विसुनपुरा।** अंचलधिकारी संदीप कुमार मधेसिया ने प्रखंड विकास पदाधिकारी का प्रभार ग्रहण करते ही अपना काम शुरू कर दिया। उन्होने प्रखंड मे चल रहे विकाश योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अबुआ आवास में अयोग्य लाभुको को लाभ देने को लेकर बीपीओ डिम्पल गुप्ता, पंचायत सचिव जगदीश राम, रोजगार सेवक राजीव कुमार से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। साथ ही कूप निर्माण योजना की जांच कर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने अबुआ आवास के लाभुक गीता कुमारी पति अखोरी मनिलाल को अयोग्य पाए जाने पर संलिप्त कर्मी से जवाब मांगा। तत्पष्चात बीडीओ ने करकचिया विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां विद्यालय के प्रभारी राजमोहन यादव व सहयोगी शिक्षक रामलाल विद्यालय में अनुपस्थित पाये गये। साथ ही विद्यालय में मध्यान भोजन भी बंद पाया गया। निरीक्षण के दौरान 2018-19 का विद्यालय भवन निर्माण की राशि गबन करने का मामला भी सामने आया है। जिसे लेकर बीडीओ ने शिक्षा विभाग को पत्राचार करने की बात कही है।

### जायंट्स सहेली ने किया खिचड़ी का वितरण

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के तत्वावधान में शहर के चैधराना बाजार स्थित शनि मंदिर के समीप जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान जायंट्स पदाधिकारियों ने कहा कि खिचड़ी भोग प्रसाद का वितरण काफी पुण्य का कार्य है। जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली जरूरत मंदो की सेवा के लिए सदैव तप्पर रहती है। मौके पर सहेली अध्यक्ष रंजना जायसवाल, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष मनोज केशरी, पूर्व यूनिट डायरेक्टर सह जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, फेडरेशन के पूर्व पदाधिकारी सीमा केशरी, सहेली के पूर्व अध्यक्ष माला केशरी, सुनीता केशरी, निवर्तमान अध्यक्ष रितु जायसवाल, संध्या केशरी, बिमला केशरी, रीना केशरी, करुणा केशरी, प्रभु जी केशरी, बिनय गौड़, विजय ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

### जन शिक्षण संस्थान में योग शिविर का आयोजन


सामग्री का वितरण करते अलखनाथ पांडेय।

**गढ़वा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जन शिक्षण संस्थान विकास भारती गढ़वा के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि अलखनाथ पांडेय, वार्ड नंबर 12 के वार्ड पार्षद आलोक रंजन ने दीप जलाकर किया। इस दौरान अलखनाथ पांडेय ने प्रषिक्षार्थियों के बीच ट्रेंनिंग माड्यूल, राइटिंग पैड एवं प्रशिक्षण सामग्री का वितरण किया। श्री पांडेय ने उपस्थित प्रषिक्षार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि केंद्र में पहली ऐसी सरकार है जिसके योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण जन शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम है। आपके प्रशिक्षण के बाद रोजगार एवं स्वरोजगार के कई रास्ते खुलेंगे, जिससे आपका व्यक्तिगत एवं समाज का विकास होगा। संस्थान के प्रभारी निदेशक प्रशांत कुमार मिश्रा ने योग एवं योग से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन पाल ने योग कराकर योग के फायदों को बारीकियों से बताया। मौके पर वार्ड सदस्य आलोक रंजन ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश पाठक ने की। मौके पर चिंता देवी, संगीता कुमारी, रूपेश कुमार, मिथिलेश कुमार, कृष्ण कुमार ठाकुर, बबलू कुमार सिंह सहित काफी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने सड़क पर की धान की रोपाई, सड़क व नाली के निर्माण की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** आखिरकार ग्रामीणों को खेतों में नहीं, बल्कि एक सड़क पर ही धान की रोपाई करने की आवश्यकता पड़ गई। जो सरकार द्वारा पीटे जा रहे ढिंढोरा व विकास के गाल पर तमाचा के जैसा है। यह नजारा जिले के कांडी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कपूर्री चैक के समीप मुख्य सड़क पर देखने को मिला। जहां उक्त बाजार से हो कर गुजरने वाले राहगीरों को अत्यंत नारकीय स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। चुंकि यहां न ही सड़क का निर्माण हुआ और न ही नाली का। नाली का पानी उक्त बाजार स्थित हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार तक जाता है, जहां केवल श्रद्धालुओं व भक्तों को ही जाना चाहिए। नाली का बहता पानी दुर्गन्धपूर्ण होता है, जिससे ऐसी बदबू आती है कि लोग अपना नाक बंद करके आवागमन करते हैं। राज्य की ऐसी सरकार, जिसके कार्यकाल में मन्दिर भी सुरक्षित नजर नहीं आ रहा है।

बता दें कि सरकार द्वारा कांडी बाजार स्थित कपूर्री चैक से लेकर भवनाथपुर स्थित कपूर्री चैक तक की स्वीकृति भी मिल चुकी थी, किन्तु वर्षों बाद भी अब तक सड़क व नाली का निर्माण नहीं हो सका। इसमें सरकार, वरीय पदाधिकारी व संवेदक की घोर लापरवाही दिख रही है। उक्त बाजार स्थित स्थानीय ग्रामीण आक्रोश में हैं। यूं तो नाली का गन्दा पानी हमेशा सड़क पर बहता ही रहता है। वहीं हल्की बारिश होने के बाद तो और भी नारकीय स्थिति हो जाती है। कई बार ग्रामीणों ने मीडिया के माध्यम से सरकार व वरीय पदाधिकारियों से गुहार लगाई। किन्तु किसी भी सरकार के प्रतिनिधि व पदाधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगा। सवाल यह कि कब तक लोग इस सड़क की नारकीय स्थित से मुक्त होंगे। अंततः ग्रामीणों ने आक्रोश में आकर उक्त सड़क पर ही धान की रोपाई कर दी। शनिवार को कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया सह भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद प्रसाद के नेतृत्व में सुनीता देवी, सरोजा देवी, बिमल देवी, सनिचर बीबी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क पर धान की रोपाई कर निक्कमी सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विनोद प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्षों पूर्व कांडी बाजार स्थित कपूर्री चैक से भवनाथपुर स्थित कपूर्री चैक तक सड़क की स्वीकृति मिलने के बावजूद भी सड़क का निर्माण नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि यदि उक्त सड़क का निर्माण नाली के साथ जल्द नहीं होता है तो हजारों लोगों के साथ सड़क पर उतरने व सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोलने को विवश होंगे। इससे भी नहीं हुआ तो मरता क्या नहीं करता के तर्ज पर हजारों की संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस सम्बन्ध में बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि स्थानीय ग्रामीण जनता अपनी शिकायत लिखित रूप से दें। शिकायत मिलने के पश्चात मैं संवेदक व अन्य कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को लिखूंगा। मौके पर कांडी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अनूप राम, सराजूदिन राइन, इशराइल हवारी, रामानुज सिंह, खुर्शीद हवारी, इमामुद्दीन सिद्दीकी, सुनीता देवी, सरोजा देवी, विमल देवी, सनीचर बीबी सहित कई अन्य उपस्थित थे।


धान की रोपाई करते ग्रामीण।

## नवपदस्थापित थाना प्रभारी को भाजपाईयों ने किया सम्मानित


थाना प्रभारी को सम्मानित करते भाजपाई।

**गढ़वा।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने गढ़वा सदर थाना में नवपदस्थापित थाना प्रभारी बृज कुमार को भाजपा नगर मंडल गढ़वा की ओर से पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान भाजपाईयों ने थाना प्रभारी से बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क से चिनियां मोड़ तक पुलिस पेट्रोलिंग कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि चिनिया रोड में कुछ मनचले युवाओं के द्वारा बाइक को तेज गति से चलाया जाता है। जिससे रास्ते में चलने वाले आम लोगो को परेशानी होती है। मौके पर वीरेंद्र सिंह, बंधु राम, विशाल गुप्ता, महेंद्र कश्यप आदि उपस्थित थे।

## मनरेगा योजनाओं में अनियमितता की एसडीओ ने की जांच

▶▶ दोषियों के विरूद्ध स्पष्टीकरण व कार्रवाई का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** नगर उंटारी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत चित्तविश्राम में मनरेगा की योजनाओं से संबंधित प्राप्त शिकायत के आलोक में डीसी शेखर जमुआर ने श्री बंशीधर नगर एसडीओ की अध्यक्षता में टीम गठित कर मामले की जांच कराई। जांच दल ने ग्राम पंचायत चित्तविश्राम में मनरेगा की कुल आठ योजनाओं की जांच की। जिसमें से सात योजनाओं (टीसीबी निर्माण योजना) में अनियमितता पाई गई। उक्त अनियमितता के फलस्वरूप डीसी ने सातो योजनाओं में कार्य से अधिक भुगतान की गई 12 प्रतिशत ब्याज के साथ राशि की वसूली संबंधित ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया, कनीय अभियंता एवं मेट से करने का निर्देश दिया। साथ ही मेट को हटा दिया गया। सभी दोषी कर्मी से स्पष्टीकरण पृच्छा की गई है। स्पष्टीकरण प्राप्त होने के पश्चात दोषी कर्मी के विरूद्ध संविदा समाप्त, विभागीय कार्रवाई एवं मुखिया की वित्तीय शक्ति जब्त करने के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। दैनिक रूप से योजनाओं का समीक्षा, पर्यवेक्षण नहीं किए जाने के कारण बीडीओ, नगर उंटारी एवं प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), नगर उंटारी से मनरेगा की धारा 25 के तहत 1000-1000 रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया है।


जांच करते एसडीओ।

## सीवान जिले में गंडक नहर पर बना 30 फीट लंबा पुल गिरा

**पटना।** बिहार में सीवान जिले के महाराजगंज अनुमंडल के पढ़ेरा और गरौली गांव के बीच शनिवार को गंडक नहर पर बना 30 फीट लंबा पुल भरभराकर गिर गया। पहले पुल का एक पिलर धंसा और फिर पूरा पुल नहर में समा गया। पुल गिरने से आई तेज आवाज से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुल के गिरने का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है।गंडक नहर पर बना यह पुल काफी पुराना था। पिछले वर्ष नहर का निर्माण कराया गया था लेकिन नहर बनाने में लापरवाही बरती गई, जिसके कारण पानी के तेज बहाव से पुल के पिलर से मिट्टी का कटाव होने लगा। इससे पुल का पिलर धंसने लगा और कुछ ही मिनटों में पुल धड़ाम से गिर गया। पुल ध्वस्त होने से आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया।



## मुख्यमंत्री ने किया आम महोत्सव-2024 का उद्घाटन

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र स्थित ज्ञान भवन में दो दिवसीय आम महोत्सव 2024 का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने आम उत्पादकों द्वारा लगायी गयी विभिन्न प्रजाति के आमों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न कृषि उत्पादक समूहों एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को अनुदान राशि का सांकेतिक चेक भी प्रदान किया। कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, कृषि मंत्री मंगल पाण्डे, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।



# बिहार की ईओयू ने केंद्र को सौंपी नीट पेपर लीक मामले की रिपोर्ट

एजेंसी

**पटना।** बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने नीट पेपर लीक मामले में अपनी रिपोर्ट शनिवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को सौंपी दी। इसमें इस मामले में अब तक गिरफ्तार चार परीक्षार्थियों समेत 13 आरोपितों के बयानों की प्रति दी गई है। इसके अलावा पांच मई को पेपर लीक की सूचना के बाद छापेमारी में बरामद एडमिट कार्ड और जले प्रश्न पत्र के अवशेष की प्रति समेत अन्य दस्तावेज दिये जाएंगे। ईओयू के एक अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार को अब तक की जांच के बारे में पूरी जानकारी दी गई है। पटना में छापेमारी से बरामद हुए नीट के जले हुए प्रश्न पत्र की कॉपी से लेकर गिरफ्तार आरोपितों के कबूलनामे तक की पूरी जानकारी केंद्र सरकार को दी गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय इस रिपोर्ट की समीक्षा करके परीक्षा के बारे में फैसला ले सकता है। इसके अलावा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इओयू के एडीजी नयर हसनैन खान को दिल्ली बुलाया है। वे एडीजी और एनटीए के शीर्ष अधिकारी के साथ नीट परीक्षा पर समीक्षा करेंगे, जो 25 जून को हो सकती है। ईओयू ने रिपोर्ट में बताया है कि बीते पांच मई को हुई नीट यूजी की परीक्षा से एक दिन पूर्व ही पेपर लीक हो गया था। ईओयू ने बीते शुक्रवार यानी 21 जून तक जांच के आधार पर रिपोर्ट तैयार की है, जिसे शनिवार को उसने शिक्षा मंत्रालय को सौंपी। ईओयू ने इसमें गिरफ्तार 13 आरोपितों के बयानों की प्रति भी जमा की है, जिनमें नीट अभ्यर्थी शामिल हैं। ये सभी अभी पटना के बेऊर जेल में बंद है। इसके अलावा छापेमारी में बरामद एडमीट कार्ड, जले हुए प्रश्न पत्र के अवशेष की कॉपी समेत अन्य दस्तावेज भी शिक्षा मंत्रालय को सौंपे गए हैं। दूसरी ओर, पेपर लीक मामले की जांच कर रही बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने शनिवार को दावा किया कि उसने एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षा के संदर्भ प्रश्नपत्र प्राप्त कर लिए हैं। साथ ही पिछले महीने तलाशी अभियान के दौरान पटना के एक फ्लैट से बरामद दस्तावेजों से इनका मिलान करने की योजना बनाई है। राज्य पुलिस सूत्रों ने बताया कि ईओयू मामले में गिरफ्तार कुछ आरोपितों के नार्को विश्लेषण और ब्रेन मैपिंग परीक्षण कराने की संभावना भी तलाश रही है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि प्रवर्तन निदेशालय मई में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा-राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (स्नातक) या नीट में कथित अनियमितताओं के मनी लॉन्ड्रिंग पहलू की जांच कर सकता है। आर्थिक अपराध इकाई के सूत्र ने बताया कि ईओयू की एफआईआर के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की संबंधित धाराओं के तहत मामले की जांच कर सकता है।



### अबुआ आवास, मनरेगा, पेंशन को लेकर आमरण अनशन 25 से : चन्दन


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पंचायत समिति सदस्य।

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य सह पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दन कुमार ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आगामी 25 जून दिन मंगलवार से ग्रामीणों के साथ आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है। पंसस चन्दन ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं रहने के कारण योग्य एवं जरूरत मंद लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आवास का जियो टैग करने का काम सरकार द्वारा चुने गए स्वयंसेवक का है लेकिन स्वयंसेवक से कार्य नहीं कराया जा रहा है। अबुआ आवास के प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन सभी पंचायत सचिवालय में दीवार लेखन कर नहीं कराने से उपरोक्त योजना में भ्रटाचार हावी है। जिस कारण गरीब, गृह विहीन, दिव्यांग, आवास विहीन लोगों को अबुआ आवास का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में मनरेगा योजना में पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य के जानकारी के बिना योजना का संचालन हो रहा है। उपरोक्त जनप्रतिनिधियों के जानकारी के बिना योजना का कार्य होने से मनरेगा में भ्रटाचार हावी है। मनरेगा से वर्ष 2018 से अब तक बने पशु शेड, मिट्टी मोरम सड़क, कूप निर्माण योजना का सामग्री मद एवं मेठ, मिस्त्री का पैसा बकाया है। चन्दन कुमार ठाकुर ने बताया कि उपरोक्त मुद्दों को लेकर कई बार अधिकारियों को आवेदन दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए 25 जून से बाध्य होकर ग्रामीणों के साथ आमरण अनशन करने का निर्णय लिया गया है। जिसकी सूचना अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी को लिखित रूप से दे दी गई है। यह अनशन मांगे पूरी होने तक चलते रहेगा। मौके पर अरसली दक्षिणी पंसस सकील अहमद, अरसली दक्षिणी उप मुखिया दयानन्द यादव, वार्ड सदस्य मनोज बैठा, दयानंद प्रजापति, नेपाल साह, प्रदीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### युवा राजद ने सरकार के विरोध में किया धरना प्रदर्शन

**किशनगंज।** आरक्षण रद्द किए जाने व सरकार के विरोध में युवा राजद ने अम्बेडकर टाउन हॉल के समीप शनिवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। युवा राजद जिलाध्यक्ष शम्स इम्तियाज उर्फ सन्नी की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया। राजद जिलाध्यक्ष शम्स इम्तियाज उर्फ सन्नी ने कहा कि राज्य के सभी जिला मुख्यालय में युवा राजद के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने कहा कि आरक्षण को रहने दिया जाए। वहीं एमके रिजवी ने कहा कि लंबी मेहनत के नतीजे के बाद जातीय जनगणना की बात सामने आयी थी लेकिन साजिश इसे फिर से समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। हम इसका विरोध करते हैं। किशनगंज सहित सभी जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है। दानिश इकबाल ने कहा कि भाजपा की नीतियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया है। युवा नगर अध्यक्ष मो. अकबर ने कहा कि जिसकी जितनी आबादी है उसके हिसाब से आरक्षण मिलनी चाहिए। धरना में युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एमके रिजवी उर्फ नन्हा मुश्ताक, युवा नगर अध्यक्ष रेहान अहमद मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### नीट मामला: केंद्र एक्शन में

**एनटीए की भूमिका की भी होगी जांच :** शिक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, उच्च स्तरीय पैनल एंड-टू-एंड परीक्षा प्रक्रिया का विश्लेषण करेगा और परीक्षा प्रणाली में क्या-क्या सुधार किया जा सकता है इसका उपाय बतायेगी। इसके साथ ही पैनल एनटीए की मौजूदा डेटा सुरक्षा प्रक्रिया और प्रोटोकॉल का मूल्यांकन करेगा और इसके सुधार को लेकर सिफारिश करेगा। यह समीति एनटीए के हर स्तर के पदाधिकारियों की भूमिका और उनकी जिम्मेदारी की जांच भी करेगा। 20 जून के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उच्च स्तरीय समिति बनाये जाने की बात कही थी। साथ ही उन्होंने एनटीए के अधिकारियों सहित दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाने की भी बात कही थी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा था कि हमें अपनी व्यवस्था पर भरोसा रखना चाहिए और सरकार किसी भी प्रकार की अनियमितता या कदाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी।

**क्या है मामला :** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 पांच मई को 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गयी थी। एनटीए के इतिहास में अभूतपूर्व रूप से 67 छात्रों ने पूरे 720 अंक प्राप्त किए थे जिसमें हरियाणा के फरीदाबाद के एक केंद्र से छह अभ्यर्थियों के नाम भी शामिल हैं। इससे अनियमितताओं का संदेह पैदा हो गया। छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया। बाद में मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया। कोर्ट ने छह जुलाई से शुरू होने वाली नीट-यूजी काउंसलिंग प्रक्रिया को स्थगित करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और कहा कि यह ऐसी प्रक्रिया नहीं है, जिसे जब चाहे शुरू एवं जब चाहे बंद कर दिया जाये।

### प्लेटफॉर्म टिकट जीएसटी के दायरे से बाहर : वित्त मंत्री

**केंद्र की मंशा पेट्रोल और डीजल दायरे में लायें :**

वहीं पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के तहत लाने के सवाल पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि फिलहाल पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने का इरादा है। पर यह यह राज्यों पर निर्भर है कि वे एक साथ आयें और पेट्रोल और डीजल को जीएसटी में शामिल करें। केंद्र सरकार की मंशा स्पष्ट है कि हम चाहते हैं कि जीएसटी में पेट्रोल और डीजल को शामिल किया जाये।

**छात्रावास सेवाओं में 20 हजार तक की छूट**

उन्होंने कहा कि इसके अलावा परिषद ने शैक्षणिक संस्थानों के बाहर छात्रावास सेवाओं के लिए 20,000 रुपये प्रति व्यक्ति प्रति माह तक छूट दी है। उन्होंने कहा कि यह छूट छात्रों या कामकाजी वर्ग के लिए है और कम से कम 90 दिनों तक रहने पर इसका लाभ उठाया जा सकता है।

स्पीड न्यूज

## द. चीन में भूस्खलन से 47 लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित गुआंग्डोंग प्रांत में भारी बारिश के कारण आई भीषण बाढ़ व भूस्खलन में कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई है। चीन की सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह खबर दी। सीसीटीवी ने शुक्रवार दोपहर में कहा कि मीझोउ शहर में 38 अन्य लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इसने कहा कि इसी शहर में इसके पहले नौ अन्य लोगों की मौत हुई थी। इसी शहर में इसके पहले नौ अन्य लोगों की मौत हुई थी। इसी हफ्ते की शुरूआत में, मेझाऊ शहर से 10,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला गया था।

## राफा में राहत शिविर पर हमला, 22 मरे

**जेनेवा।** राफा शहर के उत्तरी हिस्से में फिलिस्तीनी विस्थापितों के बीच राहत कार्यों में जुटे रेडक्रॉस का कार्यालय भी शुक्रवार को एक हमले में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। विस्थापितों से घिरे इस इलाके में दागे गए गोले में 22 लोगों की मौत हो गई है। इस दौरान घायल 45 लोगों को रेडक्रॉस फील्ड अस्पताल ले जाया गया। रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति के मुताबिक 21 जून को एक हमले में 22 लोग मारे गए। हमले में रेडक्रॉस का गाजा स्थित कार्यालय क्षतिग्रस्त हो गया। रेडक्रॉस का यह कार्यालय तंबुओं में रह रहे सैकड़ों विस्थापित लोगों से घिरा हुआ है।

## बांग्लादेश के पूर्व पीएम अस्पताल में हुयीं भर्ती



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया के अचानक बीमार पड़ने के बाद शनिवार तड़के उन्हें राजधानी के एवरकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया। खालिदा के निजी चिकित्सक प्रोफेसर एजेडएम हुसैन के मुताबिक, शनिवार तड़के तीन बजे उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती कराया गया है।
79 वर्षीय खालिदा जिया लंबे समय से विभिन्न गंभीर बीमारियों से जूझ रही हैं, जिनमें लिवर सिरोसिस, गठिया, मधुमेह और किडनी, फेफड़े और हृदय से संबंधित समस्याएं शामिल हैं।

## इटली में जहाज क्रैश 34 प्रवासियों की मौत

**रोम।** इटली के दक्षिणी तट के पास आयोनियन सागर में 14 प्रवासियों के शव बरामद किए जाने के साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। इस सप्ताह के शुरूआत में शरणार्थी को ले जा रही नाव दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। इतालवी समाचार मीडिया ने शनिवार को तटीय रक्षक सेवाओं का हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले इतालवी मीडिया आउटलेट्स ने बताया था कि दुर्घटना में कम से कम 20 लोगों की मौत की पुष्टि की गई थी, जिनमें से आठ नाबालिग थे। शरणार्थियों से भरी एक नौका इटली के कैलाब्रिया क्षेत्र के तट से 120 मील दूर मंगलवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## दाऊद के गुर्गे की हार्ट अटैक से मौत

**मुंबई।** गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के गुर्गे आरिफ शेख की मुंबई के आर्थर रोड जेल में हार्ट अटैक से मौत हो गई है। सूत्रों के अनुसार आरिफ शेख को शुक्रवार को शाम को अचानक सीने में दर्द होने लगा। इसके बाद जेल कर्मियों ने आरिफ को तत्काल जेजे अस्पताल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान आरिफ की मौत हो गई। आरिफ को मई 2022 को एनआईए ने दाऊद इब्राहिम से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में गिरफ्तार किया था। आरिफ को तब से आर्थर रोड जेल में रखा गया था।

# गंगा जल संधि की होगी समीक्षा

## भारत और बांग्लादेश के बीच 10 समझौते, बांग्लादेशी को मिलेगा ई-मेडिकल वीजा

एजेंसी

- राजशाही-कोलकाता के बीच नयी ट्रेन, चटगांव -कोलकाता के बीच चलेगी बस
- भारतीय ग्रिड से नेपाल से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली का होगा निर्यात



**नयी दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में 10 करार हुए और कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। भारत बांग्लादेश के नागरिकों को इलाज के लिए ई-वीजा की सुविधा प्रदान करेगा। गंगा जल संधि के नवीनीकरण पर चर्चा के लिए संयुक्त तकनीकी समिति भी बनाई गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के बीच शनिवार को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इस वार्ता में विकास, साझेदारी, ऊर्जा, जल संसाधन, व्यापार, रक्षा सहयोग और द्विपक्षीय सहयोग के कई क्षेत्रों पर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार आज दोनों देशों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए 13 घोषणाएं की गई हैं। राजशाही और कोलकाता के बीच नई ट्रेन तथा चटगांव और कोलकाता के बीच नई बस सेवा की शुरूआत की जाएगी। बांग्लादेश इंडो-पैसिफिक महासागर पहल में शामिल हो गया है। यूपीआई के लॉन्च के लिए एनपीसीआई और बांग्लादेश बैंक के बीच वाणिज्यिक समझौता होगा। घोषणाओं में बांग्लादेश के रंगपुर में भारत का नया सहायक उच्चायोग स्थापित किया जाना, गेडे-दर्शना और हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी के बीच दलगांव तक मालगाड़ी सेवाओं की शुरूआत, अनुदान सहायता के तहत सिराजगंज में अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) का निर्माण और भारतीय ग्रिड के माध्यम से नेपाल से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली का निर्यात शुरू करना शामिल है। इसके अलाावा बांग्लादेश के अंदर तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन पर परियोजना के लिए तकनीकी प्रतिनिधिमंडल का बांग्लादेश दौरा होगा। बांग्लादेशी पुलिस अधिकारियों के लिए 350 प्रशिक्षण स्लॉट होंगे। चिकित्सा रोगियों के लिए मुक्तिजोद्धा योजना (प्रति रोगी 8 लाख की ऊपरी सीमा) होगी। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता के बाद पत्रकार वार्ता में विदेश मंत्रालय के सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बताया कि दोनों नेता भविष्य में बेहतर कनेक्टिविटी, वाणिज्य और साझा संभावनाओं से जुड़े सहयोग के लिए भारत-बांग्लादेश साझा दृष्टिकोण पर संयुक्त रूप से सहमत हुए हैं। यह विजन दस्तावेज हमारे संबंधित राष्ट्रीय विकास दृष्टिकोण विकसित भारत 2047 और स्मार्ट बांग्लादेश के 2041 के दृष्टिकोण को साकार करना चाहता है। उन्होंने बताया कि भारत एशिया में बांग्लादेशी उत्पादों के लिए सबसे बड़ा बाजार है। उम्मीद है कि सीईपीए वार्ता जल्द शुरू होगी और नए सीमा हाट भी खुलेंगे। मत्स्य पालन और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज दो अलग-अलग समझौता ज्ञापन हुए हैं। दोनों देशों के बीच कुल 10 समझौते हुए हैं। दोनों नेता आतंकवाद के खात्मे, कट्टरवाद-विरोधी और लंबी भूमि सीमा के शांतिपूर्ण प्रबंधन पर बातचीत तेज करने पर भी सहमत हुए हैं। क्वात्रा ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के सामने साझा नदियाँ और उनका उपयुक्त प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। 1996 की गंगा जल बंटवारा संधि के नवीनीकरण के लिए चर्चा शुरू करने के लिए एक संयुक्त तकनीकी समिति का गठन किया गया है। इस पर जल्द ही तकनीकी चर्चा शुरू होगी। हम उपयुक्त भारतीय सहायता से बांग्लादेश के अंदर तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन का कार्य भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में ई-मेडिकल वीजा की बात कही थी। इस पर विदेश सचिव ने कहा कि हम जल्द ही बांग्लादेश से भारत के लिए मेडिकल वीजा को ई-मेडिकल वीजा श्रेणी में डाल देंगे, जिससे बहुत बांग्लादेशी मरीजों को फायदा होगा।

उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी पर समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। इससे भारत के प्रक्षेपण यान पर बांग्लादेश के लिए संयुक्त रूप से विकसित छोटे उपग्रह के प्रक्षेपण में सहयोग स्थापित होगा। दोनों नेताओं के बीच रक्षा सहयोग पर चर्चा भी हुई और उन्होंने बांग्लादेश के सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और दोनों देशों के बीच रक्षा-औद्योगिक सहयोग के लिए द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और समर्थन योजनाओं को बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। वहीं भारतीय वित्तीय सहायता से बांग्लादेश के रास्ते बिहार और असम के बीच 765 किलोवाट उच्च क्षमता इंटरकनेक्शन के निर्माण में तेजी लाने के लिए एक समझौता किया गया है।

**रोहिंग्या का प्रभाव कुछ भारत पर पड़ता है : विदेश सचिव**

रोहिंग्या मुद्दे पर विदेश सचिव ने कहा कि बांग्लादेश के सामने इस चुनौती के कई पहलू हैं। इसका कुछ प्रभाव भारत पर भी पड़ता है। उन चुनौतियों पर चर्चा होती रहती है। भारत ने बांग्लादेश को सहायता की पेशकश की है। म्यांमार से इन चिंताओं को वास्तव में कैसे उठाया जाना चाहिए, यह भी भारत और बांग्लादेश के बीच चर्चा में आता है।

## यूपी में 16 आइपीएस अधिकारी बदले गये

**लखनऊ।** सरकार ने लखनऊ और प्रयागराज के पुलिस कमिश्नरों समेत आइपीएस के 16 वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि लखनऊ के पुलिस कमिश्नर एसपी शिराडकर को एडीजी लखनऊ जोन के पद पर स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने एडीजी लखनऊ जोन अमरेंद्र कुमार सेंगर का स्थान लिया है। प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा को एडीजी बरेली जोन के पद पर स्थानांतरित किया गया है। लखनऊ रेंज के आईजी तरुण गाबा को प्रयागराज का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। बरेली जोन के एडीजी प्रेम चंद्र मीना को पुलिस आवास निगम का अध्यक्ष एवं सीएमडी बनाया गया है। एडीजी विनोद कुमार सिंह को एडीजी साइबर क्राइम बनाया गया है। पुलिस आवास निगम के सीएमडी प्रकाश डी को एडीजी रेलवे के पद पर स्थानांतरित किया गया है। जय नारायण सिंह को एडीजी पीटीसी सीतापुर के पद पर भेजा गया है। एडीजी एसएसएफ एलवी एंटनी देव को सीबी-सीआईडी में स्थानांतरित किया गया है। एडीजी सीबी-सीआईडी के सत्यनारायण को उसी पद पर यातायात एवं सड़क सुरक्षा में स्थानांतरित किया गया है। एडीजी यातायात बीडी पॉलसन को स्थानांतरित किया गया है।

# डिमांड नोटिस पर ब्याज व जुर्माना होगा माफ

## जीएसटी काउंसिल ने व्यापारियों, एमएसएमइ व करदाताओं दी राहत




**अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए 20 लाख, हाई कोर्ट के लिए एक करोड़ व सुप्रीम कोर्ट के लिए दो करोड़ मौद्रिक सीमा की सिफारिश**

**नयी दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को राहत देते हुये शनिवार को धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामलों सहित जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिस के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुयी जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में ये सिफारिश किये गये। बैठक के बाद सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा कि आज 53वीं जीएसटी परिषद की बैठक में व्यापार सुविधा, अनुपालन बोझ को कम करने और अनुपालन में आसानी के मामले में करदाताओं को राहत देने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। इससे व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को लाभ होगा। जीएसटी परिषद ने धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामलों सहित जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिस के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है। उन सभी नोटिसों के लिए जो वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए धारा 73 के तहत जारी किए गए थे, परिषद ने उन डिमांड नोटिस पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है लेकिन इसके लिए 31 मार्च 2025 तक भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 17-18, 18-19, 19-20 और 20-21 के लिए 30-11-2021 तक दायर सीजीएसटी अधिनियम की धारा 16(4) के तहत किसी भी चालान या डेबिट नोट के संबंध में इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने की समय सीमा 2011 से 2021 मानी जा सकती है। इसलिए 1 जुलाई 2017 से पूर्ववर्ती रूप से समान आवश्यक संशोधन के लिए, परिषद ने एक सिफारिश की है।

सीतारमण ने कहा कि सरकारी मुकदमेबाजी को कम करने के लिए परिषद ने विभाग द्वारा अपील दायर करने के लिए जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए 20 लाख रुपये, उच्च न्यायालय के लिए 1 करोड़ रुपये और सर्वोच्च न्यायालय के लिए 2 करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा की सिफारिश की है। परिषद ने यह भी सिफारिश की है कि अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करने के लिए पूर्व-जमा की अधिकतम राशि 25 करोड़ रुपये सीजीएसटी और 25 करोड़ एसजीएसटी से घटाकर 20 करोड़ रुपये सीजीएसटी और 20 एसजीएसटी कर दी जाएगी और यह अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करने के लिए पूर्व-जमा की अधिकतम राशि है। परिषद ने यह भी निर्णय लिया है और सिफारिश की है कि सीजीएसटी अधिनियम के प्रावधानों में संशोधन करके यह प्रावधान किया जाए कि जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील दायर करने की तीन महीने की अवधि उस दिन से शुरू होगी जिसे सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाएगा। इसलिए न्यायाधिकरण के अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण कर लिया है और करदाताओं द्वारा अपील की गई कर फाइलिंग की उक्त अवधि 5 अगस्त 2024 को समाप्त हो जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि छोटे करदाताओं की मदद के लिए परिषद ने जीएसटीआर 4 फॉर्म में विवरण और रिटर्न प्रस्तुत करने की समय सीमा 30 अप्रैल से बढ़ाकर 30 जून करने का निर्णय लिया है। यह वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए रिटर्न के लिए लागू होगा।

# पेपर लीक करने पर 10 साल की सजा, एक करोड़ जुर्माना

एजेंसी

**कदाचार साबित होने पर न्यूनतम तीन साल और अधिकतम पांच साल की कैद और 10 लाख रुपये तक जुर्माने के प्रावधान**

**नयी दिल्ली।** नीट, नेट और दूसरी परीक्षाओं में गड़बड़ी और कदाचार के आरोपों के बीच केंद्र सरकार ने प्रतियोगिता परीक्षाओं में कदाचार रोकने वाले कानून को लागू कर दिया है। यदि अपराधी सेवा प्रदाता है - मसलन परीक्षा केंद्र उपलब्ध कराने, ओएमआर शीट की प्रिंटिगं आदि करने वाले - तो उनसे परीक्षा का पूरा खर्च वसूलने के साथ एक करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। यदि अपराधी सेवा प्रदाता है - मसलन परीक्षा केंद्र उपलब्ध कराने, ओएमआर शीट की प्रिंटिगं आदि करने वाले - तो उनसे परीक्षा का पूरा खर्च वसूलने के साथ एक करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। और दस साल तक हो सकती सजा।

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय की शुक्रवार रात जारी अधिसूचना में कहा गया है कि लोक परीक्षा अधिनियम, 2024 को 21 जून से लागू कर दिया गया है। विधेयक इस साल 6 फरवरी को लोकसभा और 9 फरवरी को राज्यसभा में पारित हुआ था। इस कानून के दायरे में केंद्रीय एजेंसियों संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, आईबीपीएस और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित परीक्षाओं के अलावा केंद्र सरकार के किसी भी मंत्रालय या विभाग, और उनके अधीनस्थ या संबद्ध कार्यालयों द्वारा कर्मचारियों की भर्ती के लिए आयोजित परीक्षाएं शामिल हैं। कानून के तहत पेपर लीक, उत्तर पत्र या ओएमआर शीट के साथ छेड़छाड़, परीक्षा के दौरान कदाचार या चीटिंग कराने, कंप्यूटर सिस्टम के साथ छेड़छाड़, परीक्षा से जुड़े अधिकारियों को धमकी देने के साथ उम्मीदवारों को ठगने के लिए फर्जी वेबसाइट बनाने आदि के लिए सजा का प्रावधान है। कानून के तहत कदाचार साबित होने पर कम से कम तीन साल और अधिक से अधिक पांच साल की कैद और 10 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। जुर्माना न देने पर सजा बढ़ाई भी जा सकती है।



**मक्का से 378 हाजियों का पहला जत्था दिल्ली पहुंचा**

**नयी दिल्ली। सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का में हज की अदायएगी के बाद वापसी का सिलसिला शुरू हो गया है। शनिवार को सऊदी एयरलाइंस की पहली उड़ान से 378 हाजी 40 दिनों की यात्रा की खट्टी-मीठी यादें अपने दिलो में सहेज कर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे। हाजियों का स्वागत हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने फूल मालाओं से किया।**

# आइजीआइ एयरपोर्ट पर फास्ट ट्रैक शुरू

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (आइजीआइ)के टर्मिनल-3 पर अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं के लिए विशेष सुविधा फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन - ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम का उद्घाटन किया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन - ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम केन्द्र सरकार की एक दूरदर्शी पहल है जिसे भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों के लिए सोच समझकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से दूसरे देशों से आने वाले भारतीय नागरिकों एवं ओसीआई यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की शुरूआत विकसित भारत के लिए तय किए गए प्रमुख कार्यबिंदुओं में से एक है और यह पहल सभी के लिए यात्रा सुविधा और दक्षता बढ़ाने की सरकार की कटिबद्धता को दर्शाती है। श्री शाह ने कहा कि ये सुविधा सभी यात्रियों के लिए निःशुल्क उपलब्ध होगी। इसे अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए तेज, सुगम और सुरक्षित आव्रजन मंजूरी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह ई- गेट पर चलेगा और इससे आव्रजन मंजूरी की प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप को कम से कम होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में, भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों को कवर किया जाएगा और दूसरे चरण में विदेशी यात्रियों को कवर किया जाएगा।


**Er. Partha Pal**



B.Tech (Civil), Chartered Engineer AM184847-2
LICENSE: MADA/ENG/0002/2019 DMC/ENG/0021/2016
Address : LIG-283, Housing Colony, Dhanbad - 826001 (Jharkhand)
mobile no: 98351 29422
e-mail: palpartha078@gmail.com
Work for Building Plan Estimate Valuation Residential (Vastu Kala) & Commercial Bldg. Lay Out • Structural Design Lay Out (3D view) Dealings in 'Land Property'
Licence engineer in DMC, CHIRKUNDA NAGAR PANCHAYAT AND CHAS NAGAR NIGAM
हमारे यहां भवन के नक्शा से जुड़े सभी प्रकार के कार्य किए जाते है।


# सोनाक्षी ने हाथों पर रचाई जहीर के नाम की मेहंदी

## बॉयफ्रेंड के साथ आज लेंगी सात फेरे

एजेंसी



**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा रविवार को अपने बॉयफ्रेंड और अभिनेता जहीर इकबाल से शादी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनकी शादी से पहले की कुछ रस्में शुरू हो चुकी हैं। साथ ही अभिनेता ने अपने मुंबई स्थित बंगले रामायण को भी सजा दिया है। उनके घर के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इस बीच सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की मेहंदी सेरेमनी आयोजित की गई। उनकी मेहंदी सेरेमनी की कुछ तस्वीरें चर्चा में हैं। मेहंदी सेरेमनी के लिए जहां सोनाक्षी ने लाल प्रिंटेड ड्रेस चुनी, वहीं जहीर ने फूल प्रिंटेड लाल और सफेद कुर्ता पहना। इन सभी की अपने करीबी लोगों के साथ एक फोटो वायरल हो रही है। जहीर के एक फैमिली मेंबर ने ये फोटो शेयर की है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी के लिए दोनों परिवार काफी उत्साहित हैं। गुरुवार शाम को सोनाक्षी और जहीर के परिवार एक-दूसरे से मिले। शत्रुघ्न सिन्हा ने सोनाक्षी की शादी से पहले पहली बार दामाद जहीर इकबाल के साथ पोज दिया। शत्रुघ्न और जहीर दोनों पैपराजी के सामने गले मिले।

इस वक्त शत्रुघ्न सिन्हा काफी खुश नजर आ रहे थे। सोनाक्षी और जहीर की शादी का ब्रोशर अफवाहें सच हैं कंटेंट के साथ डिजाइन किया गया है। इस शादी में सभी मेहमानों को फेस्टिव और फॉर्मल ड्रेस कोड में शादी में आने के लिए कहा गया है। इन दोनों की शादी का समारोह मुंबई के बास्टियन में रात 8 बजे से शुरू होगा। बताया जा रहा है कि दोनों की शादी में कुछ बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के साथ-साथ हीरामंडी वेब सीरीज की पूरी टीम भी शामिल होगी। शत्रुघ्न सिन्हा ने गुरुवार को बेटी की शादी से नाराजगी की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी।

उन्होंने कहा कि मैं अपने राजनीतिक काम के कारण दिल्ली में था लेकिन अब मैं मुंबई में हूं। इससे पता चलता है कि मैं न केवल उसका स्तंभ हूं बल्कि उसका कवच हूं। सोनाक्षी और जहीर एक साथ रहना चाहते हैं और वे साथ में बहुत अच्छे लगते हैं।


**वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची**

VERMA PRESS

**Verma's® Today®**

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran–II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran–II | ₹ 120 |
| English Grammar–II | ₹ 120 | English Grammar–II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !